जबलपुर रविवार 04 अक्टूबर 2026 > भाद्रपद शुक्ल पक्ष, अष्टमी/नवमी
वर्ष 32 अंक 97 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com



# स्वतंत्र मत

अब हर रोज दर्पण ▸▸ 3

**मौसम**
अधिकतम तापमान 34.7°C
न्यूनतम तापमान 21.5 °C
सूर्योदय - 6.03 | सूर्यास्त - 5.55

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।


मुख्यमंत्री का मंडला आगमन आज.. ▸▸ 4

नई नवेली की रिलीज से पहले पटना ... ▸▸ 7

तीन पंचायत चुनाव में दो महिला व ... ▸▸ 8

### 'सत्याग्रह' प्लेटफॉर्म लॉन्च कर बोले राहुल गांधी

# सीधे मुझ तक बात पहुंचाइए, दिल्ली आने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली

देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग मुद्दों को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शनों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'सत्याग्रह' डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में चल रहे मुद्दों से जुड़े आंदोलनों को एक साथ लाने की कोशिश की जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि बतौर नेता प्रतिपक्ष यह उनकी जिम्मेदारी है कि जहां भी सच को दबाया जा रहा है, वहां लोगों की मदद की जाए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि कहीं छात्र पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, कहीं किसान अपनी जमीन के लिए लड़ रहे हैं। वहीं, कहीं आशा कार्यकर्ता महीनों से मानदेय की मांग कर रही हैं और कहीं आदिवासी अपने जंगल बचाने के लिए खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हर आंदोलन अपनी अलग लड़ाई लड़ रहा है, इसलिए हर आंदोलन को लगता है कि वह अकेला है। उन्होंने कहा कि




'सत्याग्रह' के जरिए लोग जहां भी अपना आंदोलन चला रहे हैं, उसकी बात सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं। इसके लिए दिल्ली आने की जरूरत नहीं होगी और इसमें सिर्फ दो मिनट लगेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आंदोलन नक्शे पर दिखाई देगा और लोग यह भी देख पाएंगे कि देश में और कौन लोग उसी तरह की लड़ाई लड़ रहे हैं। महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बापू ने सिखाया था कि सच सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि सच के साथ मिलकर खड़ा होना उससे भी बड़ा हथियार है। राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि अगर वे भी किसी अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं तो अपनी कहानी साझा करें। उन्होंने कहा कि इसे साझा करने में सिर्फ दो मिनट लगेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि लोगों की ओर से साझा किए गए मुद्दों पर वह अपनी ओर से हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, मैं जो कर सकता हूं, करूंगा- संसद में, सड़क पर, खत लिखकर, जहां भी मेरी जरूरत हो वहां आपके साथ खड़े होकर। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष के रूप में लोगों के साथ खड़ा होना उनकी जिम्मेदारी है।

#### हर संघर्ष की अपनी कहानी

राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले लड़ रहे हैं। उन्होंने जेन जी, छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हर संघर्ष की अपनी कहानी है, लेकिन अकेली आवाज को दबाना आसान होता है। उन्होंने कहा कि 'सत्याग्रह' का मकसद इन सभी आवाजों को एक नक्शे पर एक साथ लाना है। राहुल गांधी ने कहा कि यह पहल जमीन, महिलाओं के अधिकार, दलितों के अधिकार, ओबीसी के अधिकार, शिक्षा और परीक्षाओं जैसे मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलनों को जोड़ने के लिए है।




**आइची नागोया।** एशियन गेम्स के आखिरी दौर में भारत के लिए तीन अक्टूबर का दिन बेहद अहम रहा। क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच भारत ने जीत लिया है। हॉकी में मलेशिया को भी हराकर भारत ने स्वर्ण अपने नाम किया और कुश्ती में भी कई पदक आए। अब भारत के पदकों की संख्या 85 हो गई है। भारत ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य जीते हैं। भारत फिलहाल पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। (पेज 10 भी देखें)

**पदक तालिका**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 168 | 89 | 83 | 340 |
| 2 | जापान | 83 | 93 | 90 | 266 |
| 3 | द. कोरिया | 38 | 43 | 68 | 149 |
| 4 | भारत | 21 | 27 | 37 | 85 |
| 5 | उज्बेकिस्तान | 21 | 25 | 24 | 7 |

### फार्मा कंपनी में बॉयलर फटा, 5 की मौत

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री सिटी की एक फार्मा कंपनी में बॉयलर फट गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग का हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सत्यवेडु मंडल में हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और इमरजेंसी सर्विस टीमें मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।

### जंतर-मंतर पर दूसरे दिन लेफ्ट का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर के पास शनिवार को लेफ्ट संगठनों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग की। करीब 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प भी हुई। इससे पहले शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के दौरान 1,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था।

### तीन बड़े नेता कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आम आदमी पार्टी की पूर्व मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियंका कक्कड़, उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक श्याम सुंदर शर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार रजत राकेश टंडन शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के प्रभारी डॉ. नासीर हुसैन, कार्य समिति के सदस्य राजीव शुक्ला, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शनिवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इन नेताओं को सदस्यता दिलायी।

### टीएमसी की दो प्रमुख संसदीय समितियों की अध्यक्षता छिनी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कई संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन किया है जिसमें ममता तृणमूल कांग्रेस (एमटीएमसी) से दो प्रमुख संसदीय समितियों की अध्यक्षता छिन गयी है। वाणिज्य संबंधी संसदीय समिति में एमटीएमसी की डोला सेन की जगह भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एमटीएमसी के कीर्ति आजाद की जगह बागी धड़े की नेता काकोली घोष दस्तीदार को रसायन एवं उर्वरक संबंधी समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है।

# 'लोकसभा-विधानसभाएं भंग करो'

## खड़गे बोले- गैरकानूनी तरीके से पद पर हैं मोदी-शाह

बेंगलूरू

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं को भंग करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए सभी चुनाव गैर-कानूनी हैं और इसी आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्री भी गैर-कानूनी हैं। खड़गे ने मांग की कि सभी सदनों को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं और इन चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल हो। पत्रकारों से बातचीत में खड़गे ने कहा, आज पूरा देश गैर-कानूनी चुनावों के आधार पर चल रहा है। मोदी एक गैर-कानूनी प्रधानमंत्री हैं, शाह एक गैर-कानूनी मंत्री हैं और जहां भी मुख्यमंत्री चुने गए हैं, वे सभी गैर-कानूनी हैं। इन सभी को भंग कर दिया जाना चाहिए, नए चुनाव होने चाहिए और चुनाव



बैलेट पेपर के जरिए कराए जाने चाहिए। वहीं, अपने भाषण में खड़गे ने ईवीएम के कथित गलत इस्तेमाल का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनके अपने लोग भी बात कर रहे हैं। कर्नाटक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के कई राज्यों में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हैं और सरकार की ओर से कई गलतियां की जा रही हैं। इसका सीधा असर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर पड़ रहा है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष एसआईआर और चुनावी प्रक्रिया के कथित गलत इस्तेमाल के खिलाफ पूरे देश में अपना आंदोलन जारी रखेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन की 30 सितंबर को हुई बैठक में 20 राजनीतिक दलों के सदस्य और उनके कानूनी सेल के प्रतिनिधि इस बात पर सहमत थे कि एसआईआर देश के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। उन्होंने दावा किया कि इसका सबसे ज्यादा असर गरीबों, कम पढ़े-लिखे लोगों, मजदूरों और खास तौर पर अल्पसंख्यकों पर पड़ रहा है। खड़गे ने सवाल उठाया कि अगर किसी एक बूथ की वोटर लिस्ट से 500 वोट हटा दिए जाएं तो इसे निष्पक्ष चुनाव कैसे कहा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ वोटरों के नाम हटाने की कोशिश हो रही है, वहीं दूसरी तरफ अब नाम जोड़ने की कोशिशें भी चल रही हैं। खड़गे का आरोप है कि कई लोग, खासकर बीजेपी और आरएसएस से जुड़े लोग, वार्डों, पंचायतों और गांवों में जाकर उन लोगों के फॉर्म भरवा रहे हैं जिनके वोट हटाए जाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे पूरी तरह गलत बताया।

#### नए कानून पर बोला हमला

नए कानून पर हमला करते हुए खड़गे ने कहा कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त कोई गलती करते हैं तो उनके खिलाफ जांच का रास्ता भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम बताया। कानूनी रास्ते को लेकर पूछे गए सवाल पर खड़गे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कानूनी तौर पर वे क्या कर सकते हैं, जब उनके मुताबिक कानून सरकार के साथ है और न्यायपालिका भी सरकार के प्रभाव में है। खड़गे ने आगे आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग सरकार के हाथों में हैं और मशीनें भी उनके निर्देश पर चल रही हैं।

#### लोकतंत्र को लेकर दी चेतावनी

खड़गे ने कहा कि अब देश को तय करना होगा कि लोकतंत्र को बचाना है या खत्म होने देना है। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी और सभी दलों से आंदोलन शुरू करने को कहा गया है। उनके मुताबिक दिल्ली में आंदोलन शुरू हो चुका है और 6 अक्टूबर को विपक्ष के सांसद चुनाव आयोग तक मार्च करेंगे। खड़गे ने कहा कि विपक्ष लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार आंदोलन करता रहेगा। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर को बड़ा प्रदर्शन होगा और इसके बाद हर तीन-चार दिन में आंदोलन किए जाएंगे। उनके मुताबिक अलग-अलग राज्यों में भी इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं।




# युवक ने परिवार पर बरपाया कहर, चार सदस्यों की मौत

### मां-नाना-नानी और मासूम बहन को उतारा मौत के घाट

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के ग्राम अमोदा बिजौरा में शनिवार को सनी धाम के समीप एक युवक ने लाठी-डंडों से हमला कर अपनी मां, नाना-नानी और परिवार के अन्य सदस्यों को निशाना बनाया। घटना में चार लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम मरदरी, थाना नौरोजाबाद निवासी प्रेम सिंह करीब एक सप्ताह पहले अपनी मां अनुपिया बाई के साथ ग्राम अमोदा बिजौरा स्थित अपने नाना-नानी के घर आया था। किसी बात को लेकर उसका सनी धाम के पंडा गंगा सिंह से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर प्रेम सिंह ने कथित तौर पर गंगा सिंह के साथ मारपीट की। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी युवक को उसके नाना-नानी के घर ले जाकर रस्सी से बांध दिया। बताया जा रहा है कि बेटे को बंधा देखकर उसकी मां ने उसे रस्सी से खोल दिया। इसके बाद युवक ने कथित तौर पर अपनी ही मां पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। फिर उसने अपने नाना संपत और नानी भन्नी को भी निशाना बनाया। हमले में तीनों की मौत हो गई है। इसके बाद आरोपी ने करीब पांच साल की बहन मोनका सिंह पर भी वार किया जिससे अस्पताल में उसकी भी मौत हो गई।

### विदेश मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष बने शशि थरूर



**नई दिल्ली (वार्ता)** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विदेश मामलों की संसदीय समिति का पुनर्गठन किया है और कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं, जबकि लोकसभा की एक सीट रिक्त है। लोकसभा सचिवालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा गया है कि डॉ. शशि थरूर को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में लोकसभा से डी. के. अरुणा, विजय बघेल, अभिषेक बनर्जी, अरुण गोविल, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, नवीन जिंदल, के. सुब्बारायन, के. नवास कानी, बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे, बृजेंद्र सिंह ओला, असदुद्दीन ओवैसी, डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही, मितेशभाई रमेशभाई पटेल, रविशंकर प्रसाद, वाई. एस. अविनाश रेड्डी, अपराजिता सारंगी, पुष्पेंद्र सरोज, प्रणिति सुशीलकुमार शिंदे, बांसुरी स्वराज और डॉ. शशि थरूर समिति के सदस्य हैं जबकि एक स्थान रिक्त है। राज्यसभा से डॉ. जॉन ब्रिटास, राघव चड्ढा, सागरिका घोष, डॉ. के. लक्ष्मण, सतनाम सिंह संधू, डॉ. हर्षवर्धन श्रृंगला, राजीव शुक्ला, राजेश परमानंद शुक्ला, रतनजीत प्रताप नारायण सिंह और डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी समिति के सदस्य हैं।

# आज नहीं तो कल इस्तीफा देना ही होगा: पी. चिदंबरम

### सीईसी ज्ञानेश कुमार पर चिदंबरम हमलावर

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग में वोटर लिस्ट के रिवीजन को लेकर सामने आ रहे अंदरूनी मतभेदों के बीच ज्ञानेश कुमार के लिए सबसे समझदारी भरा कदम यही होगा कि वह तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे दें।



चिदंबरम ने दावा किया कि आने वाले समय में उनका इस्तीफा होना तय है और अगर उन्होंने अभी पद नहीं छोड़ा तो विपक्ष का आंदोलन और तेज होगा। चिदंबरम ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि ज्ञानेश कुमार को किसी न किसी दिन इस्तीफा देना पड़ेगा। उनके मुताबिक, अगर वह अभी इस्तीफा दे देते हैं तो यह उनके लिए बेहतर होगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी रहेंगे। चिदंबरम ने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक का विरोध जारी रहेगा। दूसरे संगठन भी प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उनके लिए सबसे समझदारी की बात यही है कि वह अभी इस्तीफा दे दें। चिदंबरम ने अपने आरोपों के समर्थन में अलग-अलग राज्यों के वरिष्ठ चुनाव अधिकारियों से जुड़े हालिया घटनाक्रम का भी जिक्र किया। उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया। साथ ही ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने के लिए दिए गए अनुरोध का भी उल्लेख किया। उनका कहना था कि इन घटनाक्रमों को केवल अलग-अलग मामलों के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के सामने आ रहे सवालों के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। चिदंबरम ने देशभर के राज्य स्तरीय चुनाव अधिकारियों से भी खुलकर सामने आने की अपील की।

# वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों की कमी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने माना है कि वायु सेना के पास मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लड़ाकू विमानों के साथ-साथ अधिकारियों और वायु सैनिकों की कमी है लेकिन यह चिंता की बात नहीं है और इन कमियों को पूरा करने के लिए बनाई गई रणनीति और योजनाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय पर पूरी हो जाती हैं तो स्थिति काफी सुधर जाएगी। एयर चीफ



मार्शल सिंह ने वायु सेना दिवस 8 अक्टूबर से पहले शनिवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सही है कि वायु सेना के पास विमानों की कमी है और इससे ज्यादा जहाज चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति विमानों की आपूर्ति के निर्धारित कार्यक्रम में निरंतर हो रही देरी के कारण उत्पन्न हुई है। स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाए जाने के विभिन्न कार्यक्रमों में देरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ये कार्यक्रम निर्धारित समय पर पूरे हो जाते हैं तो स्थिति में सुधार हो सकता है।

### आरबीआई गवर्नर ने दी अगले आर्थिक संकट की चेतावनी

# 'साइबर अटैक या जियोपॉलिटिकल झटका'

नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि अगला फाइनेंशियल संकट बैंकों या फाइनेंशियल सेक्टर के बजाय किसी जियोपॉलिटिकल घटना, साइबर हमले या टेक्नोलॉजी की खराबी से शुरू हो सकता है। उन्होंने आपस में जुड़े नए तरह के जोखिमों से निपटने के लिए पूरे सिस्टम को और मजबूत बनाने की जरूरत पर जोर दिया। मल्होत्रा ने पांचवें कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में भाषण देते हुए कहा, जोखिम अब बाहरी, सीमा-पार और आपस में जुड़े हुए होते जा रहे हैं। सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए, हमें निर्भरता और संकट फैलने के रास्तों के नेटवर्क को बेहतर ढंग से समझने और रिस्क मैनेजमेंट में सिनारियो एनालिसिस (संभावित स्थितियों का विश्लेषण) को मुख्य आधार बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा, फाइनेंशियल स्टेबिलिटी का मतलब अपरिहार्य झटकों को रोकना नहीं है। इसका मतलब है उन झटकों का सामना करने और उनके असर को बढ़ने से



रोकने के लिए सिस्टम की मजबूती बढ़ाना। मल्होत्रा ने कहा कि यह मजबूती सिर्फ बैंकों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसमें नॉन-बैंक फाइनेंशियल इंटरमीडियरी, फाइनेंशियल मार्केट, पेमेंट सिस्टम, टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर, जरूरी थर्ड पार्टी और सीमा-पार फाइनेंशियल नेटवर्क भी शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा, एक मजबूत बैंकिंग सिस्टम जरूरी तो है, लेकिन काफी नहीं है। कहीं भी फाइनेंशियल अस्थिरता हर जगह फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए खतरा बन सकती है। मल्होत्रा ने बेहतर और ज़्यादा बारीक डेटा की भी मांग की। उन्होंने कहा कि एनबीएफआई, आपस में जुड़े जोखिमों, टेक्नोलॉजी पर निर्भरता और सीमा-पार स्थितियों के बारे में जानकारी अभी भी बिखरी हुई है। उन्होंने कहा, तेजी से आपस में जुड़ते फाइनेंशियल सिस्टम में, हमारे डेटा की क्वालिटी ही हमारे रिस्क असेसमेंट की क्वालिटी तय करेगी।

#### फाइनेंशियल ईमानदारी बनी रहे

नई उभरती टेक्नोलॉजी के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टोकनाइजेशन और फाइनेंशियल इंटरमीडिएशन के नए तरीके काम करने की क्षमता को काफी बेहतर बना सकते हैं। लेकिन इनोवेशन तभी टिकाऊ होगा जब वह मजबूत संस्थानों, सेटलमेंट की निश्चितता, पैसे की एकरूपता और फाइनेंशियल ईमानदारी को बनाए रखे। भारत के संदर्भ में मल्होत्रा ने कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एआई से जुड़ी वैल्यूएशन में सुधार से देश में कैपिटल फ्लो को फायदा हो सकता है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
रविवार 04 अक्टूबर 2026



# रितेश पयासी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग, परिजनों ने उठाए कई सवाल

## सीसीटीवी फुटेज, बाइक और घटनाक्रम की जांच कर वास्तविकता सामने लाने की मांग

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

1 अगस्त 2026 की रात करीब 8.30 बजे ब्यौहारी-रीवा मुख्य मार्ग पर मुंदरिया के पास सड़क दुर्घटना में भमरहा निवासी पिंटू पयासी के 21 वर्षीय पुत्र रितेश पयासी (यस) की मौत हो गई थी। रितेश ब्यौहारी स्थित टाटा सर्विस सेंटर में कार्यरत थे। घटना के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार रितेश एजेंसी की बाइक लेकर ब्यौहारी से साखी की ओर निकले थे। दुर्घटना के बाद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एंबुलेंस को सूचना दिए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, घटना से जुड़ी कुछ परिस्थितियों को लेकर परिजनों ने सवाल उठाते हुए ब्यौहारी पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल



में कथित तौर पर रितेश के पिछले दो दिनों से एजेंसी नहीं आने की बात कही गई, जबकि एजेंसी में उनकी साइकिल और टिफिन मौजूद होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा दुर्घटनास्थल के पास एक घर में बाइक रखे जाने और बाद में उसके गायब होने की बात भी कही जा रही है। इन बिंदुओं की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों ने पुलिस से टाटा सर्विस सेंटर एवं आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच करने, घटना वाले दिन रितेश के एजेंसी पहुंचने और वहां से निकलने के समय की पुष्टि करने तथा अस्पताल में दिए गए कथित बयानों का सत्यापन करने की मांग की है। इसी तरह दुर्घटनास्थल के आसपास बाइक रखे जाने और उसके बाद गायब होने के घटनाक्रम की भी जांच कर बाइक के मालिक एवं उसे ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान करने की मांग की गई है। घटनास्थल का निरीक्षण, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, वाहन संबंधी तकनीकी साक्ष्य और अस्पताल के अभिलेखों की जांच कर दुर्घटना के वास्तविक घटनाक्रम का पता लगाने की मांग भी की गई है। परिजनों ने महत्वपूर्ण सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सहित अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा जांच में यदि किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी सामने आती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही जांच की प्रगति से परिवार को अवगत कराने की भी अपील की गई है। परिजनों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति पर बिना प्रमाण आरोप लगाना नहीं है, लेकिन घटना से जुड़े किसी भी महत्वपूर्ण सवाल को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि उचित कार्यवाही नहीं होती है तो वे मामले को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। परिजनों ने ब्यौहारी पुलिस प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक सवाल की जांच, उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल और घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर रितेश पयासी की मृत्यु की वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाया जाए।

# गांधी जयंती पर इतिहास विभाग में आयोजित हुआ समारोह, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने किया श्रमदान



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गांधी जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर जी के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चेतना सिंह ने की। कार्यक्रम का संयोजन इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीलेश शर्मा एवं डॉ. सुषमा नेताम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीलेश शर्मा ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया और विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से आमजन में राष्ट्रीय चेतना एवं जागरूकता का संचार किया। डॉ. सुषमा नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भी गांधी जी के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। सत्य, अहिंसा, अनुशासन, सामाजिक विकास तथा दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना ही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान भाषण एवं विचार-विमर्श के साथ शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व और गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चेतना सिंह ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीईओ जिला पंचायत एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन छात्रावास मऊ का किया निरीक्षण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति एवं पुलिस



अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम मऊ में केन्द्र प्रवर्तित योजना धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत 4 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन मऊ का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को छात्रावास भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में बाउंड्रीबाल का कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाए एवं भवन निर्माण में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने रेत क्रय करने संबंधी दस्तावेज की जानकारी ली तथा कहा कि दस्तावेज अनिवार्य रूप से संधारित करें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं पुलिस अधीक्षक ने छात्रावास परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं शेष कार्यों की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबधित अधिकारियो को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम काजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, तहसीलदार गैलेक्सी नागपुरे तथा पीआईयू के एसडीओ करण सिंह उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष के बयान से आहत नवीन संवर्ग के शिक्षकों में इस्तीफे का दौर

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक ने संगठन से जुड़े शिक्षकों से सदस्यता छोड़ने की अपील की

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी बीच शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष छात्रवीर सिंह राठौर के कथित बयान को लेकर नवीन शिक्षक संवर्ग में नाराजगी सामने आई है। संगठन से जुड़े कई शिक्षकों द्वारा विभिन्न पदों एवं सदस्यता से इस्तीफा देने का सिलसिला शुरू होने का दावा किया गया है। बताया गया कि अध्यापक शिक्षक संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर 18 अप्रैल को राजधानी में एक दिवसीय आंदोलन आयोजित किया गया था। संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों का आरोप है कि इस आंदोलन को लेकर शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष छात्रवीर सिंह राठौर ने इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में बयान देते हुए नवीन संवर्ग के शिक्षकों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। वहीं, 27 सितंबर से अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा अपनी तीन मांगों को लेकर नीलम पार्क में धरना-प्रदर्शन कर रहा है। इसी दौरान शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर टेट परीक्षा जल्द कराने तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों को पदोन्नति देने जैसी मांगें रखे जाने की बात सामने आई है। संयुक्त मोर्चे से जुड़े शिक्षकों का आरोप है कि इस दौरान उनके संवर्ग के लिए भी कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इससे आहत होकर नवीन शिक्षक संवर्ग के उन शिक्षकों में नाराजगी है, जो शिक्षक संघ में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी संभाल रहे थे। संयुक्त मोर्चे का दावा है कि ऐसे शिक्षक अब संगठन की सदस्यता और पद से इस्तीफा दे रहे हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक विजय कृष्ण मिश्रा ने नवीन शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों से शिक्षक संघ की सदस्यता एवं पद से त्यागपत्र देने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक संघ ने नवीन संवर्ग को केवल अपने संगठन की भीड़ का हिस्सा बनाया और उनकी जायज मांगों के लिए अपेक्षित समर्थन नहीं दिया। मिश्रा ने कहा कि शिक्षा कर्मी व्यवस्था के गठन के समय यदि पुराने शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध किया होता तो परिस्थितियां अलग होतीं, लेकिन अब नवीन संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर विरोध किया जा रहा है। उन्होंने संगठन पर नवीन संवर्ग के शिक्षकों से प्रतिवर्ष सदस्यता शुल्क के रूप में राशि लिए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नवीन संवर्ग के शिक्षक लंबे समय से अपने भविष्य और विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपमानित करने वाले किसी भी बयान को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने शिक्षक संघ के विभिन्न पदों पर कार्यरत नवीन संवर्ग के सभी शिक्षकों से सदस्यता समाप्त करने तथा अपने पदों से इस्तीफा देने की अपील की है। हालांकि, शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों पर उनका पक्ष इस समाचार के लिए उपलब्ध नहीं हो सका है। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जा सकता है।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की कार्यवाही

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर तथा अभिहित अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। गोहपारू में नूरजहां राइस मिल के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर खाद्य कारोबार को सुधार होने तक बंद कराया गया। वहीं अनस किराना से 8 किलोग्राम सामग्री का विनष्टीकरण कराया गया। दोनों प्रतिष्ठानों में रखरखाव संबंधी कमी पाए जाने पर सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए। शहडोल में जगवानी दाल मिल से गेहूं का नमूना जांच के लिए लिया गया। प्रतिष्ठान में रखरखाव संबंधी कमी पाए जाने पर नोटिस दिया गया। इसी प्रकार साक्षी ट्रेडर्स एवं शुभम ट्रेडर्स से जीरा एवं बड़ी इलायची के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा के आदेश के परिपालन में आर.के. ट्रेडर्स से किश्ती तेल तथा मुबारक ट्रेडर्स से शेरा तेल के नमूने भी जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा गौरतरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए तैयार किए जा रहे भोजन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान दलिया, आटा एवं तुअर दाल के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इसी क्रम में जयसिंहनगर एवं शहडोल क्षेत्र के कुल 8 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 10 खाद्य नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। जयसिंहनगर स्थित आकांक्षा रेस्टोरेंट एवं पवनपुत्र रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान रखरखाव एवं साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा रहे तेल का नमूना भी जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है। रखरखाव में कमी पाए जाने पर 2 प्रतिष्ठानों को सुधार सूचना नोटिस भी जारी किए गए हैं।

# आम जनों के काम सरलता से हों इसका विशेष ध्यान रखा जाए : विधायक मानपुर

**मानपुर (स्वतंत्रमत)।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके व्दार कार्यक्रम में मानपुर जनपद पंचायत में वृहद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां सभी प्रकार के समस्याओं का निवारण और हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा था। कार्यक्रम में मानपुर के लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह जी द्वारा श्री विघ्नहर्ता गणपति जी के मूर्ती में द्वीप प्रज्ज्वलित करने के बाद शिविर में लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया।वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्थानीय विधायक सुश्री मीना सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रकार से सहायता करते हुये हमेशा लोगों के सांथ खड़ी रहती है, जहां मैं भी क्षेत्रीय जन्ताओं की सेवा कार्य करने का अवसर प्राप्त कर अपने को बड़ा भाग्यशाली मानती हूं, जन्ता का सेवा करने का मौका बड़े भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है, जन्ता के सेवा करने से जन्ता के सांथ जनार्दन का भी आशिर्वाद मिला करता है। उन्होंने शासन की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए कई जन कल्याणकारी योजनायें संचालित हैं जो जमीन पर दिखती हैं, क्षेत्रीय विकास और जन सेवा में हम - आप की सरकार सदा



से आगे रही है, पिछले सरकारों के समय में योजनाओं का लाभ बड़े मुस्किल से बिड़ले लोगों को मिलता था, जब कि भाजपा के सरकार में योजनाओं का लाभ देने के लिये विभागीय टीम स्वयं हितग्राहियों के घर - घर जाया करती है। वहीं सुश्री विधायक ने निर्देश देते हुये कहा कि सभी कर्मचारी अधिकारी अपने करतब्य से जन सेवा कार्य जवाबदारी से कार्य करें, सरकार ने आप सब को जन समस्या निवारण, जन सेवा, क्षेत्रीय विकाश एवं जन कल्याण कारी योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभ पहुचाने के लिये रखी है, क्यों कि जन्ता क्षेत्रीय और जन्ता के विकास से ही देश का विकास होना सम्भव है, मैं कहना चाहती हूं कि पात्र हितग्राहियों आपने कार्यालय का चक्कर लगवाने का कार्य बंद करके स्वयं पात्र हितग्राही के गांव घर तक पहुंच कर उन्हें लाभ दिलवाने का प्रयत्न करें। किसी के आवेदन को एक टेबल से दूसरे टेबल तक दौड़ाने का काम बिल्कुल न करें, जिस जन सेवा कार्य में जुड़ने के लिये जन प्रतिनिधियों से भी आव्हान किया। सुश्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सड़कें नहीं थी, बिजली उनके स्वयं के गांव में नहीं थी। उस समय की कांग्रेस सरकार किसानों को कर्ज देती ब्याज इतना ज्यादा होता था कि किसान कर्ज समय पर नहीं चुका पाता था तो हांडा, बटुआ, गिलास, गाय, बकरी, जमीन तक कुर्क करा देती थी। आज भाजपा सरकार में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल रहा है, वहीं कई प्रकार के योजनाओं से लाभ भी मिल रहाहै जिस से कृषि उत्पादन में भी अच्छा उत्पादन होते हुये दिख रहा है, बीजेपी की सरकार लाड़ली बहन, बालिका, स्कूली बच्चे, महिला, किसान, गरीब, दिवांग, बृध्द अर्थात सभी उम्र और वर्ग के सांथ खड़ी रहकर सब के विकास के लिये कार्य कर रही है। कार्यक्रम में शिकायत के आवेदक कम और कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये कई सकड़ा लोग उपस्थित हुये, जो बीजेपी सरकार और क्षेत्रीय प्रशास्निकों के कार्यों की सराहना किये।

# नीरज चोपड़ा और गगन नारंग ने बांधवगढ़ में की पार्क सफारी, किए बाघ के दीदार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आयोजित किए जा रहे वन्यजीव सप्ताह (1 से 7 अक्टूबर 2026) के तहत शनिवार 3 अक्टूबर को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग बांधवगढ़ पहुंचे। दोनों खेल हस्तियों ने जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वन्यजीवों और प्राकृतिक वातावरण का करीब से अनुभव किया तथा बाघ के दीदार भी किए। भ्रमण के दौरान नीरज चोपड़ा और गगन नारंग ने रिजर्व के कोर गेट पर आयोजित 'सिग्नेचर कैंपेन-प्लेज बोर्ड' पर हस्ताक्षर कर वन्यजीव संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर ॅपसकसपमि जेतपअमे ैमिद ॅम ब्तम और ब्वददमबजपदह भ्ंइपजंजे, जेतपअपदह ॅपसकसपमि जैसे संदेशों के माध्यम से वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता, प्लास्टिक से परहेज, जंगल को स्वच्छ एवं शांत बनाए रखने तथा जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। दोनों खिलाड़ियों ने वन अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ से मुलाकात कर बाघ संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और ईको-टूरिज्म से जुड़े प्रयासों के संबंध में चर्चा की। प्रशिक्षु वनरक्षकों के साथ उनका संवाद भी उत्साहवर्धक रहा। इस दौरान नीरज चोपड़ा और गगन नारंग ने वनकर्मियों को अपने व्यस्त दायित्वों के बीच



समय निकालकर खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बांधवगढ़ भ्रमण के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने पार्क क्षेत्र में स्थित शेषशैया का भी भ्रमण किया और वन अधिकारियों के साथ यहां तस्वीरें खिंचवाईं। खेल जगत की इन प्रतिष्ठित हस्तियों की बांधवगढ़ यात्रा और वन्यजीव संरक्षण अभियान में भागीदारी से वन्यजीव संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जनजागरूकता को नई प्रेरणा मिलने की उम्मीद है।



# आदर्श कालेज मे मनाया गया योग एवं ज्ञान सत्र

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्ता तत्वावधान में सेवा संकल्प् अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. नियाज अहमद अन्सारी के मार्गदर्शन में योग एवं ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें योग क्रियाओ के महत्व एवं उसके आयामों को केंद्रित करते हुए डॉ. विजय डाबर और क्रीड़ाधिकारी महेन्द्र कनौजिया ने अनेक क्रिया के बारे में बताया। सहा. प्रशासनिक अधिकारी प्रो. निशी कर्ण, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रेमसिंह हटिला और डॉ. मोनिका पटेल ने भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को यह अवगत कराया की मानव जीवन में स्वास्थ्य का होना स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है और एक बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग एवं ज्ञान का होना अति आवश्यक है। योग संचालन में डा. रिचा तिवारी ने आवश्यवक सहयोग प्रदान किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा करकेली जनपद प्रांगण में आयोजित सेवा सेतु अभियान में डॉ. अन्साकरी के नेतृत्वव और छात्रवृति के नोडल अधिकारी प्रो. शिवकुमार हल्देकार के मार्गदर्शन में स्टॉल का संचालन किया गया।

# फाटक बंद, रास्ते थमे... अब 'रेलवे फाटक से आजादी' की गूंज

## गांधी जयंती पर सिंगल टोला में सैकड़ों नागरिकों का शांतिपूर्ण धरना, वैकल्पिक मार्ग की मांग ने पकड़ा जोर

उमरिया (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सिंगल टोला रेलवे फाटक की समस्या को लेकर नागरिकों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। सिंगल टोला ब्रिज निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने शांति पूर्ण धरना दिया। रेलवे फाटक के कारण रोजाना होने वाली परेशानी के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों नागरिकों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांग बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और रेलवे से फाटक की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए तत्काल वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की। धरने में क्षेत्र के लोगों ने कहा कि ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद होते ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कुछ देर का इंतजार कई बार लंबा जाम बन जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली वाहनों, मरीजों, राहगीरों, कर्मचारियों



और स्थानीय रहवासियों पर पड़ रहा है।

**गांधी जी ने देश को आजादी दिलाई, हमें फाटक से आजादी चाहिए:** गांधी जयंती के मौके पर प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग को अलग अंदाज में रखा। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए संघर्ष किया था, अब सिंगल टोला के लोगों को रोजाना लगने वाले रेलवे फाटक के जाम और परेशानी से आजादी चाहिए। नागरिकों ने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों को लेकर निकलने वाले वाहन फाटक पर फंस जाते हैं। वहीं मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होने की स्थिति बनती है। रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को भी फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

### सिर्फ फाटक नहीं, रोजमर्रा की जिंदगी का सवाल

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह समस्या केवल यातायात की नहीं, बल्कि क्षेत्र की आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी और आपातकालीन आवागमन से जुड़ी समस्या बन चुकी है। फाटक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों की कतार और जाम की स्थिति निर्मित होती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था जल्द की जाए, ताकि स्कूली वाहनों, एंबुलेंस, मरीजों और आम राहगीरों को बार-बार फाटक पर परेशान न होना पड़े। शांतिपूर्ण धरने के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचाई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल टोला रेलवे फाटक की समस्या का समाधान अब उनकी प्रमुख मांगों में शामिल है।

# स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में बढ़ते अवसर, खेल के जुनून को बनाएं करियर

**खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए करियर का मतलब केवल खिलाड़ी बनना नहीं है। आधुनिक स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में मैदान पर उतरने वाले खिलाड़ियों के साथ पर्दे के पीछे काम करने वाले अनेक विशेषज्ञ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी टीम की सफलता में कोच, फि जयोथेरेपिस्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, मनोवैज्ञानिक, मैनेजर और परफ ोर्मेंस एनालिस्ट का योगदान भी अहम होता है। ऐसे में खेलों में रुचि रखने वाले विद्यार्थी अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार खेल जगत से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। इस लेख में तमाम उन बिंदुओं पर चर्चा की गयी है जो आपके करियर के लिए लाभकारी होगा।**

## कोचिंग-ट्रेनिंग में करियर

स्पोर्ट्स कोच और ट्रेनर खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और रणनीति को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स और अन्य खेलों में प्रशिक्षित कोचों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके लिए संबंधित खेल का अच्छा ज्ञान और मान्य प्रशिक्षण उपयोगी होता है।

## स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में अवसर

आज खेल प्रतियोगिताएं बड़े आयोजनों का रूप ले चुकी हैं। इनके संचालन में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की जरूरत होती है। आयोजन प्रबंधन, टीम संचालन, मार्केटिंग, स्पॉन्सरशिप और पब्लिक रिलेशंस जैसे कार्य इस क्षेत्र में शामिल हैं। मैनेजमेंट और कम्युनिकेषन में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह क्षेत्र उपयोगी हो सकता है।




## स्पोर्ट्स जर्नलिज्म में दिखाएं लेखन का हुनर

अगर आपकी रुचि खेल और लेखन दोनों में है तो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एक अच्छा विकल्प है। समाचार-पत्र, टीवी, वेबसाइट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खेल रिपोर्टिंग, फ ीचर लेखन और विश्लेषण जैसे कार्य किए जा सकते हैं। कमेंट्री भी इसी क्षेत्र का एक प्रमुख हिस्सा है।

## स्पोर्ट्स साइंस और न्यूट्रिषन्स

खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन में विज्ञान की भूमिका बढ़ रही स्पोर्ट्स साइंस और न्यूट्रिषन्स फि टनेस, डाइट, रिकवरी और प्रदर्शन से जुड़े पहलुओं पर काम करते हैं। बॉयोलॉजी, न्यूट्रीषन या स्पोर्ट्स साइंस में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह उभरता हुआ क्षेत्र है।

## स्पोर्ट्स फीजियोथेरिपी और मेडिसिन

खिलाड़ियों को चोट से उबरने और दोबारा मैदान पर लौटने में स्पोर्ट्स फीजियोथेरिपिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपचार के साथ-साथ उन्हें वापिस फील्ड पर आने, उन्हें प्रोत्साहन देन का भी काम किया जाता है।

## कौन-सी पढ़ाई, कौशल जरूरी?

स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए रुचि के साथ संबंधित क्षेत्र की शैक्षणिक योग्यता भी जरूरी है। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स जर्नलिज्म, फि जियोथेरेपी, स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन, मनोविज्ञान, डेटा एनालिसिस और स्पोर्ट्स साइंस जैसे क्षेत्रों में डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम किए जा सकते हैं।

## मुख्य करियर क्षेत्र

- कोचिंग, कोच
- स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
- स्पोर्ट्स जर्नलिज्म
- पोषण विषेषज्ञ
- फिजियोथेरेपी
- साइकोलॉजिस्ट
- स्पोर्ट्स एलालिस्ट



सीएस खंपरिया

**क्रीड़ा प्रभारी, हितकारिणी उ.मा. शाला, देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

# सप्ताह की प्रमुख सरकारी नौकरियां

**10वीं से स्नातक तक तक के लिए मौके, जानें पद, योग्यता और अंतिम तिथि**

1 मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक (जीडी) भर्ती 2026

**पद** - आरक्षक (जनरल ड्यूटी)
**कुल पद** - 7,500
**योग्यता** - भर्ती नियमों के अनुसार
**आवेदन** - 22 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026
**संशोधन** - भुगतान के बाद 11 अक्टूबर तक
**चयन** - लिखित परीक्षा सहित निर्धारित चयन प्रक्रिया

एमपीईएसबी की आधिकारिक परीक्षा सूची में आवेदन की तिथियां दी गई हैं।

2 मध्यप्रदेश पुलिस एएसआई/सूबेदार भर्ती 2026

**कुल पद - 655**
**पद** - सूबेदार (अनुसचिवीय/स्टेनोग्राफ र) और सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय)
**आवेदन** -24 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026
**परीक्षा** - 3 नवंबर 2026 से प्रस्तावित
**मुख्य योग्यता** - संबंधित पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य पात्रताएं

3 यूपीएससी डायरेक्ट रिक्रूटमेंट 2026

**कुल पद - 212**
**पद** - विभिन्न विशेषज्ञ/शैक्षणिक एवं अन्य पद, जिनमें असिस्टेंट प्रोफेसर और असिस्टेंट एडीटर जैसे पद शामिल हैं।
**आवेदन की अंतिम तिथि** - 4 अक्टूबर 2026

आईबीपीएस कस्टमर सर्विसेस एसोसिएट क्लर्क 2026

**कुल रिक्तियां** - 11,663
पद - कस्टमर सर्विसेस एसोसिएट
**प्रारंभिक परीक्षा** - 10 और 11 अक्टूबर 2026
**मुख्य परीक्षा** - 27 दिसंबर 2026
योग्यता - बैंकिंग भर्ती के निर्धारित नियमों के अनुसार स्नातक स्तर की पात्रता

आईबीपीएस स्पेस्लिस्ट आफिसर 2026

**कुल पद** - 1,043
**पद** - विभिन्न स्पेस्लिस्ट आफिसर पद
**क्षेत्र** - आईटी, एग्रीकल्चर, लॉ, एचआर, मार्केटिंग आदि विशेषज्ञ क्षेत्रों के अनुसार
**परीक्षा** - निर्धारित आईबीपीएस भर्ती कार्यक्रम के अनुसार

# सेना से लौटने के बाद अग्निवीरों को कहां मिलेगी नौकरी?

अग्निपथ योजना के तहत चार वर्ष की सैन्य सेवा पूरी करने के बाद सेवा से बाहर आने वाले अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले जा रहे हैं। केंद्र सरकार के साथ कई राज्यों ने पुलिस, जेल, वन, अग्निशमन और अन्य वर्दीधारी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण या प्राथमिकता का प्रावधान किया है। अलग-अलग राज्यों में इन सुविधाओं की शर्तें अलग हैं।

## केंद्रीय बलों में भी अवसर

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफ ल्स में कांस्टेबल/राइफलमैन भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष और बाद के बैच को तीन वर्ष की छूट का प्रावधान है। भर्ती प्रक्रिया में भी निर्धारित रियायतें दी गई हैं।

## मध्य प्रदेश - 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान

मध्य प्रदेश में पूर्व अग्निवीरों को पांच वर्दीधारी सरकारी सेवाओं में 20 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। इसमें पुलिस आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल, जेल प्रहरी, वनरक्षक और आबकारी आरक्षक के पद शामिल हैं।

## महाराष्ट्र - 10 प्रतिशत आरक्षण और भर्ती में रियायत

महाराष्ट्र में पुलिस, जेल, अग्निशमन, होमगार्ड, आबकारी और वन विभाग से जुड़ी कई वर्दीधारी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। कुछ पदों पर कुछ पदों पर लिखित परीक्षा से छूट और सैन्य प्रशिक्षण को प्रारंभिक प्रशिक्षण के स्थान पर मान्यता देने की व्यवस्था भी बताई गई है।




## छत्तीसगढ़ - पुलिस, वन और जेल विभाग में मौका

छत्तीसगढ़ में पुलिस आरक्षक, वनरक्षक और जेल प्रहरी की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसके लिए चार वर्ष की सेवा पूरी करने वाले पात्र अग्निवीरों को निर्धारित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## हरियाणा और ओडिशा - 10 प्रतिशत आरक्षण, आयु में भी राहत

हरियाणा में पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और एसपीओ जैसी भर्तियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। ग्रुप बी और सी की नौकरियों में आयु सीमा में छूट भी दी गई है। ओडिशा में वर्दीधारी सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण तथा अन्य सरकारी सेवाओं में पात्रता के लिए आयु में पांच वर्ष की छूट का प्रावधान बताया गया है।

## उत्तर प्रदेश और राजस्थान - पुलिस भर्ती में वरीयता

उत्तर प्रदेश में पुलिस और प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) भर्ती में अग्निवीरों को वरीयता देने की घोषणा की गई है। राजस्थान में पुलिस विभाग, जेल प्रहरी और वनरक्षक पदों पर पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

## अन्य राज्यों में भी अवसर

उत्तराखंड में पुलिस और अन्य सरकारी विभागों में आरक्षण की घोषणा की गई है। गुजरात में सशस्त्र पुलिस राज्य रिजर्व पुलिस में पूर्व अग्निवीरों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। अरुणाचल प्रदेश में पुलिस बटालियन और आपातकालीन अग्निशमन सेवा में वरीयता की घोषणा की गई है। असम में पूर्व अग्निवीरों को पुलिस सेवा में अवसर देने संबंधी प्रावधान किए हैं।

## युवाओं के लिए जरूरी बात

पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण और भर्ती में रियायतें संबंधित सरकारों के आदेश तथा भर्ती नियमों के अनुसार लागू होती हैं। इसलिए नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले संबंधित विभाग की नवीनतम आधिकारिक अधिसूचना में पात्रता, आरक्षण, आयु सीमा और चयन प्रक्रिया जरूर जांचें।

# बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी में रणनीति ही सफलता की कुंजी

बैंकिंग क्षेत्र युवाओं के बीच लंबे समय से एक आकर्षक करियर विकल्प रहा है। आईबीपीएस और एसबीआई द्वारा समय-समय पर विभिन्न बैंकिंग पदों के लिए भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इन परीक्षाओं में सफलता केवल अधिक घंटे पढ़ने से नहीं मिलती, बल्कि सुनियोजित अध्ययन, समय प्रबंधन, निरंतर अभ्यास और आत्ममूल्यांकन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभ्यर्थियों को तैयारी शुरू करने से पहले परीक्षा की संरचना और पाठ्यक्रम को अच्छी तरह समझना चाहिए।

## परीक्षा के स्वरूप को समझना पहला कदम

बैंकिंग परीक्षाओं में पद के अनुसार परीक्षा का स्वरूप अलग हो सकता है। सामान्यत: मात्रात्मक अभिरुचि तर्कशक्ति अंग्रेजी भाषा तथा सामान्य एवं बैंकिंग जागरूकता प्रमुख विषय होते हैं। कई परीक्षाओं में प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अलग-अलग चरण होते हैं। इसलिए संबंधित भर्ती की आधिकारिक अधिसूचना में दिए गए पाठ्यक्रम, परीक्षा पद्धति और समय-सीमा को ध्यानपूर्वक समझना चाहिए।

## मात्रात्मक अभिरुचि में मजबूत करें गणना क्षमता

गणित की तैयारी में केवल सूत्र याद करना पर्याप्त नहीं है। प्रतिशत, लाभ-हानि, अनुपात-समानुपात, औसत, समय एवं कार्य, समय-दूरी तथा आंकड़ा विश्लेषण जैसे अध्यायों पर विशेष ध्यान दें। कम समय में प्रश्न हल करने के लिए मानसिक गणना और त्वरित गणना का नियमित अभ्यास करें। प्रत्येक अध्याय के प्रश्नों को निर्धारित समय में हल करने की आदत डालना उपयोगी रहेगा।

## तर्कशक्ति में विकसित करें विश्लेषणात्मक क्षमता

रीजनिंग में पहेली, बैठक व्यवस्था, रक्त संबंध, कथन-निष्कर्ष, असमानता, संख्या एवं अक्षर श्रेणी तथा कोडिंग डिकोडिंग जैसे विषय महत्वपूर्ण होते हैं। शुरुआत में मूल अवधारणाओं को स्पष्ट करें और उसके बाद प्रश्नों का कठिनाई स्तर धीरे-धीरे बढ़ाएं। समयबद्ध अभ्यास से प्रश्नों को समझने और हल करने की गति में सुधार किया जा सकता है।

## अंग्रेजी भाषा पर भी रखें समान पकड़

इंग्लिश सेशन में रीडिंग कॉम्प्रीहेंशन, ग्रामर, वॉक्योबरी, मॉक टेस्ट, एरर डिटेक्षन जैसे भाग शामिल हो सकते हैं। प्रतिदिन समाचार-पत्र या गुणवत्तापूर्ण लेख पढ़ने से शब्द-भंडार, भाषा-बोध और पठन गति विकसित करने में सहायता मिलती है। नए शब्दों की सूची बनाकर उनका नियमित पुनरावर्तन करें।

## बैंकिंग एवं समसामयिक घटनाओं से रहें अपडेट

सामान्य एवं बैंकिंग जागरूकता की तैयारी के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय शब्दावली, सरकारी योजनाओं, अर्थव्यवस्था तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखें। प्रतिदिन समसामयिक घटनाओं के संक्षिप्त नोट्स बनाना अंतिम समय के पुनरावर्तन में काफी उपयोगी हो सकता है।

## मॉक टेस्ट से करें अपनी तैयारी का आकलन

तैयारी को दिशा देने के लिए नियमित खंडवार अभ्यास परीक्षा और पूर्ण लंबाई के डवबा ज्मेज दें। केवल अंक देखकर संतुष्ट न हों। प्रत्येक परीक्षा के बाद अपनी गलतियों, अधिक समय लेने वाले प्रश्नों और कमजोर अध्यायों का विश्लेषण करें। एक त्रुटि-पंजी बनाकर बार-बार होने वाली गलतियों को दर्ज करें।

## समय प्रबंधन पर दें विशेष ध्यान

बैंकिंग परीक्षाओं में सीमित समय में अधिक प्रश्न हल करने होते हैं। इसलिए प्रत्येक विषय के लिए अध्ययन और अभ्यास का निश्चित समय निर्धारित करें। परीक्षा के दौरान पहले आसान और कम समय लेने वाले प्रश्न हल करना तथा कठिन प्रश्नों पर अनावश्यक समय न लगाना उपयोगी रणनीति हो सकती है।

## नियमितता बनाए रखना सबसे जरूरी

बैंकिंग परीक्षा की तैयारी लंबी प्रक्रिया हो सकती है। इसलिए एक दिन में बहुत अधिक पढ़ने के बजाय प्रतिदिन नियमित अध्ययन, पुनरावृत्ति और अभ्यास को प्राथमिकता दें। तैयारी का मूल मंत्र होना चाहिए गति के साथ सटीकता और अध्ययन के साथ आत्ममूल्यांकन। स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर अभ्यास के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी तैयारी को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बना सकते हैं।

# टाटा केपिटल पंख स्कॉलरशिप प्रोग्राम

## 11वीं-12वीं से लेकर स्नातक और आईटीआई स्टुडेंट्स को 18 हजार तक छात्रवृत्ति के लिए अवसर

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए टाटा केपिटल पंख स्कॉलरषिप प्रोग्राम 2026-27 के तहत छात्रवृत्ति पाने का अवसर है। योजना में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ स्नातक, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा और आईटीआई पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि और फीस के आधार पर 10,000 से अधिकतम 18,000 तक की सहायता दी जा सकती है। आवेदन की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2026 निर्धारित है।

**कौन कर सकता है आवेदन**- योजना के लिए आवेदक का भारत का नागरिक होना और किसी मान्यता प्राप्त स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय या तकनीकी संस्थान में अध्ययनरत होना जरूरी है। पिछली कक्षा, सेमेस्टर या शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 4 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए**- 60 से 80 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को फीस की अधिकतम 80 प्रतिशत राशि या 10,000, जो भी कम हो, दी जा सकती है। 80 प्रतिशत से अधिक और 90 प्रतिशत तक अंक वालों के लिए अधिकतम 12,000 तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक होने पर अधिकतम 15,000 तक छात्रवृत्ति का प्रावधान है।

**उच्च शिक्षा और तकनीकी पाठ्यक्रम**- स्नातक, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा और आईटीआई विद्यार्थियों के लिए 60-80 प्रतिशत अंक पर अधिकतम 12,000, 80-90 प्रतिशत पर 15,000 और 90 प्रतिशत से अधिक अंक पर अधिकतम 18,000 तक सहायता मिल सकती है। राशि फ ीस और निर्धारित नियमों के अनुसार तय होगी।

**इन विद्यार्थियों को प्राथमिकता**- योजना में छात्राओं, दिव्यांग विद्यार्थियों, एकल अभिभावक वाले परिवारों, अनाथ विद्यार्थियों तथा एसटी एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि अन्य पात्र विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

**जरूरी दस्तावेज**- आवेदन के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, पिछली कक्षा की मार्कशीट, आय प्रमाण पत्र, प्रवेश प्रमाण या फीस रसीद, छात्र पहचान-पत्र और बैंक खाते का विवरण तैयार रखें। लागू होने पर जाति या दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी देना होगा।

**कैसे करें आवेदन**- ऑनलाइन आवेदन करते समय व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारी भरें, दस्तावेज अपलोड करें और फॉर्म जमा करने से पहले सभी विवरणों की अच्छी तरह जांच करें। आवेदन जमा होने के बाद फॉर्म का प्रिंट या स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखना उपयोगी रहेगा।

## शब्द पहेली - 8994



### बाएँ से दाएँ

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य(अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

### ऊपर से नीचे

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

### शब्द पहेली -8993 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore



स्वतंत्र मत
जबलपुर
रविवार 04 अक्टूबर 2026



# अभियानों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता : विधायक पटेल

## शिविरों में एक ही स्थान पर मिल रही विभिन्न शासकीय सेवाएं- कलेक्टर श्रीमती सिंह

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को जनपद पंचायत चावरपाठा की ग्राम पंचायत चावरपाठा में जनसंवाद एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवश्यक कार्यवाही की गई। शिविर में आधार संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दायित्व है कि वे योजनाओं की जानकारी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के कल्याण के लिए विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं। ग्राम एवं जनपद स्तर पर आयोजित शिविरों में खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकें। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ ऐसे अभियानों को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। विधायक श्री पटेल ने शासन की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों, श्रमिकों, महिलाओं एवं गरीब परिवारों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता को कम करना है। ग्राम एवं जनपद स्तर पर शिविर आयोजित कर स्थानीय स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं का समाधान और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में सेवा संकल्प अभियान और सेवा सेतु अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों में ई-केवायसी, नवीन आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने प्रधानमंत्री मानधन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत 18 से 40 वर्ष आयु के पात्र हितग्राहियों के मानधन योजना के तहत खाते खुलवाए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन का लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने पात्र नागरिकों से योजना का लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, राजस्व संबंधी कार्य तथा किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपनी फार्मर आईडी बनवाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर ने उपस्थित नागरिकों को सामूहिक नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने नागरिकों से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

**8 स्वसहायता समूहों को 32.50 लाख रुपये के चेक वितरित**-कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। 8 स्वसहायता समूहों की महिलाओं को कुल 32 लाख 50 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के तहत श्री संदीप मिश्रा को 9 लाख रुपये का हितलाभ प्रदान किया गया। आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना के तहत श्री ऋषिकुमार दुबे, श्री रामदास बैरागी, श्रीमती प्रियंका दुबे, श्री परषोत्तम सिलावट एवं श्री नितिन साहू को 1-1 लाख 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार 10 प्लस एक बकरी इकाई योजना के तहत श्री प्रमोद पाली, श्री बाबूलाल यादव, श्री धनीराम पाली, श्री प्रदीप पाली एवं श्रीमती रेखा पाली को 30 हजार 982 रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई। इसके अलावा श्री पीताम्बर शुक्ला, श्री राकेश लोधी, श्रीमती गोमती बाई, श्री प्रयाग दुबे एवं श्री संतोष पाली को पशुपालन क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए।2 नवीन आधार कार्ड बनाए गए तथा 31 आधार कार्ड अपडेट किए गए। इस प्रकार कुल 33 नागरिकों को आधार संबंधी सेवाओं का लाभ मिला। अतिथियों ने प्राकृतिक खेती करने वाले 5 कृषकों एवं 2 कृषि सखियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 3 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में 8 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 2 किसानों को स्प्रे पंप, 2 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ तथा 3 हितग्राहियों को पीएमएफएमई योजना के तहत लाभांवित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 230 लोगों की हुई स्वास्थ्य संबंधी जांचेंशिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 97 नागरिकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 34 नागरिकों की निक्षय आईडी बनाई गई तथा टीबी की जांच की गई। 47 नागरिकों की एनसीडी (गैर-संचारी रोग) संबंधी जांच की गई। इसके अलावा 52 युवा बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई, जिसमें एनीमिया की स्थिति की जांच की गई। अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर मनीष साहू ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते। राष्टपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं शास्त्री जी ने देश में स्वाभिमान का वातावरण बनाकर किसानों और जवानों के लिए एक नई दिशा दी। इस मौके पर भगवंत सिंह जाट, रूद्रेश तिवारी, नीलू राय, अमित राय गोलू, अस्सू नेमा, आशीष राजवैद्य, मुकेश कटारे, कंछेदी पटेल, मनोज राव, वीरू पाठक, संतोष शुक्ला, विशाल ठाकुर, विशाल राय, नितिन गोयल, देवेंद्र शुक्ला , बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, मिलिंद मनोहर साहू, प्रतीक त्रिवेदी, मिलेंद्र मनोहर साहू,देवेंद्र प्रजापति , प्रभात तिवारी, अमितशुक्ला, राजा जाट, रफीकउद्दीन खान, सोहन रैकवार, राजकुमार नेमा, सुरेश ठाकुर, कौशलेंद्र जाट, लेखराम महोबिया, ठाकुर अरविंद सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की बैठक संपन्न

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** शुक्रवार की शाम शनि मंदिर तालाब परिसर गाडरवारा मे भारत विकास परिषद शाखा गाडरवारा के सदस्यों द्वारा पौधारोपण कर पौधा लगाया गया । इस अवसर पर आयोजित बैठक मे भारत को जानो प्रतियोगिता, गुरु वंदन छात्र वंदन एवं समूह गायन कार्यक्रमों के आयोजन पर रुपरेखा तैयार की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए



शाखा अध्यक्ष मधुसूदन पटैल ने कहा कि हम सभी को संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए आगामी कार्यक्रमों को विधिवत तैयारियो के साथ करना है। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, संयोगिता शिवहरे,प्रसन्न दुबे, राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र पटेल, तुलसीकांत श्रीवास्तव, सिराज अहमद सिद्धिकी, पवन राजोरिया, ऋषिराज ममार उपस्थित रहे ।

## चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में गांधी जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** चावरा विद्यापीठ, नरसिंहपुर में राष्टपिता महात्मा गांधी जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे आदर्शों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। गांधी जयंती के अवसर पर स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस (हस्स) के विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थियों ने गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पहुँचकर माल्यार्पण किया और राष्टपिता को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण आशीष सर, प्रदीप सर, हेमवीर सर, पवन सर, शोभना मैम एवं विजयश्री मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए गांधी जी के विचारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर वर्गीस ने अपने संदेश में कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और प्रकृति संरक्षण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके आदर्शों को केवल याद करने तक सीमित न रखकर उन्हें अपने व्यवहार और जीवन का हिस्सा बनाएँ।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम खामघाट का किया सघन निरीक्षण

## प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी की व्यवस्थाओं में लापरवाही पर जताई नाराजगी, भोजन व्यवस्था में सुधार के दिए सख्त निर्देश

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शनिवार को विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम खामघाट का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में किए गए पौधारोपण कार्य का जायजा लिया और पौधों की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पौधों की स्थिति संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखभाल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का जीवित रहना और उनका बेहतर विकास सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पौधों की नियमित निगरानी करने, समय पर पानी उपलब्ध कराने तथा पौधों की सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी पौधों को परिवार के सदस्य की तरह सहेजने और उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।

**प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था नहीं मिलने पर जताई नाराजगी**-कलेक्टर ने प्राथमिक शाला खामघाट का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं बुनियादी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा दूसरी एवं तीसरी के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, उपस्थिति एवं मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बच्चों से चर्चा के दौरान सामने आया कि 15 सितम्बर के बाद से विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया है। विद्यालय में कुल 30 विद्यार्थी दर्ज पाए गए, जबकि निरीक्षण के दौरान 14 विद्यार्थी ही उपस्थित थे। विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से एक शिक्षक अवकाश पर पाए गए। कलेक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों की नियमित



उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था में सामने आई लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। इस दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि 15 सितम्बर के बाद से बच्चों को भोजन उपलब्ध नहीं कराया गया है। कलेक्टर को बताया गया कि प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए भोजन अम्बे स्वसहायता समूह द्वारा तैयार किया जाता है। भोजन व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अम्बे स्वसहायता समूह को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें निर्धारित सेवाएं, पोषण आहार एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक नियमित रूप से और समय पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## चेम्बर टीम ने किया मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण

**सतना, स्वतंत्र मत।** विन्ध्य चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 18 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2026 तक प्रस्तावित 13वें विन्ध्य व्यापार मेला 2026 की तैयारिया शुरू हो चुकी है। आज दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को बीण्टीण्आईण् ग्राउण्ड सेमरिया चैक सतना का निरीक्षण चेम्बर की टीम ने किया। मेले को नये कलेवर मे सजाने के लिए चेम्बर पदाधिकारीए कार्यकारिणीए मेले के प्रशासनिक संयोजक तकनीकि संयोजक विभिन्न समितियो के संयोजक एवं समन्वयक तथा मीडिया से पधारे प्रतिनिधियो ने पूरे स्थल का भ्रमण करके आगामी योजन पर विचार



विमर्श किया। विगत वर्षो के आयोजन से प्राप्त अनुभव के आधार पर मेले को और भी बेहतर बनाने की दृष्टिकोण से हर बिन्दुओ पर बारीकी से चर्चा हुई। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 18 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक 11 दिवसीय 13वां विन्ध्य व्यापार मेला 2026 बी.टी.आई. ग्राउण्ड रीवा रोड सतना मे नई थीम मे आकार लेगा। चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने बताया कि हमारी टीम 13वें व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए अपना शत् प्रतिशत योगदान देगी और इस बार हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम पहले के आयोजनो से बेहतर करे। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक जैन महामंत्री मनोज कटारे मंत्री मनोज अरोरा मेला के प्रशासनिक संयोजक उमेश प्रताप सिंह लाला तकनीकि संयोजक उत्तम बनर्जी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों मनोज गुप्ता चितेश ठक्कर संदीप कुमार गुप्ता सुधीर अग्रवाल विनोद गेलानी मुकेश अग्रवाल सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सूखाखेरी के विद्यार्थियों ने किया आईटीआई का भ्रमण

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस ग्राम सूखाखेरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल एवं डॉ संदीप कुमार मेहरा ( व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी ) के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया ।इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य में कौशल आधारित शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विशेष रूप से कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक) व्यवसाय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को कंप्यूटर के हार्डवेयर एवं



सॉफ्टवेयर, कंप्यूटर संचालन, टाइपिंग, एम.एस. ऑफिस, इंटरनेट, डिजिटल तकनीक, प्रोग्रामिंग तथा कंप्यूटर के विभिन्न व्यावहारिक उपयोगों के बारे में जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने आई.टी.आई. की कंप्यूटर प्रयोगशाला, अन्य संचालित सभी ट्रेड ( इलेक्ट्रिशियन, फिटर आदि ) एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया और प्रशिक्षकों द्वारा किए जा रहे विभिन्न व्यावहारिक कार्यों को समझा। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षा, कार्यालय, उद्योग, व्यवसाय तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जा रहा है।इस औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। साथ ही विद्यार्थियों में कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास तथा तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के प्रति रुचि और जागरूकता उत्पन्न हुई।इस प्रकार का भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल निर्माण एवं रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विद्यालय परिवार द्वारा इस सफल शैक्षणिक भ्रमण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। भ्रमण में अम्बर श्रीवास्तव, सीमा दुबे,अनीता आचार्य, अमित मेहरा शामिल रहे।

## पैसे के लेनदेन पर बुजुर्ग की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**सतना, स्वतंत्र मत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पशुपति नाथ मंदिर के पास विगत दिनों हुई बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ब्याज के पैसों के लेनदेन को लेकर 65 वर्षीय बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया था। मृतक की पहचान रामशंकर गर्ग उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई थी। 15 सितंबर की रात आरोपियों ने चाकू कुल्हाड़ी एवं लोहे के लोटा से वार कर बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम सचिन रैकवार उम्र 25 वर्ष नीरज रैकवार उम्र 36 वर्ष और अंकित रैकवार उम्र 28 वर्ष निवासी मारुती नगर बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों ने



पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। ब्याज के पैसों को लेकर विवाद होने पर उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव पांडेय के निर्देशन मेंए सीएसपी मनीष त्रिपाठी की अगुवाई में एवं थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रीती विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

## सरकारी जमीन छोड़कर किसान की निजी जमीन पर बना दी

सतना (स्वतंत्र मत)

शहर के वार्ड 29 पतेरी, चर्च के पीछे से नगर निगम की बड़ी लापरवाही और मनमानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि नगर निगम ने सरकारी जमीन को छोड़कर एक गरीब किसान की निजी जमीन पर जबरन पक्की सड़क का निर्माण करा दिया है। इस मामले को लेकर पीड़ित किसान पिछले कई महीनों से कलेक्टर से लेकर नगर निगम कमिश्नर तक के चक्कर लगाया लेकिन आज तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। मजे की बात तो यह है कि इस जमीन का हाईकोर्ट में मामला इशारा भी है और इस जमीन पर कोर्ट ने स्टे भी जारी कर रखा है। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड 29 में किसान की जमीन से सटी हुई सरकारी जमीन मौजूद है। उस सरकारी जमीन पर आज भी कच्ची सड़क पड़ी हुई है जो किसान की जमीन के बगल से होते हुए डॉक्टर अतीक खान के घर के सामने से मल्हन टोला तक जाती है और आगे जवाहर नगर होते हुए धवारी रोड पर मिल जाती है। आरोप



है कि नगर निगम ने इस सरकारी रास्ते को विकसित करने के बजाय जानबूझकर किसान की निजी जमीन पर ही पक्की सड़क बना दी। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने इस अवैध निर्माण को लेकर कई बार लिखित शिकायतें दी हैं। कलेक्टर कार्यालय नगर निगम कमिश्नर और अन्य उच्च अधिकारियों तक वह अपनी फरियाद लेकर गया लेकिन हर जगह उसे सिर्फ आश्वासन मिला। कार्रवाई के नाम पर आज तक कुछ नहीं हुआ। किसान का आरोप है कि वह अधिकारियों के सामने रोया भी गिड़गिड़ाया भी लेकिन उसकी जमीन पर बनी सड़क को आज तक नहीं हटाया गया किसान ने ठाकर फिर न्यायालय की शरण ली और मामला न्यायालय में चल रहा है अब न्यायालय ही इसका फैसला करेगी। इस पूरे मामले के पीछे एक अवैध कॉलोनी को लाभ पहुंचाने की साजिश की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसान की जमीन से सटी हुई जो अवैध कॉलोनी है, उसमें शहर के कुछ रईस और प्रभावशाली लोग रहते हैं। सूत्रों के अनुसार इसी अवैध कॉलोनी को सीधा और पक्का रास्ता देने के लिए ही किसान की जमीन पर सड़क का निर्माण किया गया है।

इस मामले में सबसे बड़ा आरोप वार्ड 29 के पार्षद पति पर लग रहा है। लोगों का कहना है कि पार्षद पति की ही मुख्य भूमिका इस पूरे खेल में है। यहां तक कि नगर निगम की महापौर पर भी इस अवैध सड़क निर्माण में सहयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि जब बगल में सरकारी जमीन उपलब्ध थी, तो फिर किसान की निजी जमीन पर ही सड़क क्यों बनाई गई?



## मुख्यमंत्री का मंडला आगमन आज

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंडला में आयोजित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों हेतु प्रशिक्षण-सह-जागरूकता एवं प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 36 करोड़ 17 लाख से अधिक की बोनस राशि वितरित की जाएगी जिससे 9 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित होंगे कार्यक्रम के दौरान 84 वन समितियों के सदस्यों को 26 करोड़ 56 लाख से अधिक का काष्ठ लाभांश भी वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं वनोपज से जुड़े परिवारों के आर्थिक हितों को सुदृढ़ करने तथा उनके परिश्रम के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जबलपुर डिंडोरी बालाघाट एवं सिवनी जिले के हितग्राही भी लाभान्वित होंगे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2:30 बजे हेलीकॉप्टर से मंडला हेलीपैड पहुंचेंगे इसके पश्चात वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण करेंगे कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री शाम 4:50 बजे मंडला से जबलपुर के लिए रवाना होंगे।

## टीम ने कराया सफल प्रसव

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

हेल्थकेयर हॉस्पिटल में चिकित्सकों की टीम ने एक चुनौतीपूर्ण प्रसव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। डॉ. गुरुमोहन सिंह ने बताया कि यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित पांडे एवं डॉ.लिली द्वारा ऑपरेशन के माध्यम से 5 किलोग्राम वजन की बच्ची का सुरक्षित जन्म कराया गया। सफल प्रसव के बाद नवजात बच्ची और मां दोनों स्वस्थ हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार भदौरिया परिवार की महिला को प्रसव के लिए डॉ. गुरुमोहन के क्लिनिक हेल्थकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक परीक्षणों के बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराने का निर्णय लिया। इसके बाद डॉ.अमित पांडे एवं डॉ. लिली की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर बच्ची का जन्म कराया। जन्म के समय बच्ची का वजन करीब 5 किलोग्राम था जिसे चिकित्सकीय दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय माना जा रहा है। बच्ची के सुरक्षित जन्म की खबर मिलते ही भदौरिया परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

# कोई बना रहा ढाबा तो किसी की बन रही दुकान

## ग्राम पंचायत बड़ी खैरी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर लगातार हो रहा कब्जा

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। सिद्ध टेकरी के नीचे नेशनल हाईवे से लगी जमीन पर एक ठेकेदार द्वारा पक्का निर्माण किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं इसी क्षेत्र में ढाबा संचालन की आड़ में सरकारी जमीन पर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी जमीन पर लगातार निर्माण कार्य चलता रहा लेकिन जिम्मेदारों की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के मुताबिक जिस स्थान पर निर्माण किया जा रहा है वह सरकारी भूमि से जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि संबंधित निर्माण को लेकर पहले भी आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुका। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर सरकारी जमीन पर निर्माण के लिए किसकी अनुमति या संरक्षण मिला हुआ है खैरी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी चल रहा है। मेडिकल कॉलेज के आसपास जमीन की कीमत और





व्यावसायिक गतिविधियों को देखते हुए सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतें लगातार सामने आने की बात ग्रामीण बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सरकारी जमीन की सीमांकन कराकर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में सरकारी भूमि पर कब्जे का दायरा और बढ़ सकता है। सिद्ध टेकरी के नीचे नेशनल हाईवे से सटी जमीन होने के कारण यह स्थान व्यावसायिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि ग्रामीण सरकारी जमीन के उपयोग और निर्माण को लेकर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मौके पर निर्माण को लेकर विरोध दर्ज कराया है। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने पंचायत स्तर पर भी मामले की जानकारी दी लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी रहा। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि जमीन वास्तव में सरकारी है तो निर्माण करने वाले व्यक्ति को किस आधार पर वहां निर्माण की अनुमति मिली ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जमीन के सीमांकन और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने मांग की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण सरकारी भूमि पर पाया जाता है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए और सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत खैरी के सचिव और सरपंच को भी कथित निर्माण की जानकारी है। इसके बावजूद पंचायत स्तर से इसे रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। ऐसे में पंचायत पदाधिकारियों का पक्ष भी सामने आना जरूरी है कि उन्हें निर्माण की जानकारी कब मिली और शिकायत मिलने के बाद उनके स्तर से क्या कार्रवाई की गई। मामला सिर्फ एक निर्माण तक सीमित नहीं है। यदि सरकारी भूमि पर बिना अनुमति निर्माण की शिकायत सही पाई जाती है तो यह राजस्व और पंचायत प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। सरकारी जमीन की पहचान सीमांकन और संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होती है। ऐसे में शिकायतों के बावजूद निर्माण जारी रहने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच जरूरी हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को मौके पर पहुंचकर राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जमीन का सीमांकन कराना चाहिए। साथ ही निर्माण की अनुमति, संबंधित दस्तावेज और जमीन के स्वामित्व की जांच की जानी चाहिए। यदि जांच में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा या बिना अनुमति निर्माण की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि सरकारी जमीन पर निर्माण हो रहा है और इसकी जानकारी पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों तक पहुंच चुकी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई क्या जिम्मेदार विभागों ने मौके का निरीक्षण किया क्या निर्माणकर्ता के पास भूमि संबंधी वैध दस्तावेज हैं क्या निर्माण के लिए अनुमति ली गई है और यदि जमीन सरकारी है तो निर्माण शुरू होने के बाद भी उसे रोकने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई फिलहाल ग्रामीण प्रशासन से पूरे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

**इनका कहना -**

ग्रामीणों की शिकायत पर नोटिस जारी किए गए थे लेकिन कोई नतीजे सामने नही आए हैं एसडीएम को भी शिकायत की गई है। ग्राम पंचायत क्षेत्र की शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

**श्रीमति सीमा गोटिया, सरपंच ग्राम पंचायत बड़ी खैरी**



## छात्राएं सीख रहीं आर्टिफिशियल ज्वेलरी कला

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)। शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत अल्पावधि स्व रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. सुदामा धूमकेती ने उद्घाटन अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा की यह अवसर आपके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है इसलिए ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण गंभीरता के साथ ले प्रशिक्षण संस्था सेंटर ऑफ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट निशार कुरैशी ने बताया की संस्था रोजगारमूलक गतिविधिया आयोजित करती है जिसके तहत आज यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती सुन्दरवती यहाते ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को समझाया और कहा की यह प्रशिक्षण दो चरणों में होगा जिसमे अस्सी छात्राए भाग लेंगी उद्‌बोधन समारोह में उपस्थित डॉ. आराधना दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा की सभी को नौकरी मिलना मुश्किल कार्य है अतः आप लोग यह कौशल सीखकर अपना स्वयं का व्यवसाय भी कर सकती है। डॉ. अंजली पाण्ड्य ने भी अपने विचार से सभी को प्रोत्साहित किया प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में आसन खान, शक्सी भिल्वानी, भूमिका पटेल एवं बिंदु के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा यह प्रशिक्षण दो चरणों में होगा प्रकोष्ठ प्रभारी ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी।

# आधा किलो चांदी-सोने के जेवर ले गए चोर

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।

घुघरी के बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में चोरी की लगातार घटनाओं ने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। एक सप्ताह के भीतर बस स्टैंड क्षेत्र में दूसरी बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात हुई चोरी में चोर करीब आधा किलो चांदी और कुछ सोने के आभूषण ले जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा रही है स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले सप्ताह भी बस स्टैंड क्षेत्र स्थित एक दुकान मकान में दीवार तोड़कर चोरी की घटना हुई थी। हालांकि संबंधित पीड़ित द्वारा पुलिस में शिकायत नहीं किए जाने की बात सामने आई है। अब 3 अक्टूबर को इसी क्षेत्र में दोबारा



चोरी होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि घुघरी के बस स्टैंड बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई मामलों में लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी होने की शिकायतें रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुरानी घटनाओं में अपेक्षित कार्यवाही और खुलासे नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हैं हालांकि चोरी की घटनाओं और उनके खुलासे को लेकर पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है। ताजा घटना में भी चोरी हुए सामान की वास्तविक कीमत और अन्य विवरण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे स्थानीय नागरिकों ने रात्रि गश्त के तरीके पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस वाहन से सायरन बजाते हुए गश्त किए जाने से संदिग्धों को पुलिस की मौजूदगी का पहले ही पता चल जाता है।

नागरिकों का सुझाव है कि संवेदनशील क्षेत्रों में वाहन गश्त के साथ पैदल गश्त और सादी वर्दी में निगरानी बढ़ाई जाए ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखी जा सके लगातार चोरी की घटनाओं से नाराज व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से घुघरी में रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है नागरिकों ने बस स्टैंड क्षेत्र में नियमित पुलिस पिकेट लगाने पैदल एवं सादी वर्दी में गश्त बढ़ाने तथा पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं की जांच तेज कर आरोपियों तक पहुंचने की मांग की है।

## वार्षिक आम सभा की बैठक

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिला वनोपज सहकारी संघ पूर्व अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति 340 कामता पंजीयन क्रमांक 476 की वार्षिक आमसभा सोमवार को मुख्यालय चरगांव में दोपहर 12 बजे से नंदलाल तेकाम समिती अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में प्राथमिक वनोपज समिति कामता का वार्षिक आय-व्यय का विवरण पत्रक प्रस्तुत किया गया समिति अंतर्गत विभिन्न कार्यों के पूर्व में पारित प्रस्तावों पर चर्चा की गई बैठक में जिला यूनियन सदस्य मदन पटेल, समिति उपाध्यक्ष श्रीमति हिरोन्दी बाई, राजकुमार तेकाम, हरकेश उइके,बिशन तेकाम, बंशीलाल यादव, बिहारी लाल उइके,पुरन लाल तेकाम, फडू मुंशी श्यामलाल यादव, चरनसिंह , संजू उइके, प्रबंधक चौबे लाल मरकाम, पालक अधिकारी बालसिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# गांधी के आदर्शों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : मर्सकोले

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने दोनों महान राष्ट्रनायकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम भजन का सामूहिक गायन किया तथा गांधी जी और शास्त्री जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। डॉ. मर्सकोले ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा सर्वधर्म समभाव भाईचारे और मानवता का संदेश देकर पूरी दुनिया को नई दिशा दी। आज जब समाज में नफरत विभाजन और वैमनस्य फैलाने के



प्रयास दिखाई देते हैं तब गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा आज के सार्वजनिक जीवन के लिए प्रेरणा हैं। उनका अमर नारा जय जवान जय किसान देश की सुरक्षा और किसानों के सम्मान का प्रतीक है। डॉ. मर्सकोले ने कहा कि हम गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर विश्वास करते हैं, लेकिन गांधी जी की हत्या करने वाली नाथूराम गोडसे की हिंसक विचारधारा और उसके महिमामंडन का वैचारिक एवं लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना भी हमारा दायित्व है।

मतदाता के वोट की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से संबंधित जिन गंभीर सवालों को राहुल गांधी और विपक्ष द्वारा सार्वजनिक रूप से उठाया गया है उन सवालों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना लोकतंत्र के हित में आवश्यक है इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश कछवाहा, अमित शुक्ला, संगठन महासचिव राजेंद्र राजपूत, कांग्रेस प्रवक्ता संजय चौरसिया, नगर अध्यक्ष एडवोकेट रजनीश रंजन उसराठे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजू अहिवार, सेवादल अध्यक्ष संतोष भलावी, विवेक दुबे, रवि ठाकुर, गिरधारी लाल नीखर, संजय वाल्मीकि, अमन लाहोरिया, राधा गुप्ता, धनेश्वरी कुशराम, रेशमा अल्वी, रोहिणी स्वरूप कछवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ जवानों ने किया रक्तदान

मण्डला(स्वतंत्रमत)। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आलोक वीर यादव पीएमजी कमांडेंट-148वीं बटालियन सीआरपीएफ के मार्गदर्शन में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से वाहिनी मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा 15 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कमांडेंट आलोक वीर यादव ने सभी रक्तदाताओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि 148 बटालियन सीआरपीएफ के जवान आवश्यकता पड़ने पर नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्तदान तत्पर रहते हैं। 17 सितंबर को भी वाहिनी के 8 जवानों ने ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया था। इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, अमरी प्रसाद उप कमांडेंट, मनोरंजन कुमार उप कमांडेंट, डॉ. योगेश सिरस्याम एमडी पैथोलॉजी, डॉ. रितेश अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी एवं जिला अस्पताल की टीम के साथ वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी जवान उपस्थित रहे। इस शिविर के माध्यम से जवानों



ने स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा-भाव का संदेश दिया। वहीं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत राष्ट्रव्यापी श्रमदान एक दिन, एक घंटा, एक साथ के अंतर्गत 148 बटालियन के अधिकारियों जवानों के साथ नगर पालिका के कर्मचारियों ने मां नर्मदा के महिष्मती घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। महिष्मती घाट सुंदर सूर्यास्त सनसेट और नर्मदा नदी के मनोरम दृश्यों के लिए पहचाना जाता है यहां प्रतिदिन संध्या के समय पंचचौकी महाआरती का आयोजन किया जाता है।

# गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत महात्मा गांधी स्मारक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर के साप्ताहिक बाजार क्षेत्र एवं वार्ड क्रमांक 5 स्थित शंकर तालाब के आसपास विशेष सफाई अभियान किया गया।

स्वच्छता कार्य में श्रमदान किया विशेष सफाई अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल मार्गों एवं तालाब के आसपास साफ-सफाई कर नगरवासियों को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ एवं सुंदर भुआ बिछिया के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मार्को, शशिकांत श्रीवास्तव, प्यारे लाल कोराम, नारायणी साहू, राजकुमारी धुर्वे, चन्द्रकुमार झारिया, नीरज भट्ट, अशोक नानकानी, नरेश राजपूत, लेखन सिंह राजपूत, नरेश सार्वे, रुकमणी साहू, भूपेन्द्र ठाकुर सहित नगर परिषद के समस्त कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# नैनपुर में मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

### खेल, मैत्री और खेल भावना का दिखा अद्भुत संगम; निवारी अन्ना बनी विजेता

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नैनपुर में खेल, मैत्री और खेल भावना का शानदार संगम देखने को मिला। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आरवीसी नैनपुर, निवारी अन्ना, नवरत्न विद्यालय एवं निवारी कॉलेज के खिलाड़ियों की सहभागिता से मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, जोश और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मैदान पर प्रत्येक अंक के लिए खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को



मिला। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और उत्साह ने उपस्थित खेलप्रेमियों का खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला निवारी अन्ना और आरवीसी नैनपुर के बीच खेला गया।

फाइनल में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। कड़े संघर्ष के बाद निवारी अन्ना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला अपने नाम किया और प्रतियोगिता की विजेता बनी। वहीं आरवीसी नैनपुर की टीम ने भी शानदार खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीता। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर, एसडीओपी मनीष राज, थाना प्रभारी नैनपुर ओ पी रावत पार्षद नितिन ठाकुर एवं मोहित झरिया सहित पत्रकार बंधु सत्येंद्र तिवारी, विनय नामदेव, शंकर दयाल बाजपेई एवं प्रदीप समुद्र, रेलवे के अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने, अनुशासन अपनाने और सकारात्मक दिशा में अपनी ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

महात्मा गांधी ने सदैव अनुशासन, एकता, भाईचारे और स्वस्थ समाज की स्थापना का संदेश दिया। इन्हीं मूल भावनाओं को केंद्र में रखते हुए आयोजित यह मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं रही, बल्कि आपसी सौहार्द, मित्रता, अनुशासन और खेल भावना का सुंदर उदाहरण भी बनी।

प्रतियोगिता के विजेता निवारी अन्ना को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। आयोजन ने यह संदेश दिया कि खेल युवाओं को स्वस्थ रखने के साथ-साथ उनमें टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं।

# सर्वपितृ अमावस्या पर करें पितृ तर्पण, पितरों को श्रद्धा से करें विदा

**आश्विन कृष्ण अमावस्या की शाम समस्त पितृगणों की वापसी उनके गंतव्य की ओर होने लगती है। माना जाता है कि पितृगण सूर्य-चन्द्रमा की रश्मियों के सहारे वापिस अपने लोक जाते हैं, ऐसे में उनके वंशजों द्वारा प्रज्जवलित दीपों की रोशनी से पितरों को वापसी का मार्ग दिखाई देता है और वह आशीर्वाद के रूप में घर-परिवार में सुख-शांति प्रदान करते हैं, जिससे भाग्य में आने वाली बाधाऐं दूर होती हैं।**

जिनके पूर्वजों एवं माता-पिता का देहावसान अमावस्या के दिन हुआ हो अथवा अगर किसी को अपने दिवंगत परिजन के गुजरने की तिथि मालूम नहीं होती, उनका श्राद्ध सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के दिन किया जाता है। पितृ विसर्जनी अमावस्या के दिन शाम के समय पितरों को भोग लगाकर घर की दहलीज पर दीपक जलाकर प्रार्थना करनी चाहिए कि, हे पितृदेव! जाने-अनजाने में जो भी भूल-चूक हुई हो, उसे क्षमा करें और हमें आशीर्वाद दें कि हम अपने जीवन को सुख-शांति पूर्वक निर्वाह कर सकें।

श्राद्ध प्रकाश/यम स्मृति के अनुसार, आयु: प्रजां धनं विद्यानां, स्वर्गम् मोक्षं सुखानि च प्रयच्छन्ति तथा राज्यं पितर: श्राद्ध तर्पिता:।।

अर्थात् श्राद्ध से तर्पित हुए पितर हमें आयु, सन्तान, धन, विद्या, स्वर्ग, मोक्ष सुख तथा राज्य देते हैं। स्पष्ट है कि पितरों की कृपा से सब प्रकार की समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

पितृ विसर्जनी अमावस्या के दिन मध्यान्ह काल में स्नान कर सकल पितरों का श्राद्ध तर्पण करना चाहिए। सभी पितरों के निमित्त ब्राह्मण भोजन का विधान है। मान्यताओं के अनुसार विसर्जन के समय पिता, पितामह, प्रपितामह, माता आदि पितरों के तर्पण का विधान है। पितृवंश, मातृवंश, गुरुवंश, श्वसुर वंश और मित्र्रावंशों के पितरों का श्राद्ध भी इस दिन किया जा सकता है। गंगा आदि पवित्र नदियों के तट पर जाकर गोधूलि बेला में पितरों के निमित्त दीपदान करना आवश्यक है। नगर में नदी न हो, तो पीपल के वृक्ष के नीचे दीप जलाए जा सकते हैं।

दक्षिण दिशा की ओर दीपकों की लौ रखकर सोलह दीपक जलाने का विधान है। इन दीपकों के पास पूरी, मिठाई, चावल, दक्षिणा आदि रखकर दोनों हाथ ऊपर कर दक्षिण दिशा की ओर पितरों की विदाई दी जाती है। श्वेत रंग के पुष्प छोड़ते हुए पितरों को एक वर्ष के लिए विदा किया जाता है। शास्त्र कहते हैं कि 'पितरं प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता', अर्थात् पितरों के प्रसन्न रहने से ही सारे देवता प्रसन्न होते हैं। तभी मनुष्य के सारे जप, तप, पूजा-पाठ, अनुष्ठान, साधना आदि सफल होते हैं अन्यथा उन्हें लाभ नहीं मिलता।



## इस मातृ नवमी पर उतारें मातृ ऋण, करें अचूक उपाय



मातृ नवमी पितृ पक्ष की एक विशेष तिथि है, जो उन माताओं और मातृशक्ति को समर्पित मानी जाती है, जिनका देहावसान पति के जीवित रहते हुआ हो। इस दिन श्रद्धापूर्वक श्राद्ध, तर्पण और दान करने से दिवंगत माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। लाल किताब से निर्मित कुण्डली में जब चौथे भाव में केतु स्थित हो तो व्यक्ति के उपर मातृऋण होता है। लाल किताब में चौथे भाव का स्थायी स्वामी चन्द्रमा को माना गया है, क्योंकि चौथे भाव में चार नम्बर की राशि आती है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में कर्क राशि के नाम से पुकारा जाता है। कर्क राशि का स्वामी चन्द्रमा है, इसलिए चौथे भाव का स्थायी स्वामी चन्द्रमा को माना गया है। अब यदि चन्द्रमा के घर में केतु जैसा ग्रह आए तो चौथा भाव दूषित हो जाता है, अत: व्यक्ति मातृऋण से प्रभावित होगा।

### क्या हैं मातृ ऋण के लक्षण

लाल किताब बताती है कि जब व्यक्ति को निम्नलिखित दुष्परिणाम जैसे कहीं से किसी प्रकार की सहायता न मिलना, जमा धन व्यर्थ में खर्च हो जाए, कर्जा हो जाए और चुके नहीं, घर की शांति खत्म हो जाए अर्थात् घर में व्यक्ति सुख से भोजन न कर पाए जैसे ही भोजन करने बैठे कोई न कोई क्लेश घर मे हो जाए तो समझना चाहिए कि व्यक्ति के उपर मातृऋण है, उपाय कर मनुष्य को सुख समृद्धि के लिए मातृऋण से निवृत्त होने का प्रयास अवश्य करना चाहिए।

### मातृ ऋण से मुक्ति का अचूक उपाय

लाल किताब के अनुसार जिन लोगों की कुण्डली में ग्रह नक्षत्र मातृ ऋण के संकेत दे रहे हों, उन्हें कुटुम्ब के प्रत्येक सदस्य से बराबर मात्रा में चांदी लेकर सोमवार के दिन नदी में बहाना चाहिए। चंद्रमा को शांत और अनुकूल बनाने के लिए भगवान शिव की उपासना भी की जाती है, इसलिए मातृ नवमी पर शिवलिंग पर जल अर्पित कर माता की आत्मिक शांति और परिवार के कल्याण की प्रार्थना करना चाहिए। मातृ नवमी पर किया गया श्राद्ध दिवंगत माता के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक है।

## मौन होती मुंडेरें और कौवे की लौटती याद, विज्ञान भी कौवे को साधारण पक्षी मानने से कहीं आगे जाता है

पितृ पक्ष में कौवे को अन्न अर्पित करने की परंपरा सदियों पुरानी है, पर आज हमें कौवे व शहरी प्रकृति के बीच का बदलता रिश्ता भी देखना चाहिए। कौवे और अन्य कॉर्विड पक्षियों को मृत्यु, दूरदर्शिता, रहस्य, बुद्धि व स्मृति जैसे प्रतीकों से जोड़ा गया है। विज्ञान भी कौवे को साधारण पक्षी मानने से कहीं आगे जाता है।



कभी सुबह की शुरुआत घड़ी के अलार्म से नहीं, मुंडेर पर बैठे कौवे की कांव-कांव से होती थी। खाना बनता, तो उसका एक हिस्सा कौवे के लिए भी अलग रख दिया जाता। पितृ पक्ष आते ही कौवा भारतीय सांस्कृतिक स्मृति के केंद्र में आ जाता है। श्राद्ध का अन्न तैयार होता है, उसका एक अंश अलग रखा जाता है और प्रतीक्षा होती है कि कौवा आए तथा भोजन ग्रहण करे। भारतीय परंपरा में कौवे को पितरों से जोड़ने की मान्यता पुरानी है और श्राद्ध में उसे भोजन अर्पित करना पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, स्मरण व कृतज्ञता की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है।

कौवे को लेकर मान्यताएं भारत तक सीमित नहीं हैं। कई अन्य संस्कृतियों में कौवे और अन्य कॉर्विड पक्षियों को मृत्यु, रहस्य, बुद्धि, स्मृति तथा दूरदर्शिता जैसे प्रतीकों से जोड़ा गया है। आधुनिक विज्ञान भी कौवे को साधारण पक्षी मानने से कहीं आगे जाता है। कॉर्विड पक्षियों की अनुकूलन क्षमता उन्हें मानव-प्रभावित परिवेश में रहने में सक्षम बनाती है। भारत का 'हाउस क्रो' इसका उदाहरण है। लेकिन, क्या कौवे सच में तेजी से गायब हो रहे हैं?

स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स 2025 के अनुसार, भारत में हाउस क्रो की दीर्घकालिक प्रवृत्ति स्थिर आंकी गई है, जबकि वर्तमान वार्षिक प्रवृत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के लिए उपलब्ध आंकड़े हाउस क्रो की दीर्घकालिक तथा वर्तमान, दोनों प्रवृत्तियों को 'अपर्याप्त आंकड़े' की श्रेणी में रखते हैं। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि पूरे देश में कौवों की संख्या तेजी से घट रही है।

कौवे के संरक्षण का अर्थ केवल उसे भोजन देना नहीं, बल्कि उस शहरी पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखना है, जिसमें अनेक प्रजातियां एकसाथ रह सकें। शायद पितृ पक्ष की सबसे सुंदर सीख यही है कि पूर्वजों का स्मरण केवल अतीत की ओर देखना नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति जिम्मेदारी स्वीकारना भी है। कौवा आए, अन्न ग्रहण करे और हम इसे पितरों की स्वीकृति का संकेत मानें, यह परंपरा अपनी जगह अच्छी है, पर उससे भी सुंदर वह सुबह होगी, जब पितृ पक्ष बीत जाने के बाद भी हमारी मुंडेर पर उसकी कांव-कांव सुनाई देती रहे।

## पितृपक्ष पर गया में पिंडदान का महत्व

इस बार 26 सितंबर 2026 से पितृपक्ष की शुरूआत हो रही है। आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से पितृपक्ष की शुरूआत होती है। हिंदू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व होता है। क्योंकि इस दौरान पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए समर्पित होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक प्रतिपदा तिथि से लेकर सर्वपितृ अमावस्या तक पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और श्राद्धकर्म जैसे धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वज पृथ्वीलोक पर अपने वंशजों पर कृपा बरसाने हैं। इस दौरान विधि-विधान से किए गए श्राद्धकर्म से पितर प्रसन्न होते हैं और परिवार पर पितर अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं। इसलिए श्राद्धकर्म नियमों के साथ पूर्ण किए जाते हैं। अगर आप पहला श्राद्ध करने जा रहे हैं, तो इससे जुड़े कुछ नियमों को जान लेना चाहिए।



### गया में पिंडदान का महत्व

सनातन परंपरा में गया को पितृकर्म के प्रमुख तीर्थों में से एक माना गया है। यहां पर श्राद्ध और पिंडदान का संबंध पितरों के स्मरण, श्रद्धा और पितृ ऋण माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि गया में पितृकर्म करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। यह सिर्फ दोष दूर करने का उपाय नहीं बल्कि इसको पितरों के प्रति कर्तव्य के रूप में समझना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

पितृपक्ष में गया में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए होटल, ट्रेन और स्थानीय परिवहन की बुकिंग पहले करना उपयोगी साबित हो सकता है। पूजा-पिंडदान से जुड़ी दक्षिणा और सामग्री की कीमत पहले ही स्पष्ट करें। किसी भी पैकेज की बुकिंग करने से पहले इसमें शामिल सुविधाओं और ताजा मूल्यों की पुष्टि कर लें।

पिंडदान की विधि और जरूरी सामग्री परिवार की परंपरा और संबंधित पुरोहित के मार्गदर्शन के हिसाब से अलग हो सकती है। धार्मिक अनुष्ठान के लिए स्थानीय पंडित/पुरोहित से पहले सही जानकारी ले लें।



## बिना केमिकल तांबे के बर्तनों का कालापन करें दूर

नवरात्रि और त्योहारी सीजन में पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाले पीतल और तांबे के बर्तन समय के साथ काले पड़ जाते हैं। इन्हें चमकाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर के बजाय नींबू-नमक, इमली का गूदा, बेकिंग सोडा, सिरका और बेसन-दही जैसे घरेलू नुस्खे बेहद असरदार साबित होते हैं। इनसे बर्तनों की प्राकृतिक चमक तुरंत लौट आती है। अक्टूबर के महीने में कई व्रत-त्योहार पड़ रहे हैं। वहीं 11 अक्टूबर 2026 से नवरात्रि का महापर्व शुरू हो रहा है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व की विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान कई लोग भगवान की पूजा के लिए पीतल और तांबे के बर्तनों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लंबे समय तक इन बर्तनों का इस्तेमाल न किया जाए या नमी की वजह से इन बर्तनों पर कालापन और दाग जम जाते हैं। जिससे बर्तनों की चमक फीकी पड़ जाती है। ऐसे में इन बर्तनों को साफ करने के लिए महंगे क्लीनर खरीदने की जरूरत नहीं है। घर में मौजूद कुछ आसान चीजों की सहायता से आप न सिर्फ तांबे और पीतल के बर्तनों को नए जैसा चमका सकते हैं।

**नींबू और नमक से करें साफ**- तांबे और पीतल के बर्तनों की सफाई के लिए नमक और नींबू सबसे आसान और असरदार उपाय माना जाता है। एक नींबू को पहले बीच से काट लें और फिर इस पर थोड़ा सा नमक लगाएं। अब तांबे के बर्तनों पर आधे कटे नींबू को हल्के हाथों से रगडें। 5 से 10 मिनट बाद पानी से धोकर बर्तनों को पोंछ लें। इससे जिद्दी दाग और कालापन काफी हद तक साफ हो जाएगा।

**इमली का गूदा**- अगर बर्तनों पर पुराने और जिद्दी दाग पड़े हैं, तो इमली का गूदा भी मदद कर सकता है। इमली को थोड़ी देर पानी में भिगोकर इसका गूदा निकाल लें। फिर बर्तनों पर लगाएं और कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद मुलायम स्क्रबर से हल्के हाथों से बर्तन को साफ करें और पानी को धो लें।

**बेकिंग सोडा और नींबू**- नींबू और बेकिंग सोडा का मिश्रण भी तांबे के बर्तनों को साफ करने में मददगार माना जाता है। दोनों को मिलाकर पेस्ट तैयार करें और फिर बर्तनों पर लगाएं। 10 मिनट बाद मुलायम स्पंज से रगड़कर धो लें। इससे बर्तनों की चमक वापस मिलती है।

**सिरका और नमक**- अगर तांबे के बर्तन अधिक काले हो गए हैं, तो सिरका और नमक के घोल का उपयोग कर सकती हैं। सिरका और नमक को मिलाकर बर्तन पर लगाएं। फिर कुछ मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़ें और साफ पानी से धोकर फौरन सूखे कपड़े से पोंछ दें। इससे दाग भी हट जाते हैं और नए जैसी चमक भी लौटती है।

**बेसन और दही**- अगर आप भी केमिकल फ्री तरीका अपनाना चाहती हैं, तो दही और बेसन का गाढ़ा पेस्ट बनाकर बर्तनों पर लगाएं। 10 से 15 मिनट बाद हल्के हाथों से रगड़ते हुए तांबे के बर्तनों को साफ करें। इस आसान तरीके से बर्तनों की गंदगी हटाने के साथ उनकी नेचुरल चमक बनाए रखने में सहायता करता है।

## खाना दोबारा गरम करते समय कहीं आप भी तो नहीं कर रहीं ये गलतियां

मिताली जैन

हम सभी के घर में अक्सर खाना बच ही जाता है, जिसे हम अगली मील में दोबारा गरम करके खाते हैं। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। इस तरह खाने को दोबारा गरम करके खाने से फूड वेस्टेज को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लेकिन यहां इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि खाने को सही तरह से गरम किया जाए। कई बार हम जल्दी में बचे हुए खाने को सीधे तेज आंच पर चढ़ा देते हैं या पूरे बर्तन को बार-बार गरम करते रहते हैं। इससे खाने का स्वाद और बनावट तो बदल ही सकती है, सही तरीके से न रखा गया खाना सेहत के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ फूड रिहीट मिसटेक्स के बारे में-

### खाना बार-बार गरम करना

यह फूड रिहीट के दौरान की जाने वाली सबसे आम गलतियों में से एक है। कभी-कभी हम जल्दी में होते हैं और एक साथ सारा बचा हुआ खाना ही गरम करने लगते हैं। हालांकि आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। बार-बार गरम करने से खाने का स्वाद, खुशबू और बनावट खराब हो सकती है। इसलिए, जितना खाना खाना हो, उतना ही अलग बर्तन में निकालकर गरम करें। बाकी खाना ठंडा करके सुरक्षित तरीके से रखा रहने दें।



### बहुत तेज आंच पर गरम करना

आप खाने को किस तरह गरम कर रही हैं, यह भी बहुत ज्यादा मायने रखता है। अमूमन लोग जल्दी के चक्कर में गैस आंच पर ही खाना गरम करने लगते हैं। ऐसे में खाना बाहर से खाना बहुत गरम हो जाता है, लेकिन अंदर का हिस्सा उतना गरम नहीं होता। इतना ही नहीं, बहुत तेज आंच पर गरम करने से खाने का कुछ हिस्सा सूख या जल भी सकता है। इसलिए, हमेशा खाना दोबारा गरम करते समय मध्यम या धीमी आंच रखें और बीच-बीच में चलाते रहें, ताकि गर्मी हर हिस्से तक पहुंचे।

### खाने को लंबे समय तक बाहर छोड़ देना

कुछ लोग खाना गरम करने के बाद उसे दोबारा काफी देर तक रसोई या मेज पर छोड़ देते हैं। जबकि यह आदत बिल्कुल भी ठीक नहीं मानी जाती। गर्म या सामान्य तापमान पर लंबे समय तक रखा खाना खराब होने का जोखिम बढ़ा सकता है। जितना खाना तुरंत खाना हो उतना ही गरम करें और बचे हुए हिस्से को दोबारा लंबे समय तक बाहर रखने से बचें।

### एक ही खाने को बहुत देर तक गरम करते रहना

कई बार हमें लगता है कि खाना जितनी देर तक गरम होगा, उतना ही अच्छा रहेगा। जबकि यह सच नहीं है। जब खाने को बहुत देर तक गरम किया जाता है तो इससे कभी सब्जी की नमी कम हो सकती है, तो कभी दाल गाढ़ी हो सकती है और खाना सूखा लग सकता है। इसलिए, खाना पूरी तरह गरम होते ही आंच बंद कर दें। जरूरत से ज्यादा पकाने से बचें।

## वास्तु के ये 10 नियम बदल सकते हैं घर का माहौल

भारतीय परंपरा में वास्तु शास्त्र को जीवन और स्थान की ऊर्जा को संतुलित करने का विज्ञान माना गया है। माना जाता है कि यदि घर या कार्यस्थल वास्तु नियमों के अनुसार बनाया और व्यवस्थित किया जाए, तो वहां सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और सफलता बनी रहती है। वहीं, गलत दिशा या असंतुलित ऊर्जा से घर में तनाव, आर्थिक समस्याएं और मानसिक अशांति उत्पन्न हो सकती है।वास्तु नियमों का पालन घर के वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां जानिए वास्तु शास्त्र के महत्वपूर्ण नियम, घर का सही माहौल बनाने के उपाय और सुख-समृद्धि बढ़ाने के सरल वास्तु टिप्स, जो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। यहां वास्तु के ऐसे 10 अचूक नियम दिए गए हैं, जो आपके घर का माहौल पूरी तरह बदल सकते हैं-

### 1. ईशान कोण को रखें खाली

घर का उत्तर-पूर्वी कोना ईश्वर का स्थान माना जाता है। इस कोने को हमेशा बिल्कुल साफ, हल्का और खुला रखें। यहां कभी भी भारी अलमारी, कबाड़ या जूता-चप्पल का रैक न रखें। इस दिशा में मंदिर बनाना सबसे उत्तम होता है।

### 2. पूजा घर के नियम

घर में सुख-शांति के लिए पूजा घर का सही होना बहुत जरूरी है। मंदिर में कभी भी एक ही देवी-देवता की आमने-सामने दो तस्वीरें न रखें। मृत परिजनों की तस्वीरें पूजा घर में रखने की बजाय घर की दक्षिण दिशा में लगाएं।

### 3. मुख्य द्वारपर मांगलिक चिन्ह

घर का मुख्य द्वार खुशियों और लक्ष्मी के



प्रवेश का रास्ता है। इसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। मुख्य द्वार पर सिंदूर से स्वास्तिक, ? या शुभ-लाभ का चिन्ह बनाएं। इसके अलावा, प्रवेश द्वार पर बंदनवार (तोरण) लगाना भी बेहद शुभ माना जाता है।

### 4. रसोई घर की सही दिशा

रसोई घर में अग्नि का वास होता है, जो सेहत और समृद्धि से जुड़ा है। वास्तु के अनुसार, रसोई हमेशा अग्नि कोणमें होनी चाहिए। खाना बनाते समय आपका मुख पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। ध्यान रखें कि सिंक (पानी) और चूल्हा (आग) कभी भी एक सीध में या बिल्कुल पास-पास न हों।

### 5. तिजोरी और धन रखने का स्थान

यदि आप चाहते हैं कि घर में धन टिके और बरकत हो, तो अलमारी या तिजोरी को घर के दक्षिण या पश्चिम कोने में इस तरह रखें कि उसका मुख खुलते समय उत्तर दिशा की ओर हो। उत्तर दिशा को कुबेर की दिशा माना जाता है।

### 6. दर्पण लगाने की सही जगह

गलत दिशा में लगा शीशा घर में नकारात्मकता और बीमारियां बढ़ा सकता है। दर्पण को हमेशा घर की उत्तर या पूर्व दीवार पर लगाएं। ध्यान रखें कि बेडरूम में शीशा इस तरह न लगा हो जिसमें सोते समय आपका शरीर दिखाई दे, इससे स्वास्थ्य खराब होता है।

7. शाम के समय कपूर का धुआं और रोशनी शाम के वक्त (सूर्यास्त के समय) घर के सभी कमरों की लाइटें कुछ देर के लिए जरूर जलाएं, विशेषकर मुख्य द्वार और पूजा घर में। इस समय घर में कपूर या लोबान का धुआं करने से दिनभर की एकत्रित हुई नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकल जाती है और लक्ष्मी का आगमन होता है।

### 8. सोते समय सिर की दिशा

अक्सर लोग इस बात पर ध्यान नहीं देते, लेकिन गलत दिशा में सोने से मानसिक तनाव और अनिद्रा की समस्या होती है। सोते समय आपका सिर हमेशा दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। उत्तर दिशा की तरफ सिर करके कभी न सोएं।

### 9. बाथरूम के दरवाजे रखें बंद

बाथरूम और टॉयलेट में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव सबसे ज्यादा होता है। इसलिए इस्तेमाल के बाद हमेशा बाथरूम का दरवाजा बंद रखें। बाथरूम के अंदर एक कांच की कटोरी में सेंधा नमक भरकर रखने से वहां की नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है।

### 10. बंद घड़ियां और टूटी चीजें हटाना

वास्तु में बंद घड़ी को दुर्भाग्य का सूचक माना जाता है। यदि घर में कोई घड़ी बंद पड़ी है या खराब है, तो उसे तुरंत ठीक करवाएं या हटा दें। इसी तरह टूटे हुए बर्तन, चटका हुआ कांच और बंद पड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान घर में आर्थिक तंगी लाते हैं।

## घर की एनर्जी बदल देंगी ये खास धूप

हिंदू परंपरा में घर के भीतर धूप और दीप प्रवलित करना केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि एक गहरा विज्ञान है। हमारे पूर्वज जानते थे कि खास जड़ी-बूटियों को जलाने से निकलने वाला धुआं घर की नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर सकारात्मकता का संचार करता है। वास्तु दोष, पितृ दोष और गृह-कलह जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए धूप देना सबसे सरल और असरदार तरीका है। आइए जानते हैं, घर को स्वर्ग बनाने वाली धूप के अलग-अलग प्रकार और उनके लाभ-

**1. गुग्गुल और लोबान- पारलौकिक और दैवीय कृपा**- गुग्गुल की मीठी सुगंध तनाव को कम करती है। अक्सर इसे गुरुवार और रविवार को जलाया जाता है ताकि घर की वायु शुद्ध रहे।

**लोबान**- इसे जलाने से मानसिक शक्ति बढ़ती है, लेकिन इसके नियम कड़े होते हैं। माना जाता है कि यह सूक्ष्म शक्तियों को आकर्षित करता है, इसलिए इसे विशेषज्ञों की सलाह पर ही जलाएं।

**2. कपूर- दोषों का काल**- कपूर जलाना अक्षय पुण्य का काम माना गया है। वैज्ञानिक रूप से इसकी गंध बैक्टीरिया और वायरस का नाश करती है। जिस घर में नियमित कपूर जलता है, वहां पितृ दोष या वास्तु दोष टिक नहीं पाते।

**3. षोडशांग और दशांग धूप- रोगों से सुरक्षा का कवच**- षोडशांग धूप- यह सबसे खास मानी गई है। इसमें चंदन, कपूर, जटामांसी और गुग्गुल जैसी 16 आयुर्वेदिक वस्तुओं का मिश्रण होता है। उपले पर जलाने से घर में आकस्मिक दुर्घटनाओं और बीमारियों का भय कम होता है।

**दशांग धूप**- यह 10 विशेष सामग्रियों (जैसे गुड़, राल, जटामांसी) से बनती है। इसकी खुशबू घर के सदस्यों के बीच शांति और सामंजस्य बनाए रखती है।

**4. गुड़-घी का देसी नुस्खा- ऑक्सीजन और शांति का स्त्रोत**- अगर आप कुछ खास नहीं कर सकते, तो जलते हुए कंडे (उपले) पर बराबर मात्रा में गुड़ और घी रखें। यह मिश्रण वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है और आपके दिमाग के तनाव को तुरंत शांत कर देता है।

**5. धूप देने से क्या-क्या मिलेंगे फायदे?- वास्तु सुधार**- घर के कोनों में दबी नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकल जाती है।

**मानसिक सेहत**- घर के सदस्यों का मन शांत रहता है और बीमारियां दूर रहती हैं।

**दैवीय आशीर्वाद**- धूप से देवता और पितृ प्रसन्न होते हैं, जिससे जीवन की बाधाएं स्वत: समाप्त होने लगती हैं।

**6. धूप देने के खास नियम (न करें ये गलतियां)**- कब दें धूप? यदि रोजाना संभव न हो, तो अमावस्या, पूर्णिमा, तेरस और चौदस को सुबह-शाम धूप जरूर दें। याद रखें, सुबह की धूप देवताओं के लिए और शाम की पितरों के लिए होती है।

# अलग से ड्रोन फोर्स नहीं बनाएगी वायुसेना, एआई के दम पर बदलेगी युद्ध की रणनीति : आईएएफ

नई दिल्ली

इंडियन एयर फोर्स डे 8 अक्टूबर को मनाया जाएगा। एयर फोर्स डे से ठीक पहले, IAF चीफ अमर प्रीत सिंह ने कहा कि अगर स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्टके डेवलपमेंट में देरी होती है, तो फोर्स को दूसरे फाइटर प्लेटफॉर्म्स पर विचार करना पड़ सकता है।

IAF को मौजूदा समय में इटर स्क्वाड्रन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। IAF के पास अभी 42 की मंजूर संख्या के मुकाबले 29 फाइटर स्क्वाड्रन हैं।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, अगर AMCA (पांचवीं पीढ़ी) और दूसरे प्रोग्राम्स में देरी होती है, तो हमें दूसरे फाइटर प्लेटफॉर्म्स पर विचार करना पड़ सकता है।

एपी सिंह ने कहा कि फाइटर स्क्वाड्रन की कमी को पूरा करने के लिए फोर्स को हर साल 36 से 40 फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल करने की जरूरत है।

एयर चीफ की ये बातें ऐसे समय में आई हैं जब IAF अपने फाइटर बेड़े को मजबूत करने के लिए कई प्रोग्राम्स पर काम कर रही है, जबकि AMCA को भारत के भविष्य के पांचवीं पीढ़ी के कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के तौर पर विकसित किया जा रहा है।



फाइटर्स की संख्या के अलावा, एयर चीफ मार्शल ने नई तकनीकों के जरिए IAF को बदलने की जरूरत पर भी जोर दिया। भविष्य के मिलिट्री ऑपरेशन्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए सिंह ने कहा, हमें AI-युक्त फोर्स की जरूरत है। IAF चीफ एपी सिंह ने कहा, भारतीय वायु सेना के लिए ड्रोन कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं, बल्कि विकास की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। ड्रोन और लॉइटरिंग म्यूनिशन को मौजूदा फोर्स स्ट्रक्चर का ही हिस्सा बने रहना चाहिए और उन्हें अलग से इस्तेमाल करने के बजाय दूसरे हथियारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। प्रस्तावित मल्टीरोल फाइटर जेट की खरीद पर एपी सिंह ने कहा, यह डील मौजूदा फाइनेंशियल ईयर में फाइनल हो सकती है, लेकिन यह कई अन्य कारकों पर निर्भर करेगा। इस प्रोग्राम में 114 राफेल फाइटर्स की प्रस्तावित खरीद शामिल है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने पहले ही इस खरीद के लिए एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी (जरूरत की मंजूरी) दे दी है और सरकार का कहना है कि ज्यादातर एयरक्राफ्ट भारत में ही बनाए जाएंगे।

वैकल्पिक पांचवीं पीढ़ी के फाइटर की संभावना पर सिंह ने कहा कि रूस ने भारत को अपने Su-57 जेट्स की पेशकश की है, लेकिन इस प्रस्ताव पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।

रूस ने सार्वजनिक रूप से भारत को Su-57 की पेशकश की है, और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत में इस एयरक्राफ्ट के ज्वाइंट प्रोडक्शन का भी प्रस्ताव दिया है। हालांकि, सिंह की बातों से संकेत मिलता है कि IAF ने रूसी प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया है।

# फ्लाईदुबई विमान में सह-पायलट का हमला 'आतंकवादी' कृत्य था : यूएई अभियोजक

दुबई, (वार्ता)

संयुक्त अरब अमीरात के महा अभियोजक डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने शनिवार को कहा कि फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 में सह-पायलट ने विमान के दौरान आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया था। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम के अनुसार, सह-पायलट ने कॉकपिट में पायलट पर विमान में आपात स्थिति में चालक दल द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले क्रैश एक्स से हमला किया और विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेने का प्रयास किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सह-पायलट की पहचान ओमान के नागरिक हमाम अल-हमामी के रूप में की है।



अल शम्सी ने कहा कि घटना के परिस्थितियों, हमले के मकसद और इससे जुड़े संभावित संपर्कों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। भौतिक और डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद जांच के अंतिम नतीजे घोषित किये जाएंगे।

यूएई अभियोजक जनरल की यह टिप्पणी इस घटना को कथित आतंकवादी हमला बताने वाली अमीराती अधिकारियों की पहली सार्वजनिक टिप्पणी है।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, अल-हमामी ने 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान में भारतीय कैप्टन स्मित मछार पर कथित तौर पर हमला किया और विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास किया था। यात्रियों और चालक दल ने कथित तौर पर उसे काबू कर लिया था।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, हमाम अल-हमामी ओमानी नागरिक है। उसके पिता ओमान के और मां सीरिया मूल की हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ओमानी अधिकारियों ने उसके कथित कट्टरपंथी वैचारिक विचारों के कारण पहले उसे विमान उड़ाने से रोक दिया था। बाद में उसे यूएई स्थित फ्लाईदुबई में नियुक्त किया गया। हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं है कि नियुक्ति के समय उसकी किस स्तर की जांच की गयी थी।

अल अरबिया ने एक सूत्र के हवाले से दावा किया कि ओमानी अधिकारियों ने सह-पायलट के कट्टरपंथी विचारों की पुष्टि की थी। प्रसारक के अनुसार, उसने सीरिया में भी कुछ समय बिताया था, जिससे उसके वहां सक्रिय कट्टरपंथी समूहों से प्रभावित होने की आशंका जतायी गयी। एबीसी न्यूज ने जांच से परिचित वरिष्ठ खुफिया और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से कहा कि सह-पायलट के प्रशिक्षु रहने के दौरान उसके पास कथित तौर पर कट्टरपंथी सामग्री पायी गयी थी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि संदिग्ध इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा की ओर उन्मुख हुआ था और उसने विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की थी। उड़ान एफजेड1073 में 174 लोग सवार थे। घटना के दौरान विमान 30 सेकंड से भी कम समय में करीब 14,000 फुट नीचे आ गया था। बाद में विमान ने सऊदी अरब के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र स्थित तबुक हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग की। सऊदी अधिकारियों ने सह-पायलट को हिरासत में लिया था और सूत्रों के अनुसार, एक अक्टूबर को उसे संयुक्त अरब अमीरात भेज दिया गया।

# अमेरिका के ओहियो में हिंदू मंदिर पर हमला

वाशिंगटन (वार्ता)

अमेरिका के ओहायो में शुक्रवार को एक हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने बताया कि एक या अधिक लोगों ने मंदिर की इमारत पर कथित तौर पर ईंटें फेंकीं, जिससे काफी नुकसान हुआ। एचएएफ के अनुसार, ग्रेटर क्लीवलैंड क्षेत्र के रिचमंड हाइट्स स्थित श्री स्वामीनारायण वडताल धाम हिंदू मंदिर को अपराह्न करीब 1=30 बजे निशाना बनाया गया।

अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संगठन ने सोशल मीडिया %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, आज ओहायो में हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। संगठन ने बताया कि हमलावरों ने मंदिर पर ईंटें फेंकीं, जिससे काफी नुकसान हुआ।

एचएएफ ने कहा कि घटना का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है और अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। संगठन ने यह भी बताया कि वह मंदिर के पदाधिकारियों के संपर्क में है और उन्हें हरसंभव सहायता दे रहा है। फाउंडेशन ने कहा, सीसीटीवी का वीडियो उपलब्ध है और अधिकारी इसकी समीक्षा कर रहे हैं। एफबीआई और नागरिक अधिकार विभाग को इसकी जानकारी दी जा रही है। एचएएफ मंदिर के पदाधिकारियों के संपर्क में है और हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रहा है। उत्तर अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने कहा कि हमले में मंदिर की खिड़कियां टूट गईं। घटना के समय पुजारी और श्रद्धालु मंदिर के अंदर मौजूद थे। संगठन ने यह नहीं बताया कि हमले में कोई घायल हुआ है या नहीं और न ही यह स्पष्ट किया कि कितनी खिड़कियां क्षतिग्रस्त हुईं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) और उत्तर अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने इस घटना को संभावित घृणा अपराध बताया है। मामले की जांच जारी है और माना जा रहा है कि निगरानी कैमरे की फुटेज हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एचएएफ ने कहा, यह संभावित घृणा अपराध ऐसे समय हुआ है, जब हिंदू अमेरिकी समुदाय के खिलाफ अभूतपूर्व नफरत और कटुता देखने को मिल रही है। संगठन ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जिम्मेदार लोगों को पकड़ने को प्राथमिकता देने की अपील की। फाउंडेशन ने अमेरिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सरकारी एजेंसियों से भारतीय और हिंदू अमेरिकी समुदायों के खिलाफ की जा रही नफरत भरी बयानबाजी की सार्वजनिक रूप से निंदा करने का भी आग्रह किया।

सीओएचएनए ने अलग से रिचमंड हाइट्स की मेयर किम थॉमस और स्थानीय प्रशासन से घटना की निंदा करने की अपील की। संगठन ने पुलिस से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब ओहायो और अमेरिका के अन्य हिस्सों में हिंदू समुदाय अक्टूबर में विभिन्न सामुदायिक संगठनों द्वारा मनाए जाने वाले हिंदू विरासत माह से जुड़े कार्यक्रमों की शुरुआत कर रहे हैं।

# डब्ल्यूएचओ: दुनिया में औसत जीवन प्रत्याशा महामारी से पहले के स्तर पर लौटी

मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता)

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया भर में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर पर वापस पहुंच गई है।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने 2000 से 2023 की अवधि के लिए देशों और क्षेत्रों के हिसाब से स्वास्थ्य से जुड़े रुझानों का अनुमान लगाया। इसमें जीवन प्रत्याशा, मृत्यु दर, बीमारी की दर और विभिन्न बीमारियों से जुड़े बदलाव शामिल हैं। बयान में कहा गया है, 2023 में दुनिया भर में औसत जीवन प्रत्याशा 73.3 साल तक पहुंच गई जो 2019 में दर्ज 73.4 साल के करीब है।

साल 2023 में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों में से 74 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण हुईं, जबकि साल 2000 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत था। इसी दौरान, डिमेंशिया से होने वाली मौतों की संख्या तीन गुना हो गई जबकि महामारी की शुरुआत के बाद से चिंता विकार और अवसाद से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई। साल 2023 में, दुनिया भर में हुई 6.1 करोड़ मौतों में से 3.3 करोड़ मौतें 10 मुख्य कारणों से हुईं।

इन 10 प्रमुख कारणों में से आठ कारण गैर-संचारी रोग थे। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मौत के मुख्य कारणों में हृदयवाहिका संबंधी रोग, जिनमें इस्कीमिक हृदय रोग और स्ट्रोक शामिल हैं, साथ ही श्वसन संबंधी रोग, जिनमें क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण शामिल हैं।

# केरलम में 9 साल की बच्ची के पेट से निकला एक किलो बालों का गुच्छा, सफल ऑपरेशन के बाद मिली नई जिंदगी

तिरुवनंतपुरम

केरलम के तिरुवनंतपुरम से एक बेहद हैरान कर देने वाला और दुर्लभ मेडिकल मामला सामने आया है। यहां एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने 9 साल की एक बच्ची के पेट और छोटी आंत से ऑपरेशन कर बालों का एक विशाल गुच्छा बाहर निकाला है, जिसका वजन करीब 1 किलो था। अस्पताल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, यह बच्ची पिछले कुछ समय से पेट में लगातार दर्द और उल्टी की गंभीर समस्या से जूझ रही थी। इसके बाद उसे नेय्यातिनकारा स्थित निम्स मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बता दें कि डॉक्टरों ने जब बच्ची का अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन किया, तो पता चला कि उसकी आंतों में गंभीर रुकावट आ गई है। इसके बाद एंडोस्कोपी की गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि बच्ची के पेट से लेकर छोटी आंत तक बालों का एक बहुत बड़ा ढेर जमा हो चुका है।



अस्पताल के पैलिएटिव और पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. बीजू आईजी नायर के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी कर इस 1 किलो भारी बालों के गुच्छे को पूरी तरह से बाहर निकाल दिया। डॉक्टरों ने बताया कि अब बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है, उसने सामान्य रूप से खाना-पीना शुरू कर दिया है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। डॉ. नायर के अनुसार, इस दुर्लभ मेडिकल स्थिति को रपुनज़ल सिंड्रोम या ट्राइकोबेजोड़ कहा जाता है। इसको ऐसे समझिए कि जब कोई व्यक्ति बार-बार अपने बाल खुद खींचकर निगलने लगता है, तो वे पच नहीं पाते। ये बाल धीरे-धीरे पेट में जमा होकर एक सख्त गांठ का रूप ले लेते हैं, जिससे समय के साथ आंतों में रुकावट पैदा हो जाती है।

चिकित्सा साहित्य के अनुसार, पुनजल सिंड्रोम एक अत्यंत दुर्लभ बीमारी है, जिसमें बालों का गुच्छा पेट से बढ़कर छोटी आंत तक फैल जाता है। यह समस्या आमतौर पर किशोर उम्र की लड़कियों में देखी जाती है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, पूरी दुनिया में अब तक इस बीमारी के 100 से भी कम मामले दर्ज किए गए हैं, जो इसे बेहद खास और दुर्लभ बनाता है।

# केन्या में भीषण सड़क हादसा, हाईवे पर ट्रक की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे; 13 तीर्थयात्रियों की मौत

नैरोबी



केन्या के तटीय शहर मोम्बासा जाने वाले मुख्य राजमार्ग पर शनिवार को कई वाहनों की आपस में हुई भीषण टक्कर में 13 लोगों की जान चली गई। पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में मारे गए अधिकांश लोग तीर्थयात्री थे, जो एक धार्मिक स्थल पर प्रार्थना के लिए जा रहे थे। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, हादसा सलामा इलाके में आधी रात के बाद हुआ। एक ट्रक चालक ने आगे चल रहे दूसरे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन वह वाहन पर से संतुलन खो बैठा। ट्रक के अचानक अनियंत्रित होकर मुड़ने से सामने से आ रहे वाहन उसकी चपेट में आ गए, जिनमें तीर्थयात्रियों से भरी एक वैन भी शामिल थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हादसे के शिकार वैन के चालक और उसमें सवार 12 यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वैन में कुल कितने यात्री सवार थे और उनमें से कोई जीवित बचा है या नहीं, इसे लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। मोम्बासा के कैथोलिक आर्चडायोसिस के आर्कबिशप मार्टिन किवुवा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बताया कि वैन में सवार सभी श्रद्धालु केन्या की राजधानी नैरोबी के पश्चिम में स्थित नकुरू काउंटी के एक प्रार्थना स्थल की ओर जा रहे थे। रास्ते में ही यह दुखद दुर्घटना घट गई। केन्या समेत पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या बनी हुई हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# पांच साल बाद बड़े पर्दे पर लौटेंगी तनिशा मुखर्जी



अभिनेत्री तनिशा मुखर्जी करीब पांच साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। तनिशा, फिल्मकार कपिल कौस्तुभ शर्मा की फिल्म ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है में नजर आएंगी। मार्गाओ फाइल्स की सफलता के बाद कपिल अब मुंबई की पारसी कम्युनिटी की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी लेकर आ रहे हैं। फिल्म 1990 के दशक से वर्ष 2025 तक का सफर तय करती है और इसमें रोमांस, हास्य और मानवीय भावनाओं का मेल देखने को मिलेगा। फिल्म में तनिशा का किरदार जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। निर्देशक कपिल के अनुसार, तनिशा में मौजूद भावनात्मक गहराई इस किरदार के लिए बेहद उपयुक्त थी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए व्यक्तिगत है और रिश्तों, बदलते समय तथा रोजमर्रा की जिंदगी की खूबसूरती को दर्शाती है। फिल्म की शूटिंग दक्षिण मुंबई और दादर पारसी कॉलोनी के वास्तविक पारसी घरों में की गई है। फिल्म को प्रामाणिक बनाने के लिए कपिल ने पारसी समुदाय के लोगों के साथ भी करीब से काम किया है, ताकि उनकी संस्कृति, तौर-तरीके और बोलचाल को स्वाभाविक रूप से पर्दे पर उतारा जा सके।

कपिल ने फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन के साथ इसका निर्माण भी किया है। वह इसमें अभिनय भी कर रहे हैं और एक पारसी किरदार के जीवन के अलग-अलग उम्र के पड़ावों को निभाने के लिए शारीरिक रूपांतरण से गुजरे हैं। ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है का नाम 1978 में प्रदर्शित फिल्म खट्टा मीठा के चर्चित गीत से प्रेरित है। कपिल ने बताया कि इसी फिल्म के जरिए बचपन में उन्हें पारसी जीवन और संस्कृति की पहली सिनेमाई झलक मिली थी। फिल्म में तनिशा मुखर्जी के अलावा सुष्मिता मुखर्जी, कितू गिडवानी, परवीन दस्तूर, डेलनाज़ ईरानी, तनाज़ ईरानी, शाहरुख सिरस ईरानी, डॉली ठाकोर और अनन्या दत्ता भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म को सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने से पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में ले जाने की भी तैयारी है।

# नई नवेली की रिलीज से पहले पटना पहुंचीं यामी गौतम, पटना साहिब गुरुद्वारे में टेका माथा

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम धर अपनी आगामी फिल्म नई नवेली के प्रचार के सिलसिले में पटना पहुंचीं, जहां प्रशंसकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान यामी ने पटना साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका और फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया। यामी ने फिल्म के ट्रेलर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गुरुद्वारे में कुछ समय बिताया और अपनी आगामी फिल्म के लिए आशीर्वाद लिया। बालाजी मोहन निर्देशित नई नवेली को हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। फिल्म का निर्माण आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने किया है। फिल्म में यामी गौतम एक अलग अवतार में नजर आएंगी। यह फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर परिवार, रिश्तों, हास्य और एक्शन से भरपूर है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो की प्रस्तुति नई नवेली 16 अक्टूबर 2026 को दशहरा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# दृश्यमः द कन्क्लूज़न से अभिषेक पाठक ने बनाई अलग पहचान



निर्देशक अभिषेक पाठक ने दृश्यम द कन्क्लूजन के जरिए थ्रिलर फिल्मों में अपनी अलग पहचान मजबूत की है। दृश्यम 2 के बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में उन्होंने निर्देशक और सह-लेखक के तौर पर कहानी को नया रूप देने की कोशिश की है।दृश्यम फ्रेंचाइजी की खासियत यह रही है कि दर्शक कहानी के हर सुराग और मोड़ को बारीकी से परखते हैं। दृश्यम= द कन्क्लूजन में पाठक ने दर्शकों की इस अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए कहानी और स्क्रीनप्ले को इस तरह पेश किया है कि घटनाक्रम लगातार अनुमान लगाने के लिए प्रेरित करता है।

फिल्म की हिंदी कहानी मलयालम की तीसरी फिल्म से अलग बतायी गयी है। फ्रेंचाइजी की स्थापित दुनिया को बरकरार रखते हुए कहानी को नया रूप देना पाठक के लिए रचनात्मक चुनौती थी। फिल्म को शुरुआती स्तर पर दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। अभिषेक पाठक ने दृश्यम फ्रेंचाइजी में स्थापित फॉर्मूले को दोहराने के बजाय कहानी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। दृश्यम= द कन्क्लूजन के जरिए उन्होंने थ्रिलर जॉनर में अपनी निर्देशन शैली को और मजबूत किया है।

## हनुमान अंश 9 अक्टूबर को दुनियाभर में तेलुगु में होगी रिलीज

होम्बले फिल्म्स ने आध्यात्मिक फिल्म हनुमान अंश को नौ अक्टूबर 2026 को दुनियाभर में तेलुगु भाषा में रिलीज करने की घोषणा की है।स्वयंभू मीडिया नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म की कहानी आध्यात्मिक संत श्री नीब करौरी बाबा के जीवन पर आधारित है। विशाल चतुर्वेदी ने फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन किया है। फिल्म की कहानी डिवाइन डिटूर पुस्तक से प्रेरित है। आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक जागृति की यात्रा को दर्शाने वाली इस फिल्म का निर्माण रागिनी एस, नम्रता जी सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने किया है। होम्बले फिल्म्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेलुगु में फिल्म की वैश्विक रिलीज की घोषणा की। फिल्म को पहले ही विभिन्न बाजारों में दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिलने का दावा किया गया है।

होम्बले फिल्म्स ने केजीएफ फ्रैंचाइजी, कांतारा, सालार फ्रैंचाइजी और महावतार नरसिम्हा जैसी फिल्मों का निर्माण किया है। प्रोडक्शन हाउस की आगामी फिल्मों में सालार= भाग 2-शौर्यंगा पर्व, महावतार परशुराम और अन्य फिल्में शामिल हैं।

# हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले 120 वाहन चालकों पर कार्यवाही

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

यातायात पुलिस सिवनी द्वारा दिनांक 01/10/2026 को शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीटबेल्ट के उपयोग की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात



नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 120 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से कुल 47,200 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

चालानी कार्रवाई के साथ-साथ यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को बताया गया कि हेलमेट एवं सीटबेल्ट केवल चालानी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सड़क दुर्घटना के दौरान हेलमेट सिर में होने वाली गंभीर चोटों से बचाव में सहायक होता है, वहीं सीटबेल्ट गंभीर दुर्घटनाओं में जीवनरक्षक साबित हो सकता है। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग करें तथा यातायात के सभी नियमों का पालन करें। स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। हेलमेट और सीटबेल्ट अपनाएं, अपने जीवन को सुरक्षित बनाएं।

# सेवा संकल्प अभियान 2026 अंतर्गत नुक्कड़ नाटक दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**धनौरा। स्वतंत्र मत।** सांदीपनी विद्यालय धनौरा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक सुनवारा में जिला कलेक्टर एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चयनित नुक्कड़ नाटक के द्वारा केंद्र सरकार की योजना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 25 वर्ष की उपलब्धियो को होप 2.0 के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई ।

विकासखंड में दो कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें मुख्य अतिथि मुकेश बघेल जिला महामंत्री भाजपा ,ममलेश पटेल मंडल अध्यक्ष कहानी, सुजीत मिश्रा मंडल अध्यक्ष धनौरा,ढाल सिंह मर्सकोले भूपू विधायक घंसौर, सुदामा धुर्वे सरपंच साजपानी, डॉक नवलकिशोर श्रीवास्तव पूर्व जिला उपाश भाजपा व सेवा संकल्प अभियान धनोरा मंडल संयोजक,





डॉक्टर निलेश जैन जिला कार्य समिति,मोनू राय महामंत्री भाजपा,अतुल जैन उपसरपंच धनौरा, अशोक चंद्रवंशी जप सदस्य, कन्हैया लाल साहू जिला कार्य सदस्य, रघुनंदन यादव, सुजान सिंह बघेल मंडल महामंत्री, नरेंद्र उईके एस सी एस टी जिला मंत्री, जयंत डहेरिया एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, ब्रजमोहन डहेरिया महामंत्री, राघवेंद्र मिश्रा मंडल संयोजक, सौरव साहू मीडिया प्रभारी,, रामकुमार साहू मंडल महामंत्री ,अशोक चंद्रवंशी जनपद सदस्य, नीलेशकर, चंद्रकुमार भलावी, हेमंत मिश्रा, राजेश जयशवाल, डीमाक चंद्रवंशी, ठाकुर सिंह मरकाम शिक्षक,ओमकार सिंह ठाकुर सीईओ धनोरा,पीएस जावरिया प्राचार्य धनोरा,एस के ककोडिया प्राचार्य सुनवारा,श्याम उइके विकासखंड समन्वयक मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद धनोरा, भूपेंद्र राजपूत एपीओ , रेवती खैरवार सामाजिक न्याय, रवि शंकर डेहरिया जनपद सदस्य, प्रभुशरण मिश्रा समाजसेवी,लकी श्रीवास्तव, वसंत बकोड़े, बसंत प्रजापति, अभिनय राय, गणेश दुबे मेंटर्स रामप्रसाद निर्मलकर, पीतम रजक, विजय नागेश, जितेंद्र डहेरिया, माधवी बागवान नवांकुर संस्था वीर सिंह वैश्ले, कोमल सिंह उइके, हेमंत मिश्रा,अभिषेक जैन व छात्र छात्राओं जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पलारी क्षेत्र में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज किए जाने की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पलारी में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी गई। समिति के अनुसार पलारी क्षेत्र में प्रतिदिन सौ से अधिक यात्री ट्रेन से आवागमन करते हैं। एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। समिति ने यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए पलारी में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिए जाने की मांग की है। इसी मांग को लेकर 4 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे शिवशक्ति लॉन, पलारी में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में रेलवे संघर्ष समिति, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक शामिल होकर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे।

# गांधी जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

## प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए सेवा मेरा योगदान का संकल्प आवश्यक-मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गांधी जयंती के पावन अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान% के अंतर्गत एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन आज 2 अक्टूबर को स्थानीय ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन कार्यालय के समीपस्थ स्थान पर किया गया। इस दौरान ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन समाजसेवी संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं संस्था के शिक्षार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सफाई कार्य में अपना सक्रिय योगदान दिया।

अतिथियों के विचार एवं पीएम मोदी के विजन पर चर्चा

ज़ मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत (प्रदेश महामंत्री, भाजपा महिला मोर्चा एवं प्रदेश





संयोजक, आंगन मिलन कार्यक्रम) ने अपने संबोधन में कहा, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूज्य बापू के स्वच्छ भारत के सपने को एक जन-आंदोलन का रूप दिया है। पीएम मोदी जी का स्पष्ट मानना है कि स्वच्छता ही सेवा है और जब हर नागरिक सेवा मेरा योगदान की भावना के साथ इस अभियान से जुड़ेगा, तभी देश का हर कोना स्वच्छ और समृद्ध बनेगा। स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और संस्कारों का हिस्सा होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि नरेश सिंह राजपूत (जिला संयोजक, मेरे सपनों का भारत-सेवा चित्र एवं शिक्षक प्रकोष्ठ) ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरे सपनों का भारत के विजन को साकार करने में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सबसे अहम स्तंभ हैं। शिक्षकों और सामाजिक संस्थाओं का यह दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण से जोड़ें, जिससे एक स्वस्थ और प्रदूषण-मुक्त भारत का निर्माण हो सके।

वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी आधारसिंह पटले ने अपने विचार रखते हुए कहा, सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छता और सेवा का संदेश पहुँच रहा है। पीएम मोदी जी के आह्वान पर आज पूरा देश स्वच्छता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मान रहा है। हम सभी को अपनी मातृभूमि को स्वच्छ रखने के लिए नियमित रूप से श्रमदान करने का संकल्प लेना होगा। संस्था के सदस्यों एवं शिक्षार्थियों ने किया श्रमदान

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन समाजसेवी संस्था के पदाधिकारियों ने मिलकर परिसर में सफाई अभियान चलाया और श्रमदान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती किरण पटले, संस्था से सुनील कुमार नामदेव, कविता बनवाले, वीरेन्द्र बोपचे, पल्लवी बिसेन, कविता उके सहित संस्था के अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

साथ ही संस्था के शिक्षार्थियों में अंबिका बोपचे, खुशबू चौधरी, अंकिता चौहान, वंशिका ठाकरे, प्राची बरमैया, प्रीति पटले, जागृति बोपचे, हिना बोपचे, हंसिका ठाकुर, पूनम ऐड़े, प्रभा उइके, रिया उइके, खुशबू कावरे, गरिमा बिसेन, आयुष पन्द्रे, कपिल पन्द्रे, अजय बाहेश्वर, मोनू बारेश्वर सहित अन्य युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनकी उपस्थिति में यह स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# ऑपरेशन थंडर: सावरी में जंगली सुअर के शिकार का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों के अवैध शिकार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन थंडर 2026 के तहत खैरलांजी सामान्य वन परिक्षेत्र की टीम ने जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से जंगली सुअर का सिर का भाग, करीब 3.200 किलोग्राम मांस, बांस की खूंटी और जीआई तार बरामद किया गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई वन संरक्षक, वन वृत्त बालाघाट एवं वन मंडल अधिकारी, दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के निर्देशन में की गई। कार्रवाई में महर्षि कुमार भारतीय वन सेवा (प्रशिक्षु), यशपाल महेरा उपवन मंडल अधिकारी कटंगी सामान्य तथा डी.सी. वासनिक प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी के निर्देशन में वन अमले की टीम शामिल रही। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम गोंडीटोला (सावरी) क्षेत्र में वन्यप्राणी जंगली सुअर का अवैध शिकार किया गया है। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बसंत पिता हरिचंद धुर्वे, शैलेश पिता नरेंद्र बंसोड़ और महेश पिता रामेश्वर उइके, सभी निवासी ग्राम गोंडीटोला (सावरी), को गिरफ्तार किया।

# कटंगी विधायक ने ली अधिकारियों की बैठक

## धान खरीदी के लिए समय सीमा में सभी किसानों का पंजीयन कराये



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत की महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती केसर बिसेन, नगर पंचायत के पार्षद, जिला पंचायत सीईओ सुश्री तनुश्री मीणा एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।विधायक श्री पारधी ने बैठक के दौरान बताया कि ग्राम देवठाना में जंगली सुअरों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने की सूचना मिली है, अत: वन विभाग एवं राजस्व विभाग मिलकर नुकसान का सर्वे कार्य करें और प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की घोषणा की गई है अत: इस पर वन विभाग के अधिकारी तत्परता से कार्य करें।

विधायक श्री पारधी ने बैठक में धान फसल में कीटव्याधि की चर्चा करते हुए कहा कि जिन किसानों के खेत में कीटव्याधि से नुकसान पहुंचा है इसका राजस्व विभाग द्वारा शीघ्रता से सर्वे किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे धान फसल में भूरा माहू के प्रकोप के देखते हुए किसानों को उचित सलाह दे। जिन किसानों द्वारा दवा डालने के बाद भी उसका फसल पर कोई असर नही हुआ है तो कृषि विभाग के अधिकारी इसकी जांच कराए। उन्होंने उपसंचालक कृषि से कहा कि जिले में बिकने वाले सभी तरह के कीटनाशकों के सैंपल लेकर जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि नकली या अमानक कीटनाशक का विक्रय न हो।समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं इसके लिए किसानों के पंजीयन की चर्चा करते हुए विधायक श्री पारधी ने उपायुक्त सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों से कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में किसानों के पंजीयन में किसी तरह की समस्या नही आना चाहिए। निर्धारित अवधि में शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन हो जाना चाहिए। किसानों के पंजीयन में आने वाली तकनीकी समस्या का शीघ्रता से निराकरण करने कहा गया। विधायक श्री पारधी ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में गत वर्ष जिन केंद्रो पर धान की खरीदी की गई है इस वर्ष भी उन्ही सभी केंद्रो पर धान की खरीदी की जाए। इसमें किसी भी तरह का परिवर्तन या संशोधन नही होना चाहिए।

विधायक श्री पारधी ने ग्राम चाकाहेटी में दिव्या मिनरर्ल्स द्वारा खनिज वन एवं अन्य विभागों की अनुमति के बगैर कराये जा रहे निर्माण कार्य को रोकने कहा। इसी प्रकार गर्रा सादाबोडी में हो रहे निर्माण कार्य को भी रोकने कहा गया। उन्होंने हथोडा से पुलपुट्टा नहर में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने कहा और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसानों की आवश्यकता के समय एथेनॉल प्लांट को नहरो से पानी बिलकुल न दिया जाए।

# राहुल गांधी के दौरे में स्थानीय पत्रकारों की अनदेखी से दिखी नाराजगी

## जिला कांग्रेस की इंडिया गठबंधन संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता का बहिष्कार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनूप सिंह बेस के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे बालाघाट सर्किट हाउस में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई। हालांकि, राहुल गांधी के बालाघाट दौरे के दौरान स्थानीय पत्रकारों को कवरेज के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज स्थानीय पत्रकारों ने प्रेस वार्ता का बहिष्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 अक्टूबर से एक सप्ताह तक चुनाव आयोग के विरोध और आगामी चुनाव के बहिष्कार को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रेस वार्ता रखी गई थी। इसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनूप सिंह बेस कर रहे थे। प्रेस वार्ता के दौरान स्थानीय पत्रकारों ने राहुल गांधी के हालिया बालाघाट दौरे में स्थानीय मीडिया की अनदेखी किए जाने पर नाराजगी जताई। पत्रकारों का कहना था कि राहुल गांधी के दौरे की कवरेज के लिए भोपाल और दिल्ली के मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन बालाघाट के स्थानीय पत्रकारों को इससे दूर रखा गया। पत्रकारों ने इसे स्थानीय मीडिया की उपेक्षा बताते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनूप सिंह बेस ने नाराज पत्रकारों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन पत्रकार अपनी बात पर कायम रहे। स्थानीय पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि जब जिले में आयोजित महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रमों में स्थानीय मीडिया को उचित महत्व नहीं दिया जाता, तो ऐसी प्रेस वाताओं में शामिल होने का औचित्य नहीं है। इसी नाराजगी के चलते स्थानीय पत्रकारों ने इंडिया गठबंधन की प्रेस वार्ता का बहिष्कार किया। इससे सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में स्थानीय मीडिया की भागीदारी नहीं रही। राहुल गांधी के दौरे में स्थानीय पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किए जाने का मुद्दा अब कांग्रेस के लिए स्थानीय स्तर पर असहज स्थिति का कारण बनता नजर आ रहा है।

# तीन पंचायत चुनाव में दो महिला व एक पुरूष बने सरपंच

## भरवेली में अविश्वास प्रस्ताव के बाद पूर्व सरपंच उपचुनाव में 70 वोटों से हारी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट की तीन पंचायतों में उप चुनाव के नतीजे 3 अक्टूबर को घोषित कर दिए गए है। इनमें दो महिला और एक पुरुष सरपंच चुने गए हैं। भरवेली पंचायत से कल्पना संतकुमार वासनिक ने 70 वोटों से जीत हासिल की। वारासिवनी जनपद की एकोड़ी पंचायत में सरिता कैलाश मेश्राम 147 वोटों से जीतीं। वहीं, लालबर्रा जनपद की खुरपुड़ी पंचायत में धनाराम उर्फ धन्नु पगरवार ने 24 वोटों से जीत दर्ज की। इन सीटों पर 29 सितंबर को मतदान हुआ था। जनपद क्षेत्र की बुढैना, पाथरवाड़ और मानेगांव में तीन पंच निर्विरोध चुने गए। नतीजे आने के बाद विजयी प्रत्यानि समर्थकों में उत्साह देखा गया। जानकारी अनुसार, एकोड़ी में सरपंच मोनिका राहुल मेश्राम को धारा 40 के तहत पद से हटाया गया था। जिसके बाद सरिता कैलाश मेश्राम, स्थानापन्न सरपंच थी। हाल में हुए उपचुनाव में, सरिता कैलाश मेश्राम ने अपनी प्रतिद्वंदी रेखा धरमदास मेश्राम को 147 मतों से पराजित किया। भरवेली पंचायत में सरपंच पद के लिए कुल पांच उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें पूर्व सरपंच गीता अनिल बिसेन, उर्मिला लालचंद मालेश, सविताबाई भीमराव वाहने, कल्पना संतकुमार वासनिक और अनिता मिलिंद भालेकर शामिल थीं। 29 सितंबर को पंचायत क्षेत्र के 15 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ था, जिसमें करीब 55 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। शनिवार 3 अक्टूबर को बालाघाट जनपद पंचायत में सुबह 10 बजे से मतगणना शुरू हुई। 15 मतदान केंद्रों की मतगणना तीन टेबलों पर पांच राउंड में पूरी कराई गई। शुरूआती चार राउंड में कल्पना वासनिक और पूर्व सरपंच






गीता अनिल बिसेन के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पांचवें और अंतिम राउंड के परिणाम में तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई।

**पंचायतों में प्रत्याशियों को मिले इतने मत...**भरवेली पंचायत में पांच प्रतयाशी चुनाव मैदान में जिसमें गीता अनिल बिसेन को 1940 मत, उर्मिला बालचंद मालेश को 13, सविता वाहन को 140, कल्पना संतकुमार वासनिक को 2010, अनिता मिलिंद भालेकर को 19 मत मिले। जबकि नोटा में 24 मत पड़े। इसी प्रकार एकोड़ी पंचायत में पांच प्रत्याशियों में रेखा धरमदास मेश्राम को 592, संगीता राकेश मेश्राम को 181, सरिता कैलाश मेश्राम को 739, मीराबाई मेश्राम को 204 मत मिले। जबकि नोटा में 9 मत पड़े। खुरपुड़ी में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें धनाराम उर्फ धन्नु पगरवार को 536 और महेश कुमार कावरे को 512 मत मिले। जबकि नोटा में 5 मत पड़े।

**26 पंच व एक बीडीसी निर्विरोध...**26 पंच और एक जनपद सदस्य निर्विरोध निर्वाचित जिले में रिक्त 46 पंच पदों के लिए मिले नामांकनों में 20 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। बाकी 26 पंच पदों के लिए कोई नामांकन नहीं आया। जनपद पंचायत खैरलांजी के क्षेत्र क्रमांक 19 में जनपद सदस्य का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायत परसोडी और जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत झागुल में भी सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जबकि 3 पंचायतों में उपचुनाव के तहत ईवीएम से वोटिंग हुई थी।

**पूर्व सरपंच ने नहीं बचा सकीं साख...**ज्ञात हो कि तत्कालीन सरपंच गीता अनिल बिसेन के खिलाफ पंचायत के कार्यों में कथित अनियमितता एवं अन्य आरोप लगाते हुए पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। प्रारंभिक प्रक्रिया में उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया था, लेकिन बाद में 4 जून 2026 को अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद उन्हें सरपंच पद से हटा दिया गया था। इसके बाद सरपंच का पद रिक्त हो गया और उपचुनाव कराया गया। उपचुनाव में पूर्व सरपंच गीता अनिल बिसेन ने भी दोबारा चुनाव मैदान में उतरकर अपनी राजनीतिक साख बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं भरवेली की जनता ने कल्पना संतकुमार वासनिक को पंचायत की कमान सौंप दी। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच कल्पना संतकुमार वासनिक ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

# सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन आज

**सिवनी।** सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन दिनांक 04 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को प्रात: 11 बजे से 04 बजे तक नगर पालिका सिवनी मानस भवन में किया जा रहा है जिसमें शासन की समस्त प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ शिविर के माध्यम से आम नागरिको को प्रदाय किया जावेगा।


## आम सूचना (जिसका इससे संबंध हो)

बाबद् ऐसा जो कि मेरी पक्षकार संस्था Berar finance Limited Branch Seoni एक वित्तीय वैकिंग संस्था है एवं भू-स्वामि श्रीमति द्रोपती सेन पति श्री घनश्याम सेन, निवासी अम्बेडकर वार्ड छपारा तहसील छपारा जिला सिवनी ने ऋण प्राप्त किये जाने हेतु मेरी पक्षकार संस्था में आवेदन प्रस्तुत किया है एवं उनका ऋण स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है, जिस हेतु उनके द्वारा अपने स्वामित्व की संपत्ति जो कि मौजा छपारा प.ह.न. 41, रा.नि.म. छपारा, तह. छपारा जिला सिवनी (म.प्र.) में स्थित खसरा नंबर 261/19 कुल रकबा 0.01 हे. (1000 वर्गफीट) है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा दिनांक 07/02/2007 को क्रय की गई है जिसकी मूलप्रति गुम/खो गई है। उक्त संपत्ति को Berar finance Limited Branch Seoni द्वारा प्रदत्त ऋण की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रजिस्ट्रर्ड बंधक किये जाने अपनी हेतु सहमति प्रदान की है एवं उक्त वर्णित संपत्ति का बैंक के पक्ष में रजिस्ट्रर्ड बंधक विलेख निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है। यह कि भू-स्वामि द्वारा उक्त संपत्ति पंजीयत बैनामा दिनांक 07/02/2007 के माध्यम से क्रय की गई है। आवेदक के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार उक्त बैयनामा की मूलप्रति वर्तमान भू-स्वामि के द्वारा कहीं गुम हो जाना वयक्त किया गया है। जिसकी शिकायत उसने संबंधित पुलिस थाने में भी की थी।

अत: उक्त सूचना पत्र के माध्यम से आमजन को सूचित किया जाता है, कि उक्त वर्णित संपत्ति के भू-स्वामि श्रीमति द्रोपती सेन पति श्री घनश्याम सेन को विकित संपत्ति Berar finance Limited Branch Seoni के पक्ष में बंधक किये जाने के संदर्भ में किसी भी शासकीय/अषासकीय / अर्द्धषासकीय वित्तीय संस्था या अन्य किसी प्राईवेट व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा या उक्त संपत्ति में किसी भी किस्म का कोई हित निहित हो तो वह उक्त सूचना पत्र प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर संबंधित बैंक कार्यालय या मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा उक्त 7 दिवस की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति मेरे पक्षकार बैंक पर बंधनकारी नहीं होगी।

मुकेश कुमार साहू
अधिवक्ता

# सायना के 14वें मैराथन में विवेक-श्रेया अव्वल

## स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत का संदेश लेकर दौड़े बच्चे एवं युवा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में मैराथन का आयोजन किया गया। इस वर्ष मैराथन की थीम थी- मजबूत शरीर, तेज दिमाग, बेहतर जीवन। इसका मुख्य उद्देश्य एक अच्छे जीवन के लिए शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ होना जरूरी है। वातावरण को स्वच्छ करके अपने स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरुकता लाना तथा सिंगल यूज पॉलीथीन से समाज को मुक्त करना। यह मैराथन रेलवे स्टेशन कटनी से शुरू होकर सायना इंटरनेशनल स्कूल, झिंझरी, कटनी (12 कि. मी. की दूरी) में संपन्न हुई। इस दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा सायना किड्स स्कूल की प्रभारी डॉ. भारती शर्मा, हेड मास्टर डॉ. लोकेश दुबे एवं कमल सरेचा ने ध्वज दिखाकर किया। मैराथन में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की। इस दौड़ में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी भाग लेकर धावकों के मनोबल को बढ़ाया। इस दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान विवेक सिंह, सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी द्वितीय स्थान कैडट अभिराज लोधी सायना (सैनिक स्कूल) कटनी एवं तृतीय स्थान अनुराग पटेल ने सायना इंटरनेशनल स्कूल से प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी से श्रेया कुशवाहा प्रथम, कैडेट कृष्णयी भंडारकर सायना(सैनिक) स्कूल कटनी से द्वितीय एवं कैडेट महिरा परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। स्कूल के प्राचार्य आदित्य कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण का हमारा सामूहिक संकल्प है। इसी भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित यह इकोथॉन हम सभी के लिए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। स्वच्छ वातावरण हमारे स्वास्थ्य का आधार है। यदि हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कचरे का उचित स्थान पर रखें, प्लास्टिक का कम उपयोग करें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएँ और जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। सायना स्कूल की चेयरपर्सन निधि पाठक ने अपने संदेश में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि चौदह वर्षो में सायना की मैराथन ने समाज में जागरूकता लाने का सफल प्रयास किया है। सायना के क्रीड़ा विभाग प्रभारी पिंकी बलियानी ने प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी मानसिक एवं शारीरिक दोनों क्षमताओं का विकास करते हैंए अतः इनमें सहभागिता कर स्वयं और समाज दोनों को लाभांवित करें। धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन किया गया।



# महालक्ष्मी देवी का विधि-विधान से किया पूजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

दिनांक 3 अक्टूबर दिन शनिवार को श्री अग्रसेन जयंती के अन्तर्गत द्वितीय दिवस अग्रवाल भवन (धर्मशाला) में अग्र कुल देवी माता महालक्ष्मी का पूजन अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों द्वारा किया गया। महिलाओं ने सुबह से व्रत धारण किया। विधि-विधान से पूजन हवन आरती विद्वान पंडित राम कुमार शास्त्री द्वारा कराया गया। इस दौरान कथा सुनी। हवन आरती के बाद प्रसाद का वितरण से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मिट्टी के बने ऐरावत हाथी की विशेष पूजा की। मातारानी से सुख-समृद्धि की कामना की। अग्रवाल भवन (धर्मशाला) हीरागंज में विधि विधान से महालक्ष्मी जी की पूजा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं की उपस्थिति रही और महालक्ष्मी देवी का विधि-विधान से पूजन किया। इस मौके पर सुंदर आरती भी सजाई। हवन-पूजन के बाद आरती की गई। इसके प्रसाद का वितरण किया गया। निमिषा, नीति, पायल, रश्मि, रीता, उषा, रेणु, रेखा, सपना, अनीता, लता, ममता, अलका, रितिका, दीपिका, तारा, अलका, प्राची एपूजा एकता रेखा श्वेता तारा अंजना दीप्ति नीलम शिल्पी नेहा पीहू रुचि शुभि, राजकुमार, अनंत राम, श्याम बिहारी, आनंद राज, ए वीरेंद्र (सेठ जी), अनिरुद्ध, घनश्याम, वैभव, रोहित, सागर, राजकुमार, नवलेश, नीरज एवं महिला मंडल की महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# मैराथन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में डीएवी सीएमसी नई दिल्ली के तत्वाधान में मैराथन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कटनी शहर स्थित चांडक चौक से जेपीवी विद्यालय परिसर तक संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में जमुना प्रसाद विश्वकर्मा डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य डीएवी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में विभाजित थी। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय के प्राचार्य एस.के. सिन्हा की अध्यक्षता एवं कैमोर डीएवी के प्राचार्य के उदगाता, डीएवी केलड्रीज की प्राचार्या श्री मति संजना मधुकर की उपस्थिति एवं डीएवी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग में पूर्ण हुआ। मैराथन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ड्रोन कैमरे के द्वारा विद्यार्थियों की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। अपने जोश व अनुशासन से विद्यार्थियों ने सतर्कता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। बालक समूह से डीएवी विद्यालय कैमोर से प्रथम स्थान रेहान खान, द्वितीय स्थान आयुष सेठी एवं तृतीय स्थान फैजान हुसैन ने तथा बालिका समूह से जेपीडी डीएवी विद्यालय से प्रथम स्थान लवली यादव, द्वितीय स्थान इफरा अंसारी ने तथा डीएवी विद्यालय कैमोर से तृतीय स्थान दृष्टि त्रिपाठी ने अर्जित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने गांधी जी के सिद्धांतों का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी संस्था न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता को भी समान महत्व देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन। शांतिपाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर कटनी पुलिस प्रशासन के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिन्होंने जगह जगह अपनी सेवाएं प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भामिका निभाई। इस आयोजन ने छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और सतर्कता की भावना को सशक्त किया।

# आज 6 स्थलों पर आयोजित होंगे मेगा सेवा सेतु शिविर

## केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं एवं सेवाओं का मौके पर मिलेगा लाभ

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहज, सरल एवं त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रविवार 4 अक्टूबर को सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के अंतर्गत शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनविश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान से संबद्ध इन सेवा सेतु शिविरों में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जाकर उनके पंजीयन उपरांत पात्रतानुसार लाभान्वित करने की कार्यवाही मौके पर की जाएगी। नगर निगम आयुक्त हरसिमरनप्रीत कौर (आईएएस) द्वारा उपायुक्त प्रियंका झारिया को प्रभारी अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर प्रत्येक शिविर हेतु पृथक-पृथक प्रभारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त कर शिविरों के सुचारू संचालन के निर्देश दिए है।

### प्रातः 10 बजे से 6 स्थानों पर लगेंगे शिविर

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक बस स्टैंड ऑडिटोरियम स्वामी विवेकानंद सभागार, दुर्गा चौक खिरहनी, टीसी बजान स्कूल, माधवनगर उप कार्यालय, नगर निगम कार्यालय तथा खेरमाई मंदिर के पास लखेरा में आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों में जाने की आवश्यकता को कम करते हुए अधिकाधिक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।



### विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की सुविधा एक स्थल पर

शिविरों में पीएम स्वनिधि, संबल योजना, सामाजिक न्याय की पेंशन योजनाएं, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय), स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), अमृत योजना, नवीन नल कनेक्शन एवं जलकर, आईएचएसडीपी, भवन अनुज्ञा, फायर एनओसीए नामांतरण एवं कर निर्धारण, ट्रेड लाइसेंस सहित अन्य योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित पृथक काउंटर एवं हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी। हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन एवं पंजीयन, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति तथा पात्रतानुसार लाभ दिलाने की कार्यवाही भी शिविर स्थल पर की जाएगी।

### नागरिकों से अपील

नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 4 अक्टूबर को अपने निकटतम मेगा सेवा सेतु शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ उठाएं तथा जनहित में आयोजित इस अभियान को सफल बनाने में सहभागी बनें।



# दीवार पेंटिंग, चित्रकला व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर कटनी में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम। स्वच्छता में सहभागिता स्वच्छ भारत विकसित भारत के तहत गांधी जयंती लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर कटनी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विद्यालय की साफ-सफाईए श्रमदान पौधारोपण दीवार पेंटिंग/थीम चित्रकला भाषण अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए और इसके साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को फूलमाला पहनाकर पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया गया बापू की तरह सेवा स्वच्छता विकसित भारत बनाने में समस्त कर्मचारी छात्र छात्राओं ने संकल्प लिया उक्त कार्यक्रम में संस्था की प्रभारी प्राचार्य संध्या बेन शिक्षक कर्मचारी डॉ रामपद तिवारी रामसिंह बागरी रमेश सिंह समिधा त्रिपाठी रामवती तुड़हा सपना मिश्रा राजीव रंजन आभा गौतम नेहा सोनी रानी बरकडे शैलेंद्र पटेल शैलबाला मैथ्यूज वर्षा गौतम विक्रम असीम विनीत झारिया रूबी भोजक अखिलेश कुमारी तृप्ति परोहा निधि ठाकुर पूर्णेश उइके उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के आस्था प्लाजा, बरगवां स्थित कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला जी ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से देशसेवा की मिसाल कायम की। आज आवश्यकता है कि हम दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि गांधी जी का सत्य-अहिंसा का संदेश और शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान का संकल्प आज भी देश को दिशा देने वाला है। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्रसेवा पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला, प्रेम बत्रा, राजा जगवानी, राजेश जाटव, प्रशांत जायसवाल, रंजीत सिंहए नरेंद्र राय, कमल पांडे, आनंद पटेल, मुकेश परोहा, मंगल सिंह, माया चौधरी, मुमताज बानो, पंकज गौतम, मनोज गुप्ता, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, सुशील जायसवाल, इरशाद खान, अभिषेक शिवहरे, विनीत जायसवाल, उदय सिंह, देवीदास तुलस्यानी, रवि मंगलानी, सुरेंद्र राणा उपस्थित थे।








# दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री छोटा क्लब ग्राउंड में स्वर्गीय श्री निलेश नीलू स्मृति दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर एनकेजे क्लब एवं सिटी क्लब कटनी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की शुरुआत हुई। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला एडवोकेट की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश जाटव ने की, जबकि संजय गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# अग्रसेन जयन्ती पर आठ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अग्रवाल नवयुवक मण्डल, अग्रवाल महिला गण्डल कटनी के तत्वाधान में अग्रवाल समाज की एक संयुक्त बैठक सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल के मुख्य अतिथि, पुरुषोत्तम दास अग्रवाल अध्यक्षता, मुरली मनोहर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि में गत दिवस अग्रवाल भवन (धर्मशाला) मालवीयगंज में सन्पन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम रोहित अग्रवाल सचिव अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा विगत वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया गया है जो कि सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्री अग्रसेन जयंती-2026 पर विस्तृत चर्चा पश्चात् विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन महाराज जी की जयंती को बड़े ही उल्लास और धूमधाम से मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव में आठ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें प्रथम दिवस 27 सितंबर दिन रविवार को विशाल रक्तदान शिविर, द्वितीय दिवस 3 अक्टूबर दिन शनिवार को अग्रवाल समाज की कुल देवी माता महालक्ष्मी जी का पूजन किया, तृतीय दिवस 4अक्टूबर दिन रविवार को समाज के छात्र-छात्राओं के कला प्रदर्शन हेतु विभिन्न प्रतियोगितायें, चतुर्थ दिवस 10 अक्टूबर दिन शनिवार को विशाल वाहन रैली, पंचम दिवस 11 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा, षष्टम दिवस 12 अक्टूबर को नृत्य प्रतियोगिता एवं वरिष्ठजन व विशेष सम्मान, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह, सप्तम दिवस 13 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौतुक वेशभूषा, वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके स्वाजातीय युगलों का सम्मान, महिला मण्डल द्वारा सामूहिक नृत्य, एवं वाहन रैली में और शोभायात्रा में उपस्थित आत्मीय जनों को लकी ड्रा द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया जावेगा एवं अष्टम दिवस 25अक्टूबर को शरद पूर्णिमा में रामायण पाठ, गरबा नृत्य खीर का परसाद वितरण, सभी प्रतियोगिताओं का सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया जावेगा।

सभी स्वजातीय बंधुओं से अनुरोध है कि सभी कार्यक्रम में तन मन का सहयोग प्रदान कर एवं समय से पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनायें। बैठक का सफल संचालन मंडल सचिव रोहित कुमार अग्रवाल ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने व्यक्त किया। अग्रवाल बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# एनआरसी के उपचार से कुपोषित पूर्णिमा का बढ़ा वजन, हो रही स्वस्थ

## मां की ममता और एनआरसी के उपचार से पूर्णिमा ने फिर थामा स्वस्थ बचपन का हाथ

## बोतल के फॉर्मूला मिल्क से मां के दूध तक का सफर, कुपोषण से उबरकर लगातार बढ़ रहा वजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

तेज बुखार और दस्त से बेहाल 13 माह की नन्ही पूर्णिमा साहू जब जिला चिकित्सालय कटनी के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) पहुंचीए तब उसके माता-पिता सुनील और खुशी साहू बेहद चिंतित थे। जांच में पूर्णिमा गंभीर निर्जलीकरण, तेज बुखार और गंभीर कुपोषण से पीड़ित पाई गई। लेकिन एनआरसी में शुरू हुए उपचार और मां की ममता ने उसके स्वस्थ बचपन की राह फिर आसान कर दी।

एनआरसी की प्रभारी कशिश बत्रा के अनुसार पूर्णिमा को 31 जुलाई को भर्ती किया गया। उस समय उसका वजन 7.740 किलोग्राम, लंबाई 78 सेंटीमीटर और मध्य-ऊपरी बांह की परिधि 11.4 सेंटीमीटर थी। उसका वजन-आधारित पोषण स्तर-3 मानक विचलन था और वह बोतल के फॉर्मूला मिल्क पर निर्भर थी।

### उपचार के साथ मां बनी स्वास्थ्य की सबसे मजबूत साथी

पूर्णिमा को प्रारंभिक उपचार के साथ एफ-75 आहार दिया गया। साथ ही उसकी मां खुशी को स्तनपान के महत्व, सही लैचिंग और कंगारू मदर केयर के लिए प्रोत्साहित किया गया। शुरुआत में चुनौतियां थीं, लेकिन मां ने प्रयास नहीं छोड़ा। स्वास्थ्यकर्मियों के मार्गदर्शन में धीरे-धीरे स्तनपान बेहतर हुआ और उपचार के आठवें दिन पूर्णिमा ने केवल मां का दूध लेना शुरू कर दिया।





### बढ़ते वजन के साथ लौटती गई मुस्कान

लगातार उपचार और पोषण प्रबंधन का असर दिखाई दिया। 18 अगस्त को डिस्चार्ज के समय पूर्णिमा का वजन बढ़कर 8.160 किलोग्राम और पोषण स्तर-2 मानक विचलन हो गया। डिस्चार्ज के बाद भी एनआरसी की टीम ने नियमित फॉलोअप जारी रखा। पहले फॉलोअप में वजन 8.605 किलोग्राम, मध्य-ऊपरी बांह की परिधि 12.0 सेंटीमीटर और पोषण स्तर-1 मानक विचलन रहा। वर्तमान में पूर्णिमा का वजन 9.205 किलोग्राम हो गया है। जबकि मध्य-ऊपरी बांह की परिधि 13.4 सेंटीमीटर हो गई है।

# एशियाड में भारत को 21 गोल्ड, दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

## 2023 में 28 स्वर्ण पदक जीते थे, इस बार पदक तालिका पर चौथे स्थान पर

आइची नागोया

आइची-नागोया में एशियाई खेलों के दो यादगार हफ़्ते अब खत्म हो रहे हैं। भारत ने आखिरी दिन नौ मेडल – पांच गोल्ड, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज़ – जीतकर अपने अभियान का समापन किया। कुल मिलाकर भारत ने 85 मेडल जीते 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज़ तथा पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। आखिरी दिन की शुरुआत ही ऐतिहासिक रही। कुमकुम मोहोद एशियाई खेलों में तीरंदाजी के व्यक्तिगत रिकर्व इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं; उन्होंने शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए जीत हासिल की। उनकी इस जीत से भारत को महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व इवेंट में लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक का कोटा भी मिल गया। नीरज चौहान ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर भारत के तीरंदाजी अभियान को पूरा किया। प्रणवी उर्स ने गोल्फ़ में इतिहास रचा और एशियाई खेलों में



व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने अदिति अशोक और दीक्षा डागर के साथ मिलकर महिलाओं की टीम इवेंट में भारत को सिल्वर मेडल दिलाने में भी मदद की। क्रिकेट में भी भारत को गोल्ड मेडल मिला। पुरुषों के फ़ाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 19 रनों से हराकर एशियाई खेलों का अपना ख़िताब बरकरार रखा और क्रिकेट में डबल (पुरुष और महिला दोनों टीमों की जीत) पूरा किया; इससे पहले महिला टीम भी गोल्ड मेडल जीत चुकी थी।

### रेसलिंग में भारत ने तीन और मेडल जीते

अमन सहरावत ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने सिल्वर और दीपक पूनिया ने ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। और फिर हॉकी में शानदार समापन हुआ, जब भारत ने मलेशिया को 5–1 से हराकर पुरुषों का एशियाई खेलों का खिताब बरकरार रखा और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक कोटा पक्का किया। इस जीत का मतलब यह भी था कि कबड्डी और क्रि केट के बाद, हॉकी एशियाई खेलों में लगातार दो बार गोल्ड मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय टीम बन गई। और इसी के साथ, रोमांच और अनगिनत यादगार पलों से भरे दो शानदार हफ़्तों का समापन हुआ।

## प्रणवी उर्स ने गोल्फ में जीता स्वर्ण पदक, महिला टीम ने रजत

**आइची-नागोया (जापान।** एशियाई खेल 2026 में भारत की प्रणवी उर्स ने गोल्फ में शनिवार को संयम के साथ खेलते हुए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता जबकि महिला टीम ने रजत पदक हासिल किया। प्रणवी ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर है। पुरुष वर्ग में वीर अहलावत और सक्षक तलवार संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे। महिलाओं का व्यक्तिगत खिताब जीतने के लिए उन्होंने अपनी तीन-शॉट की बढ़त गंवाने के बाद भी संयम बनाए रखा। 23 वर्षीय भारतीय गोल्फर ने चार राउंड की प्रतियोगिता 15-अंडर 265 के स्कोर के साथ पूरी की। वह सिंगापुर की शैनन ज़ुआन यिन टैन और चीन की यिन रुओनिंग से एक स्ट्रोक आगे रहीं, जो 14-अंडर 266 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं।

छह बार की एलपीजीए विजेता और 2023 महिला पीजीए चैंपियनशिप की चैंपियन यिन रुओनिंग ने शूट-ऑफ में शैनन ज़ुआन यिन टैन को हराकर रजत पदक जीता। प्रणवी ने कासुगाई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स में फाइनल राउंड की शुरुआत तीन शॉट की बढ़त के साथ की थी।

# वैभव सूर्यवंशी एशियाड गोल्ड जीतने वाले सबसे युवा भारतीय

## भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 200 रन बनाए, गेल से आगे निकले अभिषेक




**निशिन, जापान।** भारत ने एशियन गेम्स के फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वैभव सूर्यवंशी गेम्स में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। निशिन में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 211 रन बनाए। यह पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। वहीं भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने टी-20 में सबसे तेज 400 लगाने के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी ने 15 साल, 6 महीने और 7 दिन की उम्र में एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता। वे गेम्स में सबसे कम उम्र में गोल्ड जीतने वाले भारतीय एथलीट बन गए।भारत ने पहले खेलते हुए 211 रन बनाए थे। यह पहली बार है जब भारत-पाकिस्तान के बीच टी-20 मैच में किसी पारी में 200 रन बने हैं। इससे पहले भारत ने ही 2012 में अहमदाबाद में 5 विकेट पर 192 रन बनाए थे।अभिषेक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी के दौरान टी-20 क्रिकेट में अपने 400 छक्के पूरे किए। उन्होंने 3,513 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक इंटरनेशनल, डोमेस्टिक और लीग क्रिकेट मिलाकर टी-20 में सबसे तेज 400 छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में वे दूसरे नंबर पर पहुंच गए। अभिषेक ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 3557 गेंद में 400 छक्के लगाए थे। इस मामले में वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल 3027 गेंद के साथ पहले स्थान पर हैं।अभिषेक पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीयों में टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अपने मेंटर युवराज सिंह की बराबरी की। युवराज ने 2012 में अहमदाबाद में 7 छक्के लगाए थे।अभिषेक ने 2026 में 104 छक्के लगाए हैं। यह एक कैलेंडर ईयर में भारत की ओर से दूसरा बेस्ट परफॉर्मेंस है। अभिषेक शर्मा ही टॉप पर हैं। उन्होंने 2025 में 108 छक्के लगाए थे।किशन ने 2026 में 1,005 रन बनाए। वे टी-20 इंटरनेशनल में एक साल में हजार रन बनाने वाले दुनिया के सातवें और भारत के दूसरे बल्लेबाज बने।

# कुराश खिलाड़ी यश कुमार का डोप टेस्ट निकाल पॉजिटिव

## सैंपल में 3 प्रतिबंधित पदार्थ मिले, ओसीए ने किया प्रोविजनल सस्पेंड

नई दिल्ली



नागोया में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय कुराश खिलाड़ी यश कुमार चौहान का डोप टेस्ट पॉजिटिव आया है। 24 साल के यश के 27 सितंबर को लिए गए डोप सैंपल में तीन प्रतिबंधित पदार्थ मिले हैं। इसके बाद एशियन ओलिंपिक काउंसिल ने उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रोविजनल सस्पेंड कर दिया है। अब वे एशियन गेम्स से जुड़ी किसी भी खेल गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, यश का डोप सैंपल 27 सितंबर को प्रतियोगिता के दौरान लिया गया था। जांच में उनके सैंपल में मीटैंडिएनोन, जीडब्ल्यू 1516 और मेफेंटरमाइन मिले। ये तीनों पदार्थ खेलों में प्रतिबंधित हैं। मीटैंडिएनोन एक स्टेरॉयड है, जबकि जीडब्लयू 1516 और मेफेंटरमाइन भी वाडा की प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं।

इसे डोप सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने की पुष्टि माना जाता है।यश कुमार चौहान को अपने क्क सैंपल की जांच कराने का अधिकार है। वे अपने प्रोविजनल सस्पेंशन को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (ष्ट्रस्) के एंटी-डोपिंग डिविजन में चुनौती भी दे सकते हैं। बी सैंपल की जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई एंटी-डोपिंग नियमों के तहत होगी। इसलिए अभी यश के मामले में अंतिम फैसला होना बाकी है।

## यह एक चैंपियन टीम की निशानी है

पाकिस्तान पर खिताबी जीत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट के गोल्ड मेडल मैच में भारत ने पाकिस्तान को 19 रन से धूल चटाई। श्रेयस अय्यर ने जीत के बाद कहा, अगर मुझे एक शब्द चुनना हो, तो मैं बेहद खुश कहूंगा क्योंकि जिस दिन से हम जापान पहुंचे, जोरदार बारिश हो रही थी और हम लगभग एक हफ्ते तक प्रैक्टिस नहीं कर पाए। लेकिन लड़कों ने जिस तरह खुद को तैयार किया और साथ-साथ ट्रेनिंग भी जारी रखी, हमने कोई शिकायत नहीं की, कोई बहाना नहीं बनाया। यह एक चैंपियन टीम की निशानी थी। आज का दिन उसी का नतीजा था। मैं बस यह चाहता था कि मुझे जल्द से जल्द पांचवां बॉलर का ओवर मिल जाए, उसे खत्म करूं, फिर बुमराह और सुंदर जैसे मुख्य बॉलर भी थे, वे भी आना चाहते थे। मुझे ऐसा ही लगा। खासकर जब रन रेट 13 से 14 के आसपास हो, तो हम जानते हैं कि बल्लेबाज आक्रामक खेलेंगे और एक विकेट से मोमेंटम बदल जाएगा, हमारी तरफ आ जाएगा। तो वही हुआ। अयूब के विकेट ने मोमेंटम बदल दिया।

# दादी के पैसों से खरीदा था धनुष, पिता बाइक पर ले जाते थे अकादमी

## 17 साल की कुमकुम मोहोद ने एशियन गेम्स में जीते 2 गोल्ड

नई दिल्ली।



भारतीय तीरंदाज कुमकुम मोहोद ने एशियाई गेम्स में महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व फ़ाइनल में दक्षिण कोरिया की ओह येजिन को हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारत को यह 16वां गोल्ड मेडल मिला है। बता दें कि कुमकुम ने अपनी दादी के पैसों से खरीदे गए एक साधारण धनुष से तीरंदाजी शुरू की थी। अमरावती के एक साधारण परिवार से होने के कारण, ट्रेनिंग के लिए आना-जाना भी एक चुनौती थी, उनके पिता अक्सर ट्रांसपोर्ट का खर्च बचाने के लिए उन्हें अपनी मोटरसाइकिल पर एकेडमी ले जाते थे। उन्होंने कई सालों तक सीमित संसाधनों और पुराने उपकरणों के साथ ट्रेनिंग की और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। आज, सिर्फ 17 साल की उम्र में, कुमकुम ने सबसे बड़े मंच पर जीत हासिल कर ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया है। बता दें कि स्कोर 5-5 से बराबर होने के बाद, कुमकुम ने शूट-आउट में 10 का स्कोर किया, जबकि ओह ने 8 का स्कोर किया, जिससे कुमकुम को गोल्ड मेडल मिल गया। कुमकुम एशियाई गेम्स में महिलाओं के रिकर्व व्यक्तिगत इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बन गई हैं। इस जीत के साथ ही कुमकुम का शानदार अभियान पूरा हुआ, उन्होंने टीम इवेंट्स में भारत की सफलता में भी अहम भूमिका निभाई। कुमकुम ने टूर्नामेंट का समापन दो गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल के साथ किया और इन खेलों में भारत की सबसे बड़ी स्टार्स में से एक बनकर उभरीं। 10 मार्च 2009 को जन्मीं कुमकुम मोहोद ने 2025 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। तब से, उन्होंने आर्चरी वर्ल्ड कप के चरणों और कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# भारत ने वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना किया भविष्य के लिए राजकोषीय मजबूती महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 12 वर्ष में बढाई गयी ताकत से हाल के वैश्विक संकटों का सधे तरीके से सामना करने तथा आम लोगों के कल्याण और उद्योग-व्यवसाय की हिफाजत करने में सफल रही है और उच्च वृद्धि की राह पर बनी हुई है। श्रीमती सीतारमण ने आने वाले समय में भी मजबूती बनाये रखने के लिए खास कर महत्वपूर्ण खनिजों सहित रणनीतिक संसाधनों तथा सुरक्षा की दृष्टि से जुड़े क्षेत्रों में रणनीतिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। वित्त मंत्री राजधानी में पांचवें कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित कर रही थीं। तीन दिन के सम्मेलन का विषय %तीव्र परिवर्तनों के युग में लचीलापन है और इसमें 30 देशों के नीति निर्माता और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में उद्घाटन भाषण उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दिया।

वित्त मंत्री ने कहा, अनिश्चितता अब वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थायी वास्तविकता है और नीतियों का निर्माण इसी को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। हमें आगे बढ़ते हुए लगातार लचीलापन विकसित करते रहना होगा। यह एक बार किया जाने वाला प्रयास नहीं है। वित्तमंत्री ने कहा , भारत के लिए लचीलेपन (दृढ शक्ति) का अर्थ पिछले एक दशक में निर्मित संरचनात्मक आधारों को और मजबूत करके आर्थिक विकास की गति को तेज करना और उसे व्यापक बनाना है। उन्होंने कौटिल्य के सिद्धांत-कोषपूर्वा: सर्वारम्भा: -का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ है सभी कार्यों की शुरुआत और सफलता सबसे पहले राजकोष पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि विकास संबंधी प्रतिबद्धताएं मजबूत और विश्वसनीय सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों पर निर्भर करती हैं, जो उन्हें समर्थन देते हैं। आने वाले वर्षों की परीक्षा भी आंशिक रूप से अदृश्य होगी-वे ऐसे झटके होंगे, जिन्हें भारत परिवारों और उद्यमों की गतिविधियों में व्यवधान पैदा किए बिना सहन कर सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत पिछले चार साल से युक्रेन-रूस युद्ध, आपूर्ति श्रृंखलाओं पर प्रभाव के कारण ईंधन और संसाधनों की कीमतों में तेजी, डॉलर में उछाल तथा ईरान की लड़ाई से होर्मूज जलडमरू मध्य मार्ग में व्यवधान जैसे संकटों के बीच उल्लेखनीय रूप से मजबूत होकर उभरा है, और -- भारत की आर्थिक बुनियाद न केवल मजबूत बनी हुई है, अर्थव्यवस्था का आधार और मजबूत हो रहा है।

## किसान विकास पत्र स्कीम में 7.5 प्रतिशत ब्याज

**नई दिल्ली।** अगर आप इन दिनों कहीं निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो पोस्ट ऑफिस की किसान विकास पत्र स्कीम के बारे में जान लेना चाहिए। किसान विकास पत्र भारत सरकार की स्मॉल सेविंग स्कीम है। ये एक तरह की फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम यानी एफडी ही है। इसमें आपको कम से कम ढाई साल यानी 30 महीने के लिए निवेश करना होता है। इसमें ढाई साल का लॉक इन पीरियड रखा गया है। यानी आप इतने साल तक इस स्कीम से पैसा नहीं निकाल सकते। इस योजना में निवेश की गई राशि निश्चित टाइम लिमिट में दोगुनी हो जाती है। अभी इस स्कीम की मैच्योरिटी पीरियड 115 महीने (करीब 9 साल 7 महीने) है। यह अवधि ब्याज दर के अनुसार समय-समय पर बदल सकती है। इसमें निवेश की न्यूनतम राशि 1,000 रुपए है और इसकी कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। केवीपी पर ब्याज दर सरकार हर तिमाही में तय करती है। अभी 7.5 प्रतिशत सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिल रहा है।

# रसोई गैस की खपत में नौ प्रतिशत की गिरावट

## पेट्रोल-डीजल की मांग सितंबर में बढ़ी



**नयी दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में गत सितंबर महीने में वृद्धि देखी गई जबकि पीएनजी को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के कारण रसोई गैस (एलपीजी) की मांग में गिरावट जारी रही। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में पेट्रोल की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 7.21 प्रतिशत बढ़कर 36.44 लाख टन पर पहुंच गई। देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले डीजल की मांग 4.86 प्रतिशत बढ़कर 71.16 लाख टन रही। इसके उलट, एलपीजी की खपत में सालाना आधार पर 9.15 फीसदी की गिरावट देखी गई। यह 26.36 लाख टन रही। पिछले साल सितंबर में यह आंकड़ा 29.02 लाख टन था।

रसोई गैस की मांग में यह गिरावट पश्चिम एशिया संकट के बाद सरकार द्वारा एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा देने के प्रयासों का नतीजा है। इसमें कुछ योगदान वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी का भी है जिसके बाद बड़े पैमाने पर ऐसे उपभोक्ताओं ने इंडक्शन जैसे वैकल्पिक साधनों को अपनाया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से देश में आयातित एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। इसे देखते हुए सरकार ने पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए। सिटी गैस वितरण कंपनियों को इसके लिए प्रोत्साहन दिए गए हैं। इससे देश में न सिर्फ एलपीजी की खपत नहीं बढ़ी है बल्कि इसमें कमी भी आई है। विमान ईंधन की मांग भी मामूली कम रही। इसका एक प्रमुख कारण विमान सेवा कंपनियों द्वारा उड़ानों की संख्या में कटौती रहा। विमान ईंधन की खपत पिछले महीने 7.20 लाख टन रही। यह एक साल पहले के मुकाबले 0.06 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में अप्रैल से सितंबर तक पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 226.73 लाख टन पर पहुंच गई। इस अवधि में डीजल की मांग 4.85 प्रतिशत बढ़ी और 478.91 लाख टन हो गई।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत आखिरी दौर में: जेमिसन ग्रीर

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने गुरुवार को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अब आखिरी चरण में है, हालांकि अभी तुरंत किसी समझौते की उम्मीद नहीं है। अमेरिका के मिल्वौकी में जी20 देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद श्री ग्रीर ने स्पष्ट किया कि दोनों पक्ष कुछ बचे हुए मुद्दों को सुलझाने पर काम कर रहे हैं। वार्ताकारों ने असहमति वाले मुद्दों को कम करने में सफलता प्राप्त की है और बाकी बचे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत खत्म होने के करीब है, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि तुरंत समझौते की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ग्रीर ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही फिर से बातचीत कर सकते हैं ताकि बातचीत की स्थिति और उनकी टीमों द्वारा की गयी प्रगति का जायजा लिया जा सके। इससे पहले, जी20 बैठक में शामिल होने अमेरिका गए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी प्रस्तावित व्यापार समझौते को लगभग पूरा बताया था। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया था कि समझौते को अंतिम रूप देने से पहले भारत अन्य निर्यातक देशों की तुलना में प्रतिस्पर्धी आयात शुल्क की स्थिति चाहता है।

# नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 महंगा

## राजधानी में एक लीटर पेट्रोल 120 और डीजल 103 का हुआ

**नई दिल्ली।** तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू की गई है. नायरा एनर्जी के देशभर में 7,108 पेट्रोल पंप हैं। नायरा एनर्जी गुजरात के वाडीनार में हर साल करीब 2 करोड़ टन क्षमता वाली रिफाइनरी संचालित करती है। अमेरिका-ईरान में युद्ध छिड़ने के बाद कच्चे तेल कीमत बढ़ने पर इस साल सबसे पहले नायरा एनर्जी ने ही पेट्रोल और डीजल के रेट में इजाफा किया था।




26 मार्च को नायरा ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इसके बाद कंपनी के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की कीमत 100.71 रुपये और डीजल की कीमत 91.31 रुपये प्रति लीटर हो गई थी। नायरा एनर्जी के बाद ही सरकारी स्वामित्व वाली तेल विपणन कंपनियों ने मई, 2026 में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू की थी। नायरा एनर्जी ने बाद में मार्च में की गई बढ़ोतरी वापस ले ली थी। 1 जुलाई को कंपनी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी। सरकारी स्वामित्व वाली तेल विपणन कंपनियां, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन देश के कुल 1,04,137 पेट्रोल पंपों में से 90 प्रतिशत से अधिक पंपों का संचालन करती है। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद इन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा है।

## खाद्य तेलों में के दामों में उतार-चढ़ाव का रुख



**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के दाम बढ़ गये। गेहूं में नरमी रही जबकि चीन की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देख गया। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 5,101 रुपये प्रति क्विंटल पर गत दिवस स्तर के आसपास ही रही। वहीं, गुड़ की कीमत 30 रुपये घटकर 5,917 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत तीन पैसे बढ़कर 55.32 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 44 रुपये बढ़कर 4,153 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,887 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 28 रुपये और मूंग दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल मंहगी हुई। वहीं, तुअर दार 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये टूट गयी। मसूर दाल की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। स्थानीय बाजार में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 59 रुपये और वनस्पति की 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सोया तेल 37 रुपये और पाम ऑयल 12 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 48 रुपये और सरसों तेल की सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

# पशुधन और दुग्ध उत्पादन से आएगी गौपालकों के घरों में समृद्धि: केंद्रीय मंत्री अमित शाह

### केंद्रीय मंत्री ने राज्यस्तरीय गौपालक सम्मेलन में 100 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन एवं लोकार्पण



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पशुधन (लाईव स्टॉक) और दुग्ध उत्पादन देश के किसानों और गौवंश पालकों की समृद्धि का प्रमुख आधार है। पशुधन जितना होगा, उतनी ही होगी समृद्धि। देश के किसानों और पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि ही हमारा लक्ष्य है। पशुधन से दुग्ध उत्पादन और दुग्ध उत्पादन से ही गौपालकों के घर समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों और पशुपालकों की आय का बड़ा जरिया है। केंद्र सरकार देश में दुग्ध उत्पादन तेजी से बढ़ाने के लिए पशुपालकों को कई प्रकार की सहायता भी उपलब्ध करा रही है।

सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि भोपाल में हुआ यह विशाल गौपालक सम्मेलन मध्यप्रदेश में हो रही श्वेत क्रांति का एक शुभ संकेत है। सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं एक गौपालक हैं, उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश पूरे देश में दुग्धोत्पादन क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश के सभी गौपालकों से मप्र में प्रतिदिन 50 लाख लीटर दूध उत्पादन का बड़ा लक्ष्य लेकर चलने की अपील करते हुए कहा कि सब मिल-जुलकर एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी यह लक्ष्य हासिल होगा। मंत्री श्री शाह शनिवार को भेल दशहरा मैदान में आयोजित विशाल राज्य स्तरीय गौ-पालक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### प्रदेश को दीं कई सौगातें

सहकार से समृद्धि की थीम पर केंद्रित राज्य स्तरीय सम्मेलन में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री शाह ने उज्जैन में 255 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का डिजिटल भूमि-पूजन किया। उन्होंने भोपाल में 16.50 करोड़ रुपये की लागत से नव निर्मित 40 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट, भोपाल में ही 12.42 करोड़ रुपये से नव निर्मित राज्य स्तरीय केंद्रीय गुणवत्ता प्रयोगशाला तथा शिवपुरी जिले में 6.50 करोड़ रुपये की लागत से मिनी डेयरी प्लांट के सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया। केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन में भोपाल एवं इंदौर दुग्ध संघों से जुड़े पशुपालक सदस्यों को 15.10 करोड़ रुपये की लाभांश (बोनस) राशि तथा प्रदेश की गौशालाओं को गौवंश के संरक्षण एवं आहार आदि के लिए 88 करोड़ रुपये की सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने मंच से 5 गौपालक दीदियों और सर्वश्रेष्ठ दुग्ध उत्पादन करने वाली समिति के सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही 2 पशुपालकों को राज्य सरकार की डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति आशय-पत्र भी प्रदान किए।

### कृभको एवं म.प्र. बॉयोडायवर्सिटी बोर्ड के मध्य एमओयू

भोपाल में मोरवन प्रोजेक्ट के तहत नगर वन विकसित करने कृभको एवं म.प्र. बॉयोडायवर्सिटी बोर्ड के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर परस्पर आदान-प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य भोपाल में हरित क्षेत्र का विस्तार करने के साथ जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और नागरिकों के लिए बेहतर प्राकृतिक वातावरण विकसित करना है। नगर वन के विकास से स्थानीय जैव विविधता को संरक्षण मिलेगा तथा शहर में हरित आवरण को बढ़ावा मिलेगा। सम्मेलन में मप्र में वर्तमान में मनाये जा रहे कृषक कल्याण वर्ष 2026 (बलराम कृषि महोत्सव) पर केंद्रित लघु फिल्म तथा मप्र में दुग्ध क्रांति का सूत्रपात विषयक एक आकर्षक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### देश को नक्शलवाद से मिली निजात

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि देश को नक्सलवाद की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल गई है। अब बारी पूरे देश को नशामुक्त बनाने की है। भारत को वर्ष 2029 के अंत तक नशामुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। मंत्री श्री शाह ने नागरिकों से मध्यप्रदेश को 31 दिसम्बर 2029 तक पूर्णतः नशामुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने और इस दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि नशामुक्ति के लिए सभी संभव योजनाएं तैयार की जाएंगी। इससे देश-प्रदेश के युवाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने मध्यप्रदेश में करीब 50 एकड़ भूमि में गौवंश एवं भैंसों की नस्ल सुधार का काम प्रारंभ करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कारगर उपायों से ही मप्र अगले तीन साल में 50 लाख लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन का लक्ष्य हासिल करेगा।

# प्रदेश पर 6 लाख करोड़ का कर्ज, हर नागरिक पर 80,000 की देनदारी: जीतू पटवारी

**गृह मंत्री अमित शाह सरकार के वित्तीय संकट और फिजूलखर्ची पर जवाब मांगें**



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भोपाल प्रवास के अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति, अनियंत्रित उधारी और प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर कड़े सवाल खड़े किए हैं। श्री पटवारी ने कहा कि गृह मंत्री को मध्यप्रदेश आगमन पर केवल दलगत व चुनावी बैठकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि केंद्र के वरिष्ठ मंत्री के नाते प्रदेश के वित्तीय प्रबंधन, बढ़ते कर्ज और जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों पर भी राज्य सरकार की जवाबदेही तय करनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश पर बकाया देनदारियां तेजी से बढ़कर लगभग 6 लाख करोड़ (अनुमानित 5.44 से ?6.01 लाख करोड़) के स्तर पर पहुंच चुकी हैं, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 32.5 प्रतिशत के चिंताजनक स्तर तक है। इसका सीधा अर्थ यह है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक आज लगभग 80,000 के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। श्री पटवारी ने कहा कि सरकार लगातार उधारी पर निर्भर होती जा रही है। अकेले सितंबर माह में ही सरकार ने बाजार से तीन चरणों में 7,600 करोड़ (1 सितंबर को 3,600 करोड़, 16 सितंबर को 2,500 करोड़ और हाल ही में 1,500 करोड़) का नया कर्ज उठाया है। वर्ष 2026-27 के बजट में राज्य सरकार ने 1,06,190 करोड़ की उधारी का अनुमान रखा है, जबकि राजकोषीय घाटा 71,458 करोड़ अनुमानित है।

### खर्च की प्राथमिकताओं पर तीखा प्रहार

श्री पटवारी ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश का किसान फसल के वाजिब दाम, युवा रोजगार और आम जनता बेहतर अस्पतालों व स्कूलों की मांग कर रही है, तब सरकार वीवीआईपी सुविधाओं पर करोड़ों रुपये बहा रही है। सरकार द्वारा 233 करोड़ से अधिक लागत के अत्याधुनिक जेट विमान और करीब 225 करोड़ के नए हेलीकॉप्टर की खरीद को आगे बढ़ाना यह दर्शाता है कि वित्तीय संकट के दौर में भी सरकार की प्राथमिकताएं जनहित नहीं, बल्कि दिखावा और ऐशो-आराम हैं।

### कैग रिपोर्ट और वित्तीय अनुशासनहीनता

उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश में 22,049 करोड़ की राशि से संबंधित 19,897 उपयोगिता प्रमाण-पत्र लंबित पाए गए हैं।

# स्व. ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति पुरस्कार न्यास का आयोजन

### मेधावी विद्यार्थियों और सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का हुआ सम्मान




**दमोह (स्वतंत्र मत)।** 37वॉं ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति कार्यक्रम समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि हिंदी सेविका एवं निदेशक स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केन्द्र हनोई वियतनाम डॉ. श्रीमती मोनिका शर्मा थी। अध्यक्षता डॉ. केदार शिवहरे ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ गांधी जी, शास्त्री जी एवं ज्ञान साहब के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के द्वारा किये गया। गीत प्राची वर्मा व नरेन्द्र अरजरिया ने प्रस्तुत किया। स्व. ज्ञान साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए समाजसेवी विवेक शेंडये ने कहा कि वे बहुआयामी और प्रखर व्यक्तित्व थे उनका स्मरण श्रद्धा से भर देता है वे विलक्षण शख्स थे मुख्य अतिथि के सम्मान पत्र का वाचन अनुनय श्रीवास्तव ने किया। बाद में समिति की ओर से मुख्य अतिथि डॉ. मोनिका का शाल श्रीफल व स्मृति चिंह से भावपूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. कमल चौरसिया, डॉ. एनपी नायक, डॉ. सविता जैन, डॉ. पवन कुमार, डॉ रेखा जैन एवं डॉ. अनिल जैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदुषी डॉ. मोनिका शर्मा ने कहा कि इतने पवित्र परम्परा वाले कार्यक्रम में आना मेरा सौभाग्य है, में वियतनाम मे भारत की बेटी के रूप में आपका प्रतिनिधित्व करती हूं इसका मुझे गर्व है ।

# गौवंश काटे जाने के विरोध में हिंदू संगठनों में आक्रोश

### कलेक्टर के आश्वासन के बाद हुआ धरना प्रदर्शन समाप्त



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नूरी नगर में शनिवार सुबह गौवंश के अवशेष मिलने के बाद दमोह शहर में हिंदूवादी संगठनों और गौ भक्तों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए दमोह शहर का बाजार बंद कराया। आक्रोशित युवा पुराना थाना क्षेत्र तक पहुंच गए और धरना प्रदर्शन किया। पुलिस के समझाने के बाद भी जब बात नहीं बनी तब कलेक्टर प्रताप नारायण यादव भीड़ के बीच पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया तब धरना समाप्त हुआ। घटना के संबंध में बताया गया है कि शनिवार सुबह बजरिया 7 कसाई मंडी में गौवंश के अवशेष मिलने की जानकारी हिंदू संगठनों और गौ भक्तों को हुई। इसके बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की भागवत आचार्य रसराज महाराज ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे हिंदू समाज को एकजुट होकर एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि दमोह जैसे धार्मिक और सनातनी शहर में बार-बार गौहत्या की घटनाएं होना बेहद दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने सरकार से गौहत्या पर रोक लगाने, बूचड़खानों और ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की धरती संतों और गौ माता की धरती है। ऐसी पवित्र भूमि पर इस तरह की घटनाएं होना पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय खत्री ने बताया कि सीताबावरी क्षेत्र में पूर्व में जहां गौहत्या की गई थी, उससे करीब 200 मीटर दूर एक खुले मैदान में गौहत्या की सूचना मिली। मौके पर एक गाय को बचा लिया गया, जबकि एक गर्भवती गाय के अवशेष और उसके बच्चे का शव मिला।

### आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

प्रदर्शनकारियों ने कहा की आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई न होने के कारण ही बार.बार इस तरह की घटनाएं हो रही है। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि गाय काटने की घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र के जरिए तीन संदिग्धों की पहचान की है और एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। घटना में इस्तेमाल नीले रंग के ऑटो की भी जानकारी मिली है। सीएसपी के अनुसार मामले में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं से हो रहा सर्वांगीण विकास: मलैया

### दमोह में संपन्न हुआ मुख्यमंत्री जनसेवा एवं सेवा सेतु शिविर, मौके पर हितग्राहियो को हितलाभ वितरित किए गये



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन द्वारा नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं सीधे उनके गाँव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत आज शनिवार को विकासखंड दमोह के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित शिविर में सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियो को हितलाभ भी प्रदान किए गये। यह अभियान प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान का महत्वपूर्ण घटक है। अभियान के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को मौके पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। अभियान में विशेष रूप से कृषकों, ग्रामीणजनों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचित एवं कमजोर वर्गों को योजनाओं एवं लोक सेवाओं का लाभ दिलाने पर जोर रहेगा। साथ ही नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर निराकरण तथा आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सेवा सेतु अभियान को जन विश्वास अभियान से भी संबद्ध किया गया है जिसका उद्देश्य सुशासनए पारदर्शिता एवं प्रशासनिक जवाबदेही के माध्यम से शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु स्थापित करना है।मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि एक ही मंच पर सभी विभाग एक साथ बैठकर हितग्राहियों की समस्याओं, शिकायतों और आवेदनों का निराकरण करें ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े।




## सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जनपद सभागार भवन जबेरा में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वारश् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल हुए। इस दौरान शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार आशुतोष तिवारी, नायब तहसीलदार अटल वर्मा, परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया, बीएमओ डॉ. राहुल जैन उपस्थित थे।

## पितृपक्ष में समाधि स्थल पर भक्तों ने किया पुण्य स्मरण

**हटा (स्वतंत्र मत)।** पितृपक्ष के अवसर पर शनिवार को संत श्रीरामकृष्ण जोशी महाराज के भक्तों द्वारा हटा स्थित समाधि स्थल एवं मुक्तिधाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में भक्तों ने श्रद्धाभाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया और संत जोशी महाराज का पुण्य स्मरण किया। भक्तों के अनुसार रामकृष्ण जोशी महाराज की प्रेरणा से करीब 25 वर्षों से कन्या भोज की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान लगभग 500 कन्याओं को कन्या भोज कराया जाता रहा है। इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पितृपक्ष में उनकी तिथि के अवसर पर हटा के मुक्तिधाम स्थित समाधि स्थल पर पहली बार सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।




## स्वच्छता अभियान के साथ लिया स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली का संकल्प

**दमोह (स्वतंत्र मत)।**

स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ सफाई की और स्वच्छता की शपथ ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने घरए कार्यस्थल और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर प्रयास करना चाहिए। स्वच्छता के लिए किया गया हर छोटा प्रयास स्वस्थ समाज की दिशा में बड़ा कदम है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। स्वच्छ परिवेश के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी जरूरी है। उन्होंने पानए बीड़ी, गुटखा एवं तंबाकू जैसी हानिकारक आदतों का त्याग करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन से बचने एवं सकारात्मक आदतों को अपनाना भी स्वच्छता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने नवीन न्याय संहिताओं पर केंद्रित भव्य प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

### मुख्ययमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में न्याय संहिताओं के क्रियान्वयन के लिए हो रही पहल से कराया अवगत

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का भेल दशहरा मैदान पर शुभारंभ कर प्रदर्शनी के विभिन्न ज़ोन का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में भारतीय न्याय व्यवस्था में हुए महत्वपूर्ण बदलावों, नवीन न्याय संहिताओं के प्रावधानों तथा अपराध की सूचना प्राप्त होने से लेकर विवेचना, फॉरेंसिक जाँच, अभियोजन, न्यायालयीन कार्यवाही और अंतिम न्याय तक की संपूर्ण प्रक्रिया को 14 अलग-अलग ज़ोन में सजीव मॉडल, डिजिटल तकनीक, वीडियो, चार्ट एवं लाइव प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सात अक्टूबर तक चलने वाली यह पांच दिवसीय प्रदर्शनी, नवीन न्याय संहिताओं के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है। मुख्यकमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह को प्रदेश में नवीन न्यामय संहिताओं के क्रियान्वयन की दिशा में संचालित गतिविधियों, सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता, मध्यवप्रदेश पुलिस के सामाजिक अभियानों और नवाचारों से अवगत कराया। उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं अध्यमक्ष हेमंत खंडेलवाल, अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना उपस्थित थे।

### डायल-112 की कार्यप्रणाली का किया गया सजीव प्रदर्शन

प्रदर्शनी का जोन एक नवीन न्याय संहिताओं के परिचय पर केंद्रित है। भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम , 2023 के प्रमुख प्रावधानों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई है। आपातकालीन सेवाओं एवं कंट्रोल रूम पर केंद्रित जोन दो में एक देश, एक आपातकालीन नंबर की अवधारणा के अंतर्गत डायल-112 प्रणाली के एकीकरण तथा आधुनिक स्टेट कमांड सेंटर की तकनीकी क्षमताओं का सजीव प्रदर्शन किया गया है। जोन-4 थाना प्रणाली एवं प्रारंभिक जाँच पर केंद्रित है। इसमें पुलिस थाने के मॉडल के माध्यम से विवेचना के प्रारंभिक चरण, ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर आदि से संबंधित सेवाओं और प्रक्रियाओं की जानकारी इस जोन में दी गई है।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती बबीता ठाकुर पति स्व. श्री एस. के. ठाकुर निवासी - म.नं. ए/19, राज नगर, साई वाटिका, देवपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, हाल मुकाम जबलपुर म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर आम जनमानस को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति मौजा चावनपुर, नं बं 305, प.ह.नं. 28, तहसील आधारताल व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 166/170, 173, 174, 175, 176 का हिस्सा प्लाट नं. 51 एवं प्लाट नं. 52 ब्लॉक नं. 02 का कुल विक्रय रकवा 911 वर्गफुट 84.66 वर्गमीटर जिसके तल मंजिल निर्मित रकवा 710 वर्गफुट आवासीय उपयोग का मकान का क्रय स्वामी श्री प्रकाश रॉय पिता श्री एम.आर रॉय निवासी मकान नं. 744, दुर्गा कॉलोनी गढ़ा वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) वालो से संपत्ति क्रय करने का तय किया गया है जिसका निकट भविष्य में विक्रय पत्र का निष्पादन होना तय है, अतः मेरे पक्षकार की ओर से आम जनमानस, संस्था, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के क्रय-विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के 07 दिवस के अंदर उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावे। नियत समायवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय
कृष्ण कुमार सेन (एडवोकेट)
मो.नं. 8966033458- 9340769825



**छात्रों से किया संवाद, अधिकारियों को दिए निर्देश**

## प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने किया शालाओं का निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल ने शनिवार को जिले के शहपुरा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल पावला, शासकीय हाई स्कूल सुंदरादेही, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमान का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से संवाद किया। निरीक्षण में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। संवाद के दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से उनकी पढ़ाई लिखाई, पाठ्यक्रम, भविष्य की तैयारी के संबंध में चर्चा की। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों, शाला प्राचार्यों एवं शिक्षकों से छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सैकड़ों नागरिकों ने कराया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**

## सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा और सुशासन की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित एक माह के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर की चारों विधानसभाओं में आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, आदि उपस्थित रहे।





# एक अंक से अनुत्तीर्ण एमबीबीएस छात्र ने मांगा ग्रेस मार्क्स, हाईकोर्ट ने किया इनकार

## राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के नियमों का हवाला देकर खारिज की याचिका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा में शरीर रचना विज्ञान विषय में एक अंक से अनुत्तीर्ण छात्र को अनुग्रह अंक देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की युगलपीठ ने ग्वालियर के गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र राम नरेश कुशवाहा की याचिका निरस्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के नियमों में अनुग्रह अंक (ग्रेस मार्क्स) देने का कोई प्रविधान नहीं है। ऐसे में विश्वविद्यालय को नियमों के विपरीत छात्र को एक अंक देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।



### एनएमसी नियमों में ग्रेस मार्क्स का प्रावधान नहीं

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की गाइडलाइंस में मेडिकल परीक्षा में ग्रेस मार्क्स देने का प्रावधान नहीं है। ऐसे में विश्वविद्यालय को छात्र को एक अंक ग्रेस देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। छात्र ने मध्यप्रदेश यूनिवर्सिटीज ऑर्डिनेंस के क्लॉज 32 का हवाला देते हुए कहा था कि विश्वविद्यालय के कुलपति उसे एक ग्रेस मार्क दे सकते हैं। उसका तर्क था कि एक अंक मिलने से वह 33 अंक हासिल कर लेगा और पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने से बच जाएगा। छात्र ने अपनी मांग के समर्थन में भोपाल के एक अन्य मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर की राय भी पेश की थी, जिसमें एक अंक देने की सिफारिश की गई थी।

### दूसरे कॉलेज के प्रोफेसर की राय भी आधार नहीं

मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि किसी अन्य मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर की व्यक्तिगत राय के आधार पर ग्रेस मार्क्स देने का आदेश नहीं दिया जा सकता। अदालत ने माना कि एक अंक की कमी और शैक्षणिक वर्ष बचाने की दलील अपने आप में ग्रेस मार्क देने का कानूनी आधार नहीं है। छात्र ने मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर को पक्षकार बनाते हुए याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की ओर से अधिवक्ता नीरज सिंह चौहान ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि जब एनएमसी की गाइडलाइंस में ग्रेस मार्क्स की अनुमति नहीं है, तो विश्वविद्यालय को ऐसा करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। इसी आधार पर डिवीजन बेंच ने याचिका को सारहीन मानते हुए खारिज कर दिया।

# जबलपुर के युवा कृषक का मॉडल देख केंद्रीय गृह मंत्री ने की सराहना

### राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में युवा कृषक तन्मय दास ने दिखाया समन्वित कृषि का जीवंत मॉडल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भोपाल के दशहरा मैदान शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में जबलपुर के युवा कृषक तन्मय दास के समन्वित कृषि (इंटीग्रेटेड फार्मिंग) मॉडल को जमकर सराहा गया। राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में किसान कल्याण वर्ष 2026 पर केंद्रित विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। प्रदर्शनी में जबलपुर के युवा कृषक तन्मय दास द्वारा प्रदर्शित समन्वित कृषि का जीवंत मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान युवा तन्मय दास के मॉडल को भी देखा।

**ग्राम लम्हेटा में जैविक पद्धति से कर रहे किसानी:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने तन्मय के कृषि में इस नवाचार की तारीफ की। ज्ञात हो कि विजयनगर जबलपुर निवासी 21 वर्षीय तन्मय दास करीब तीन वर्ष से पाटन विकासखण्ड के ग्राम लम्हेटा में अपनी साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि पर जैविक पद्धति से गेहूं और धान की फसल लेने के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन एवं बत्तख पालन भी कर रहे हैं। तन्मय ने इसी वर्ष जबलपुर इंजिनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है।

# भारी गंदगी के बीच हो रहे अंतिम संस्कार, सांस लेना तक हुआ दूभर

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नगर के प्रसिद्ध बाबाताल शिव मंदिर के सामने स्थित मुक्ति धाम इन दिनों बदहाली और गंदगी का शिकार है। मुक्ति धाम परिसर में जगह-जगह कचरा और गंदगी फैली हुई है। वहीं आसपास बसे मोहल्ले के लोगों द्वारा खुले में शौच किए जाने से पूरा परिसर गंदगी से भर गया है। मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को गंदगी और दुर्गंध के बीच से गुजरना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि शवों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में शामिल होने वाले लोगों को बदबू के कारण सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। जिस स्थान पर लोग अपने परिजनों को अंतिम विदाई देने पहुंचते हैं, वहां स्वच्छता और मूलभूत व्यवस्थाओं का अभाव लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। मुक्ति धाम जैसे संवेदनशील स्थान पर नियमित साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और स्वच्छता की व्यवस्था होना जरूरी है। लेकिन यहां सफाई व्यवस्था चौपट होने के कारण लोगों को गंदगी के बीच ही अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करनी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नियमित सफाई नहीं कराए जाने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।



# सीखें, साझा करें और साथ बढ़ें थीम पर छात्र विनिमय कार्यक्रम का आयोजन

### जिनसार द्वारा आयोजित छात्र विनिमय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सीखा टीकाकरण एवं रक्त नमूना संग्रहण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेस एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा सेंट एलॉयसियस कॉलेज के सहयोग से सीखें, साझा करें और साथ बढ़ें थीम पर छात्र विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक संवाद, ज्ञान-विनिमय एवं व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में सेंट एलॉयसियस कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी एवं बॉटनी विभाग के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिनसार के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को टीकाकरण एवं रक्त नमूना संग्रहण विषय पर विस्तृत शैक्षणिक सत्र दिया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में महाविद्यालय के शिक्षक-प्रियंका गायगोले, भानुप्रिया रजक, शुभांगी केवट एवं मोहम्मद अलीम खान-की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जिनसार का कॉलेज विजिट एवं ओरिएंटेशन कराया गया, जिसमें उन्हें संस्थान की शैक्षणिक सुविधाओं, प्रयोगशालाओं एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकुल खम्परिया, अध्यक्ष; प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी, प्राचार्य; एवं प्रो. डॉ. अनूप तिवारी, विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, जिनसार के मार्गदर्शन में किया गया। जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेस एंड रिसर्च डॉ. फादर जे. बेन एंटोन रोज, प्राचार्य, सेंट एलॉयसियस कॉलेज के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता है, जिनके बहुमूल्य सहयोग, समर्थन एवं सहभागिता से यह छात्र विनिमय कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सका। कार्यक्रम का समापन ज्ञान साझा करने, व्यावहारिक कौशल विकसित करने और सहयोगात्मक अधिगम की भावना के साथ हुआ।



# विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही सांदीपनि विद्यालयों का उद्देश्य

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी द्वारा मंडला जिले के शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बिछिया में विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, जल संरक्षण तथा विद्यालय के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त संचालक श्री सोनी ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इन विद्यालयों को उत्कृष्ट एवं आदर्श शैक्षणिक संस्थाओं के रूप में विकसित करने के लिए प्राचार्य एवं शिक्षक पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ कार्य करें।



**गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता:** श्री सोनी ने निर्देशित किया कि विद्यालय में नियमित एवं प्रभावी अध्यापन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति का सतत मूल्यांकन करते हुए जिन विद्यार्थियों को किसी विषय में कठिनाई हो रही है, उनके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त अभ्यास एवं विशेष शिक्षण की व्यवस्था की जाए। इस दौरान बैठक में संभागीय व्यावसायिक समन्वयक मनोज काशिव ,संस्था प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों के सटीक निदान पर शुरू हुआ मंथन

### एनएससीबी मेडिकल कॉलेज में एमपी माइक्रोकॉन 2026 का हुआ भव्य उद्घाटन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एनएससीबी मेडिकल कॉलेज में आयोजित एमपी माइक्रोकॉन 2026 के दूसरे दिन सम्मेलन का औपचारिक एवं भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में पूर्व अधिष्ठाता डॉ. रूपलेखा चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। डॉ. रूपलेखा चौहान ने चिकित्सा अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों को स्वास्थ्य सेवाओं में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में डीन प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना, आयोजन अध्यक्ष डॉ. रीति जैन सेठ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित अधीक्षक डॉ अरविन्द शर्मा ने भी अपनी शुभकामनायें दी। एसोसियेशन ऑफ़ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स द्वारा ग्वालियर की डॉ. सविता भरत जैन को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रुति असाटी ने किया।

**देशभर से आए डॉक्टर्स ने लिया हिस्सा:** उद्घाटन के पश्चात डॉ कुमकुम मदोरिया ने आभार व्यक्त किया। इसके बाद प्रेसिडेंशियल की-नोट एड्रेस और विभिन्न वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए। जिनमे निथर जबलपुर निदेशक डॉ प्रवीण भारती, रायबरेली निदेशक डॉ अमिता जैन एवं दिल्ली से डॉ एकता गुप्ता, रायपुर से डॉ अनुदिता भार्गव डॉ अर्चना केचे, पुणे से डॉ वी राज लक्ष्मी, मेदंता लखनऊ से डॉ भावना जैन अदि के व्याख्यान प्रमुख रहे। इस दौरान देशभर से आए प्रतिनिधियों द्वारा ओरल एवं पोस्टर शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। संध्या काल में प्रतिनिधियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बैंक्वेट आयोजित किया गया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. रीति जैन सेठ ने बताया कि जबलपुर सहित महाकौशल क्षेत्र में टीबी, फंगल, बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों के सटीक निदान के लिए एडवांस माइक्रोबायोलॉजी की भूमिका अहम है। कार्यक्रम में डॉ ममता, डॉ सीमा एवं सभी समिति सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रो. आरके तिवारी का निधन



**जबलपुर।** जीवाजी विश्व विद्यालय के फिजिक्स के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं विभागाध्य आर.के.तिवारी का आज प्रात: 10.30 बजे जबलपुर में निधन हो गया। वह डॉ. साधना पाण्डेय तिवारी पूर्व प्राध्यापक केआरजी कॉलेज ग्वालियर के पति, इंजी. श्रेयश तिवारी के पिता, प्राचार्य डॉ. वंदना पाण्डेय दुबे, इंजी. विनय-अंजलि पाण्डेय के जीजाजी तथा सेवानिवृत वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रकाश दुबे के साढ़ू भाई थे। अंतिम यात्रा रविवार को विद्या सदन, 706 अग्रवाल कॉलोनी जबलपुर से प्रात: 10.30 बजे ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।





South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

RUBY MOVIE MAGIC
NATIONAL AWARD WINNER MULTIPLEX

| | |
|---|---|
| DRISHYAM THE CONCLUSION (HINDI) | 9:30 AM, 10:30 AM, 12:30 PM, 1:30 PM, 3:30 PM, 4:30 PM, 6:30 PM, 7:30 PM, 9:30 PM & 10:30 PM<br>RUBY 11:20 AM, 1:15 PM, 2:10 PM, 4:00 PM,<br>RUBY 4:55 PM, 6:45 PM, 7:40 PM, 9:35 PM |
| THE VVAAN (HINDI) | 10:10 AM, 1:00 PM & 10:00 PM |
| VERITY (ENG) (A-18+) | RUBY 8:50 AM & 11:00 AM |
| HANUMAN ANSH (HINDI) | 4:00 PM & 7:00 PM \| RUBY 10:25 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन पर

स्वागत...
वंदन...
अभिनंदन...

तेंदूपत्ता संग्राहकों को 36 करोड़ 17 लाख से अधिक का बोनस राशि वितरित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण-सह-जागरूकता एवं प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि बोनस वितरण समारोह में पधारे मुख्यमंत्री का स्वागत वंदन अभिनंदन



मुख्य अतिथि
मान. मोहन यादव जी,
मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
मान. श्री दिलीप जायसवाल जी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कुटीर एवं ग्रामोद्योग, प्रभारी मंत्री, मंडला

विशिष्ट अतिथि
मान. श्रीमति सम्पतियां उइके जी,
कैबिनेट मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मप्र शासन

विशिष्ट अतिथि
मान. श्री दिलीप अहिरवार जी,
राज्यमंत्री वन म.प्र.शासन

विशिष्ट अतिथि
मान. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते जी,
सांसद लोकसभा क्षेत्र मंडला,

निवेदक - वनमंडल अधिकारी कार्यालय पूर्व सामान्य वनमंडल मंडला
समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन सुरक्षा समिति एवं वन ग्राम समिति मंडला मप्र

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन पर

स्वागत...
वंदन...
अभिनंदन...

तेंदूपत्ता संग्राहकों को 36 करोड़ 17 लाख से अधिक का बोनस राशि वितरित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण-सह-जागरूकता एवं प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि बोनस वितरण समारोह में पधारे मुख्यमंत्री का स्वागत वंदन अभिनंदन



मुख्य अतिथि
मान. मोहन यादव जी,
मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
मान.श्री दिलीप जायसवाल जी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कुटीर एवं ग्रामोद्योग, प्रभारी मंत्री, मंडला

विशिष्ट अतिथि
मान. श्रीमति सम्पतियां उइके जी,
कैबिनेट मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मप्र शासन

विशिष्ट अतिथि
मान. श्री दिलीप अहिरवार जी,
राज्यमंत्री वन म.प्र.शासन

विशिष्ट अतिथि
मान. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते जी,
सांसद लोकसभा क्षेत्र मंडला,

निवेदक - वनमंडल अधिकारी कार्यालय पश्चिम सामान्य वनमंडल मंडला
समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन सुरक्षा समिति एवं वन ग्राम समिति मंडला मप्र


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.